✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



हाजीपुर में गंगा ब्रिज थाना के सामने संचालित सामुदायिक रसोई में बाढ़ प्रभावितों का हाल जानते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 104 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 8 सितम्बर 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# बिहार में बाढ़ का कहर जारी, 20 लोगों की मौत

## बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने के लिए वैशाली और सारण पहुंचे मुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बाढ़ का कहर जारी है। गंडक, कोसी, पुनपुन, दरधा, सोन बागमती और गंगा समेत कई नदियों के जलस्तर में वृद्धि होने से पटना, भोजपुर, बक्सर, वैशाली, सारण, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर, बांका, सहरसा, सुपौल के निचले इलाकों में बाढ़ आ गया है। घर, खेत, खलिहान सबकुछ जलमग्न हो चुका है। जल संसाधन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 13 जिलों के 74 प्रखंडों की 423 ग्राम पंचायतों में करीब 27.01 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। प्रभावित जिलों में पटना, भोजपुर, सारण, वैशाली, भागलपुर, बेगूसराय, बक्सर, समस्तीपुर, मुंगेर, कटिहार, लखीसराय, खगड़िया और अरवल शामिल हैं। करीब 70 से अधिक प्रखंडों के 20 लाख से अधिक लोग इस बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। बाढ़ के पानी में डूबने से 20 से अधिक लोगों की जान गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर रहे हैं। सोमवार को वह सोनपुर पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को चौबीसों घंटे निगरानी करने, राहत और बचाव कार्य चलाने समेत कई तरह के दिशा निर्देश दिए हैं। पटना में गंगा के साथ-साथ पुनपुन, दरधा और महत्माईन नदी उफान पर है। पटना के गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर रिकॉर्ड 50.57 मीटर पर पहुंच गया। 2016 के बाद पहली बार ऐसी स्थिति हुई है। 2016 में गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर 50.52 मीटर रिकॉर्ड किया गया था। दीघा घाट, एलसीटी घाट, कलेक्ट्रेट घाट, गांधी घाट, रानीघाट, महावीर घाट समेत सभी घाटों पर गंगा लबालब है। दीघा घाट पर मुक्तिधाम डूबने के कारण लोगों को सड़क किनारे दाह संस्कार करना पड़ रहा है। बांस घाट और गुलबी घाट पर यही स्थिति है। इधर, कंगनघाट पर एप्रोच रोड पर पानी घुस गया है। कंगनघाट के पास वाले गुरुद्वारा के इलाके में घुटने भर पानी है। पटना सिटी के 10 से अधिक मोहल्लों में बाढ़ का पानी घुसने से लोगों का हाल बेहाल है। वहीं पटना के दानापुर, पालीगंज, मनेर, मोकामा के कई पंचायत भी बाढ़ की चपेट में हैं। पुनपुन नदी किनारे के 17 से अधिक गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। पुनपुन नदी के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। पुनपुन इलाके की स्थिति भयावह हो गई है।



## दो से तीन दिनों में मिलेगी राहत : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को हाजीपुर पहुंचे। उन्होंने गंगा ब्रिज थाना के सामने स्थित बाढ़ राहत शिविर में बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री सुबह 11:22 बजे राहत शिविर पहुंचे और बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान बाढ़ में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने राहत शिविर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राहत कार्य, चिकित्सा सुविधाओं और पशु चारे की व्यवस्था की समीक्षा की। अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित लोगों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की स्थिति अभी चिंताजनक है, हालांकि पानी घट रहा है। गंगा के जलस्तर में करीब 17 से 18 सेंटीमीटर की कमी आयी है। अधिकारियों की ओर से लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि फरक्का में करीब 15 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। उम्मीद है कि अगले एक-दो दिनों में बाढ़ की स्थिति स्थिर होगी और लोगों को राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के समय लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि बाढ़ प्रभावित लोगों को कम से कम कठिनाइयों का सामना करना पड़े। राहत और बचाव के लिए सरकार की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री सह बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। नई दिल्ली में उनके मंत्रालय के पते पर डाक के माध्यम से धमकी भरा पत्र भेजे जाने की जानकारी सामने आने के बाद बेगूसराय नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब पत्र भेजने वाले की पहचान और धमकी के पीछे के उद्देश्य का पता लगाने में जुटी है।

### बिजली करंट से पिता-पुत्र की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में बाढ़ के बीच बिजली के करंट ने एक ही परिवार के दो सदस्यों की जान ले ली। मवेशियों के लिए चारा लाने निकले पिता-पुत्र बाढ़ के पानी में गिरे बिजली तार की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बिजली विभाग और प्रशासन के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। घटना रिफाइनरी थाना क्षेत्र के केशावे पंचायत स्थित सिसवा गांव वार्ड -11 के दास टोला की बताई जा रही है। मृतकों की पहचान 49 वर्षीय कैलाश दास और उनके पुत्र 28 वर्षीय संतोष कुमार के रूप में हुई है।

### लोजपा (रा) प्रवक्ता मनीष सिंह ने छोड़ा पद

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** लोजपा (रा) के बिहार प्रदेश प्रवक्ता मनीष सिंह ने अपना पद छोड़ दिया है। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को पत्र लिख कर वर्तमान राजनीतिक दायित्वों से मुक्त करने की अपील की है। मनीष सिंह ने कहा कि विधिक कार्यों एवं पटना उच्च न्यायालय में नियमित प्रैक्टिस की व्यस्तता के कारण अपने राजनीतिक दायित्वों के निर्वहन के लिए अपेक्षित समय निकाल पाना मेरे लिए कठिन होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में मैं अपने दायित्वों के साथ पूर्ण न्याय नहीं कर पा रहा हूं।

### मगध महिला कॉलेज में छात्र परिषद का चुनाव 16 को

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मगध महिला कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए 13 पदों के लिए छात्र परिषद की चुनाव प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो जाएगी। कॉलेज प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह चुनाव 16 सितंबर को होगा। चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत में इच्छुक छात्राओं के लिए नामांकन फॉर्म जारी किए जाएंगे। ये फॉर्म 10 सितंबर तक जमा किए जा सकेंगे। 12 सितंबर को प्रत्याशियों का साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसमें उनकी योग्यता और नेतृत्व क्षमता का आकलन किया जाएगा। चुनाव प्रचार के लिए 13 और 14 सितंबर की तारीखें निर्धारित की गई हैं जिसमें उम्मीदवार अपने घोषणापत्र और विचारों को छात्राओं के समक्ष रख सकेंगी।

## अब 45 नहीं सिर्फ 25 दिनों बाद ही करा सकेंगे गैस सिलेंडर की बुकिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। बिहार में एलपीजी गैस सिलेंडर इस्तेमाल कर रहे उपभोक्ताओं के लिए जरूरी खबर है। उपभोक्ताओं को अब नया सिलेंडर लेने के लिए 45 दिनों तक इंतजार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ता अब 25 दिन पूरे होने के बाद ही दोबारा गैस सिलेंडर की बुकिंग करा सकेंगे। इस बदलाव का सबसे ज्यादा फायदा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पहले की व्यवस्था की बात करें तो ग्रामीण इलाकों में रहने वाले उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर रिफिल कराने के लिए 45 दिनों का समय निर्धारित था। एक बार सिलेंडर बुक करा लेने के बाद उपभोक्ताओं को 45 दिनों तक इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब सिर्फ 25 दिनों का ही इंतजार करना पड़ेगा। इसे फैसले से कई परिवारों को राहत मिल सकेगी। इंडियन ऑयल के गैस, बिहार-झारखंड के हेड सौरभ चंद्र ने दी। सौरभ चंद्र की माने तो उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रिफिलिंग के समय में बदलाव किया गया है। ऐसे में अब शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में रहने वाले एलपीजी उपभोक्ता 25 दिन पूरा होने के बाद अपनी जरूरत के अनुसार दोबारा सिलेंडर बुक करा सकेंगे। रिफिलिंग की अवधि कम होने से उन परिवारों को भी राहत मिलने की उम्मीद है जिनके घर में एलपीजी की खपत अधिक है।

## छत पर सो रहे दंपति की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात बदमाशों ने घर की छत पर सो रहे दंपति की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना बेदा बस स्टैंड से पश्चिम नहर के पास की है। घटना में पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ननकी देवी (40) और उनके पति मणि भूषण कुमार (45) के रूप में हुई है। मणि भूषण मूल रूप से पश्चिमी चंपारण के रहने वाले थे। मृतका के पुत्र अभिषेक कुमार ने बताया कि रविवार की रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच अचानक छत से गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर जब वह कमरे से बाहर निकलने लगा तो दरवाजे पर बाहर से सिक्कड़ लगा हुआ था। इसी दौरान उसने एक व्यक्ति को छत से नीचे उतरते देखा। बदमाश ने अभिषेक की आंखों पर तेज टॉर्च की रोशनी डाल दी जिसके कारण वह उसका चेहरा पहचान नहीं सका। अभिषेक के शोर मचाने के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खोला। इसके बाद लोग छत पर पहुंचे तो ननकी देवी और मणि भूषण खून से लथपथ पड़े मिले। दोनों की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया। दोहरे हत्याकांड की जानकारी मिलते ही रोहतास के एसपी मिस्टर राजभी घटनास्थल पर पहुंचे और निरीक्षण किया। वहीं पुलिस अधिकारियों से घटना के संबंध में जानकारी ली। एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ ही हत्या के कारणों और अपराधियों की पहचान को लेकर जांच शुरू कर दी है। एसपी मिस्टर राज ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि घटना के पीछे पुरानी रंजिश की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। पुलिस इस एंगल से भी मामले की जांच कर रही है। फिलहाल एसआइटी का गठन किया गया है। जल्द ही कांड का उद्भेदन कर लिया जाएगा। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है।



## दारोगा संतोष कुमार हत्याकांड में आठ दोषियों को उम्रकैद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुंगेर।** व्यवहार न्यायालय ने मुफस्सिल थाना के दारोगा संतोष कुमार हत्याकांड में आठ दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सजा पाने वालों में तीन महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। चतुर्थ जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कुमारी मनीषा की अदालत ने सभी दोषियों को उम्रकैद के साथ 25-25 हजार रुपये के आर्थिक दंड की सजा सुनाई। मामला मार्च 2025 का है। 14 मार्च 2025 को होली के दिन मुफस्सिल थाना क्षेत्र में दारोगा संतोष कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद पुलिस महकमे में भी हड़कंप मच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की। घटना के बाद पुलिस ने मामले में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मामले से जुड़े लोगों की पहचान की और उनके खिलाफ साक्ष्य जुटाए। इसके बाद मामला न्यायालय पहुंचा जहां लंबे समय तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने आठ आरोपितों को दोषी माना। अदालत ने मामले में कुल आठ दोषियों को सजा सुनाई है। इनमें तीन महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। सभी दोषियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ 25-25 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया है। अदालत के इस फैसले के बाद दारोगा संतोष कुमार के परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है। वहीं मामले में दोषियों को सुनाई गई सजा को लेकर पुलिस महकमे और स्थानीय लोगों के बीच भी चर्चा है।

## आईआरसीटीसी घोटाला मामले में सुनवाई 10 को

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** दिल्ली की एक कोर्ट ने आईआरसीटीसी घोटाला मामले में लालू प्रसाद यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर अपना फैसला टाल दिया है। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने इस मामले को 10 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दिया है। न्यायाधीश गोगने को राउज एवेन्यू कोर्ट से द्वारका जिला कोर्ट में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट के रूप में स्थानांतरित किया गया है। अदालत के कर्मचारियों ने बताया कि न्यायाधीश के स्थानांतरण के कारण मामले की सुनवाई स्थगित की गई।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** चकाई-जमुई मुख्य मार्ग पर बटिया जंगल के चिरन पुल के पास सोमवार को तेज रफ्तार हाइवा ने कार और बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्री की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी समेत एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा और जेसीबी की मदद से हाइवा के नीचे दबे शवों को बाहर निकलवाया। हादसा बटिया थाना क्षेत्र के बटिया जंगल स्थित चिरन पुल के पास हुआ। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि सोनो थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी सुशील कुमार (35) और उनकी तीन वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल बताई गई हैं। कार सवार एक अन्य व्यक्ति भी हादसे में घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही बटिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

## बिहार के सभी प्रखंडों में एससी-एसटी छात्रों के लिए बनेंगे छात्रावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अगले चार वर्षों में राज्य के सभी 534 प्रखंडों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए अत्याधुनिक छात्रावास की सुविधा होगी। इसके मद्देनजर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा छात्रावास निर्माण संबंधी प्रस्ताव तैयार किया गया है। प्रस्ताव पर पहले संबंधित विभागों से सहमति ली जाएगी। इसके बाद कैबिनेट से प्रस्ताव पर मंजूरी ली जाएगी। प्रत्येक छात्रावास निर्माण पर दो करोड़ 44 लाख रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में राज्यभर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए 139 छात्रावास संचालित हैं और 60 नए छात्रावासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। विभाग के मुताबिक प्रत्येक जिले में 100 बेड वाली सावित्री बाई फुले छात्रावास खोलने की भी योजना है। इसके लिए 18 जिलों में भूमि आवंटित की जा चुकी है। वर्तमान में राज्य में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए 91 आवासीय विद्यालय संचालित है। इसके अतिरिक्त 28 नए आवासीय विद्यालयों की स्थापना की स्वीकृति दी गई है। इन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को आवासन एवं पठन-पाठन की सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। इन आवासीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नीट, जेईई एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में सफलता अर्जित की है। छात्रावासों में प्रत्येक विद्यार्थी को 15 किलो ग्राम अनाज (नौ किलो चावल और छह किलो गेंहू) मुफ्त दिया जाता है। साथ ही बच्चों को मुख्यमंत्री छात्रावास अनुदान योजना के तहत एक हजार रुपये प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से खाते में भेजा जाता है। इन छात्रावासों में शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए डिजिटल लाइब्रेरी समेत अन्य शैक्षणिक सुविधाएं मौजूद हैं।







राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस
(08 सितम्बर, 2026)

बिहार लोक भवन
पटना–800022
BIHAR LOK BHAVAN
PATNA-800022

संदेश

अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामना एवं बधाई देता हूँ।

शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। यह केवल पढ़ने–लिखने की क्षमता तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्ति में ज्ञान, जागरूकता, आत्मविश्वास और अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति समझ विकसित करती है। शिक्षित नागरिक ही सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आज के बदलते तकनीकी युग में डिजिटल साक्षरता का महत्व भी निरंतर बढ़ रहा है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर महिलाओं एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षा से वंचित लोगों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और साक्षरता का लाभ पहुँचे।

इस अवसर पर मैं सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों, नागरिकों तथा सामाजिक संस्थाओं से अपील करता हूँ कि वे साक्षरता के प्रसार को जन–आंदोलन का स्वरूप दें और प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लें। आइए, हम सब मिलकर "हर व्यक्ति शिक्षित, हर परिवार साक्षर और हर समाज सशक्त" के लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ें।

ले.ज.सय्यद अता हसनैन (से.नि.)

PR No.-010860 (Education)D. 2026-27

# जन सुनवाई में मंत्रियों ने सुनी फरियाद, अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश

## मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री कर रहे बाढ़ की लगातार निगरानी : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** जद (यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में सोमवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह और ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने विभिन्न जिलों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं सुनीं। मंत्रियों ने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर शिकायतों के विधिसम्मत और त्वरित निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी' और प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुमित कुमार सिंह भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में श्रवण कुमार ने कहा कि पार्टी के नेता नीतीश कुमार के दिशा-निर्देश पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें राहत पहुंचाना है। शिकायत मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश देकर समाधान का प्रयास किया जाता है। बाढ़ की स्थिति पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उप मुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। राहत और समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को मौके पर तैनात किया गया है। श्रवण कुमार ने आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी बातें हवा-हवाई होती हैं और बिहार की जनता उन्हें गंभीरता से नहीं लेती। भवन निर्माण मंत्री लेशी सिंह ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए सरकार पूरी तरह मुस्तैद है। एनडीए सरकार और प्रशासन के अधिकारी राहत कार्य में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी खजाने पर पहला अधिकार आपदा पीड़ितों का है। दिल्ली में मकान ढहने की घटना पर लेशी सिंह ने दुख जताते हुए मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

# दुबई में वैश्विक निवेश के लिए बिहार ने खोले द्वार

## एआईएम कांग्रेस 2026 में उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने किया बिहार पवेलियन का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दुबई।** बिहार ने वैश्विक निवेशकों के बीच अपनी पहुंच मजबूत करते हुए दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित वार्षिक निवेश बैठक (एआईएम) कांग्रेस 2026 में बिहार पवेलियन का उद्घाटन किया। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार के साथ वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पवेलियन का उद्घाटन किया। एआईएम कांग्रेस का 15वां संस्करण 7 से 9 सितंबर तक आयोजित हो रहा है। इसमें बिहार की भागीदारी का उद्देश्य वैश्विक निवेशकों, कारोबारी प्रतिनिधियों और नीति-निर्माताओं के समक्ष राज्य को उभरते, प्रतिस्पर्धी और निवेश के लिए तैयार औद्योगिक गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करना है। उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने बिहार के तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक तंत्र और प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में उपलब्ध निवेश अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एआईएम कांग्रेस के माध्यम से सार्थक साझेदारियां स्थापित करने और निवेशकों की रुचि को बिहार में ठोस निवेश अवसरों में बदलने की दिशा में काम किया जाएगा। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने कहा कि एआईएम कांग्रेस बिहार को अंतरराष्ट्रीय निवेशकों और उद्योग जगत के प्रमुख प्रतिनिधियों के समक्ष अपने औद्योगिक तंत्र और निवेश अवसरों को प्रस्तुत करने का महत्वपूर्ण वैश्विक मंच प्रदान करता है। बढ़ते औद्योगिक भूमि बैंक, बेहतर बुनियादी ढांचे, क्षेत्र-विशिष्ट नीतियों और कारोबार सुगमता पर जोर के साथ बिहार निवेश के लिए तैयार है। बिहार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रेयसी सिंह कर रही हैं। इसमें कुंदन कुमार और उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। बिहार पवेलियन में बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज, 2025, बिहार सेमीकंडक्टर नीति, 2026, बिहार ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर नीति, 2026, बिहार टेक्सटाइल एंड लेदर नीति (संशोधित), 2022, बिहार पर्यटन नीति और आईटी नीति सहित अन्य नीतियों को प्रदर्शित किया जा रहा है। साथ ही औद्योगिक भूमि बैंक, प्लग-एंड-प्ले बुनियादी ढांचे, बेहतर संपर्क व्यवस्था और निवेश-अनुकूल नीतिगत तंत्र को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा रहा है।

# छह प्रमंडलों के जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की समीक्षा बैठक सदाकत आश्रम में आयोजित




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आज छह प्रमंडलों के सभी जिला अध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने की। बैठक में बिहार कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी कृष्णा अल्लावरू विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, हर घर झंडा कार्यक्रम की अद्यतन स्थिति, जिला स्तर पर पार्टी की गतिविधियों, बूथ एवं पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जिला अध्यक्षों एवं प्रभारियों से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कहा कि कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की दिशा में सभी पदाधिकारी पूरी सक्रियता के साथ काम करें।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का प्रभारी सचिव ने किया निरीक्षण, ग्रामीणों से जानी समस्याएं

## राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा, प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना/बक्सर।** प्रभारी सचिव, बक्सर-सह-सचिव, ऊर्जा विभाग एवं अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बीएसपीएचसीएल अजय यादव (भा.प्र.से.) ने जिलाधिकारी, बक्सर श्रीमती साहिला एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया तथा प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने संबंधित अधिकारियों से प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति समेत आवश्यक सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ के कारण उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा आम लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

स्थलीय निरीक्षण के बाद जिला समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में बाढ़ की वर्तमान स्थिति, राहत एवं बचाव कार्य तथा प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता समय पर उपलब्ध कराने तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने और आवश्यकता के अनुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गांधी फिल्म महोत्सव : बापू टॉवर में 9 से 11 सितंबर तक आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राजधानी पटना के गर्दनीबाग में स्थित बापू टॉवर में तीन दिवसीय गांधी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होने जा रहा है। 9 से 11 सितंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में महात्मा गांधी के जीवन और विचारों पर आधारित सात दुर्लभ फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य खास बच्चों सहित स्कूली बच्चों और युवाओं को बापू के सत्य, अहिंसा और स्वावलंबन के विचारों से जोड़ना है। फिल्म फेस्टिवल में प्रवेश निशुल्क रहेगा और विभिन्न स्कूलों के बच्चों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। भवन निर्माण विभाग के स्तर से इस फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। फिल्म महोत्सव की शुरुआत 9 सितंबर को होगी। पहले दिन सुबह 11 बजे मशहूर रिचर्ड एटनबर्ग की ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित फिल्म 'गांधी' (1982) दिखाई जाएगी। वहीं दोपहर 3 बजे 'गांधी-20वीं सदी के पैगंबर' (1940) का प्रदर्शन होगा। महोत्सव के दूसरे दिन 10 सितंबर को दो फिल्में दिखाई जाएंगी। सुबह के सत्र में 'महात्मा गांधी टॉक्स' (1931) दिखाई जाएगी। दोपहर के सत्र में 'ए बाउंडलेस आइडिया' (1970) का प्रदर्शन होगा जो गांधीवादी दर्शन पर आधारित है। फेस्टिवल के तीसरे और आखिरी दिन 11 सितंबर को तीन फिल्मों का प्रदर्शन रखा गया है।

# मखाना खेती को आधुनिक व्यावसायिक मॉडल के रूप में विकसित करना सरकार का लक्ष्य

## निर्यात बढ़ाने के साथ किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस, लागत का 75 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार के मखाने को वैश्विक पहचान दिलाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार उत्पादन से लेकर प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन एवं विपणन तक पूरी व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। मिथिला मखाना को वैश्विक ब्रांड के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग के उद्यान निदेशालय द्वारा मखाना की वैज्ञानिक खेती, उन्नत बीज, आधुनिक प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा 'मखाना विकास योजना' को नए स्तर पर लागू किया जा रहा है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मखाना बिहार का गौरव और हमारी सांस्कृतिक पहचान है। राज्य सरकार का लक्ष्य मखाना की खेती को पारंपरिक मॉडल से आगे बढ़ाकर आधुनिक एवं व्यावसायिक मॉडल के रूप में स्थापित करना है। किसानों को बेहतर बीज, आधुनिक तकनीक और वैश्विक बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराई जा रही है। ताकि बिहार का मखाना दुनिया के हर कोने तक पहुंचे और किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने बताया कि वैश्विक बाजार में सुपरफूड के रूप में अपनी पहचान बना चुके मखाने के कुल उत्पादन में बिहार की हिस्सेदारी 85 प्रतिशत से अधिक है। 'मखाना विकास योजना' के तहत राज्य के 21 मखाना उत्पादक जिलों में वैज्ञानिक पद्धति से मखाना उत्पादन एवं आधुनिक प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए विशेष अनुदान दिया जा रहा है। इन जिलों में दरभंगा, मधुबनी, कटिहार, पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, किशनगंज, सीतामढ़ी, मधेपुरा, अररिया, खगड़िया, समस्तीपुर, भागलपुर, सारण, सीवान, गोपालगंज, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, वैशाली एवं पटना शामिल हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि मखाना के नए क्षेत्रों में विस्तार एवं आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लागत का 75 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष अनुदान दिया जा रहा है। अनुदान की राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र विस्तार एवं उन्नत बीज वितरण के तहत पारंपरिक तालाब प्रणाली के साथ-साथ खेत प्रणाली में भी मखाना उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसानों को उच्च उपज देने वाली उन्नत प्रजातियों 'सबौर मखाना-1' एवं 'स्वर्ण वैदेही' के गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि मिथिला मखाना को जीआई टैग मिलने के बाद बिहार के मखाने की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और मजबूत हुई है। अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देशों एवं पूर्वी एशिया के बाजारों में मखाने की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि किसानों को केवल कच्चे मखाने (गुड़ी) के उत्पादन तक सीमित न रखते हुए उन्हें मूल्यवर्धन एवं प्रसंस्करण से जोड़ा जाए।

# बाढ़ ने रोका स्कूल का रास्ता तो दूसरे विद्यालय में होगी पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के विभिन्न जिलों में आई बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र वाले स्कूलों को उच्च स्थानों पर स्थित विद्यालयों से टैग कर दिया गया है। ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो सके। विदित हो कि राज्य के कई जिलों में विभिन्न नदियों के जलस्तर में हुई वृद्धि के कारण कई क्षेत्रों में बाढ़ आ गई है जिसके वजह से बाढ़ वाले क्षेत्रों के कई सरकारी विद्यालय भी उसके चपेट में आ गए हैं। इसको देखते हुए शिक्षा विभाग ने बाढ़ से प्रभावित स्कूलों को उच्च स्थानों पर स्थित विद्यालयों से टैग करने का निर्णय लिया है। ताकि बाढ़ समाप्त होने तक बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो।

# डीडीयू-सोननगर रेलखंड का महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने सोमवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत डीडीयू-सोन नगर रेलखंड का विंडो निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रेलपथ, ट्रैक की स्थिति, संरक्षा, अनुरक्षण और परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने चंदौली मझवार स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे पुनर्विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने प्लेटफॉर्म, पैदल ऊपरी पुल, स्टेशन परिसर, परिचालन, विद्युत व्यवस्था, स्वच्छता और यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पुनर्विकास कार्यों को उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद सासाराम स्टेशन पर पुनर्विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का निरीक्षण किया। यहां प्लेटफॉर्म, पैदल ऊपरी पुल, यात्री प्रतीक्षालय, विद्युत व्यवस्था, शौचालय समेत अन्य यात्री सुविधाओं और स्टेशन परिसर की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने यात्री सुविधाओं के लगातार उन्नयन पर जोर दिया। सोन नगर स्टेशन पर महाप्रबंधक ने परिचालन एवं यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्लेटफॉर्म, पैदल ऊपरी पुल, यात्री प्रतीक्षालय और रेलवे अंडरपास का निरीक्षण किया। साथ ही रेलकर्मियों से संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित मुख्यालय और मंडल के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया-आईटी जिला संयोजकों, सह संयोजकों की प्रांत स्तरीय बैठक

## 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक होंगे 13 प्रकार के कार्यक्रम : संजय सरावगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी, बिहार प्रदेश द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर सोमवार को प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में 'कहानी बदलाव की' कार्यक्रम के जिला संयोजकों, सहसंयोजकों तथा सोशल मीडिया एवं आईटी टीम की प्रांत स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, प्रदेश सह-प्रभारी दीपक प्रकाश, संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, बिहार सरकार के मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक, राजेश वर्मा, 'कहानी बदलाव की' के प्रदेश संयोजक मनीष पांडे, सोशल मीडिया संयोजक अनमोल शोभित सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में उनका नेतृत्व का सफर लगातार 25 वर्षों का होने जा रहा है। मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक का यह सफर बिना किसी रुकावट के निरंतर आगे बढ़ा है और इस दौरान देश ने विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखे हैं।

# केवाइपी केंद्रों के पुनः संचालन के आश्वासन पर केंद्र संचालकों ने मनाया जश्न



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** केवाईपी केंद्रों के नवीकरण, नए नामांकन एवं प्रशिक्षण की बहाली तथा लंबित भुगतान की मांग को लेकर लंबे समय से चल रहे आंदोलन के बाद सरकार की ओर से मिले आश्वासन पर केंद्र संचालकों ने खुशी जताई। गर्दनीबाग में आंदोलन में शामिल संचालकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर जश्न मनाया। आंदोलन में केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा, आमोद कुमार सिंह, जितेन्द्र तिवारी समेत विभिन्न जिलों के केंद्र संचालक शामिल रहे। आंदोलन के दौरान संचालकों ने मुख्य रूप से निम्न मांगें उठाईं– केवाईपी केंद्रों का नवीकरण, नए नामांकन एवं प्रशिक्षण की बहाली, लंबित भुगतान का निपटारा, बंद केंद्रों के पुनः संचालन की प्रक्रिया शुरू करना। सरकार से मिले आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया। केंद्र संचालकों ने कहा कि अब उनकी नजर सरकार की ओर से आश्वासन के अनुरूप होने वाली अगली कार्रवाई पर है।

# 11 सितंबर को यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने किया एक दिन के देशव्यापी हड़ताल का एलान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 11 सितंबर 2026 को देशभर में बैंक कर्मचारी एक दिन की हड़ताल पर रहेंगे। इससे बैंक की शाखाओं में होने वाले कई जरूरी काम प्रभावित हो सकते हैं। यह हड़ताल युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने बुलाई है। 4 सितंबर को बैंक यूनियनों और इंडियन बैंक एसोसिएशन के बीच बातचीत हुई थी, लेकिन उनकी मांगों पर कोई सहमति नहीं बनी। इसके बाद 11 सितंबर की हड़ताल का फैसला जारी है। यह सिर्फ किसी एक राज्य की हड़ताल नहीं है। इसका असर देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में बैंक शाखाओं के कामकाज पर पड़ सकता है जिसमें महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत पूरे देश में बैंक कर्मचारी संगठनों की भागीदारी के कारण शाखाओं का काम प्रभावित हो सकता है। युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन की ओर से बुलाई गई 11 सितंबर की देशव्यापी हड़ताल का असर खास तौर पर सरकारी यानी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं पर पड़ने की संभावना है। एसबीआई, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ोदा, बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया जैसे बैंकों में कामकाज प्रभावित हो सकता है। वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक जैसे बड़े निजी बैंकों की शाखाओं पर असर की संभावना कम है। हालांकि किसी बैंक की शाखा में कामकाज पूरी तरह बंद रहेगा या नहीं, यह कर्मचारियों की हड़ताल में भागीदारी पर निर्भर करेगा।

बैंक यूनियनों की प्रमुख मांग है कि बैंक सप्ताह में सिर्फ पांच दिन, यानी सोमवार से शुक्रवार तक काम करें और शनिवार-रविवार छुट्टी रहे। इसके अलावा पेंशन, पी जल आई और कर्मचारियों से जुड़े कुछ अन्य मुद्दे भी उनकी मांगों में शामिल हैं। इन मांगों पर सहमति नहीं बनने के बाद बैंक यूनियनों ने हड़ताल का फैसला लिया है। अगर मांगों पर समाधान नहीं निकलता है तो युनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन ने 28-30 सितंबर को तीन दिन की हड़ताल और 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की भी चेतावनी दी है।

# कई नदियों का जलस्तर स्थिर, इंद्रपुरी बराज के पास घट रहा सोन नदी का पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में बाढ़ संकट के बीच राहत भरी खबर भी आने लगी है। कई प्रमुख नदियों का जलस्तर स्थिर है और कुछ नदियों का पानी घटने लगा है। मुख्य रूप से गंगा, गंडक, कोसी और सोन नदी (इंद्रपुरी बराज) का जलस्तर कई स्थानों पर या तो स्थिर है या फिर तेजी से घट रहा है। इस मामले में आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाढ़ से राहत और बचाव कार्यों में तत्परता लाते हुए प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सुबह-शाम का भोजन, ड्राई राशन पैकेज और पॉलीथिन शीट आदि का वितरण किया जा रहा है। साथ ही आवागमन में सहूलियत की दिशा में नावों की संख्या में भी वृद्धि की गई है। आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य में वाल्मीकिनगर बराज के पास गंडक का जलस्राव सोमवार को सुबह 10 बजे 1 लाख 21 हजार 500 क्यूसेक दर्ज किया गया एवं इसकी प्रवृत्ति स्थिर है। इसी तरह कोसी में वीरपुर बराज के पास नदी का जलस्राव 1 लाख 98 हजार 150 क्यूसेक और सोन नदी (इन्द्रपुरी बराज) का जलस्राव 1 लाख 33 हजार 134 क्यूसेक दर्ज किया गया। इन दोनों नदियों की प्रवृत्ति घटने की है।

# सहकारिता से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही राज्य सरकार : रामकृपाल यादव

## जेएलजी और एसएचजी से जुड़ी 8,723 महिलाओं को मिला 32 करोड़ का लोन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में सहकारिता विभाग वित्तीय समावेशन को लेकर बड़ी पहल कर रहा है। बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड अपने एवं जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों के माध्यम से किसानों के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। संयुक्त देयता समूह (जेएलजी) एवं स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के माध्यम से अब तक कुल 8,723 महिलाओं को 32 करोड़ 26 लाख रुपये का लोन उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सहकारिता के माध्यम से गांव-गांव तक वित्तीय समावेशन को पहुंचाना है। ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। आने वाले समय में इसके बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे। सहकारिता के जरिए राज्य की महिलाएं बिहार के विकास की धुरी बनेंगी।

**गांव-गांव तक पहुंच रही बैंकिंग सेवाएं**

सहकारी बैंकों के माध्यम से 186 दुग्ध सहकारी समितियों, 618 पैक्स, 19 पीवीसीएस एवं 07 अन्य सहकारी समितियों को बैंक मित्र के रूप में विकसित किया गया है। इन केंद्रों पर माइक्रो-एटीएम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं का विस्तार किया गया है जिससे अब किसानों को बैंक के लिए दूर नहीं जाना पड़ रहा है। सहकारिता के जरिए गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाएं पहुंच रही हैं। 16 अगस्त से एक माह तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत दुग्ध सहकारी समितियों, पैक्स, पीवीसीएस, अन्य सहकारी समितियों एवं उनके सदस्यों के नए खाते खोले जा रहे हैं।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस हो रहे सहकारी बैंक**

सहकारी बैंकों को आधुनिक बनाने की दिशा में सभी 23 जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों एवं बिहार राज्य सहकारी बैंक का सीबीएस अपग्रेडेशन पूरा कर लिया गया है। इसके बाद अब सहकारी बैंकों में भी जल्द ही मोबाइल बैंकिंग, नेट बैंकिंग जैसी आधुनिक सुविधाएं शुरू हो सकेंगी जिससे सहकारी बैंक भी अन्य व्यावसायिक बैंकों की तरह ग्राहकों को सुविधाएं देने में सक्षम होंगे।

# बिहार में बाढ़ का संकट टलने की उम्मीद, गंगा का जलस्तर घटा : विजय चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** राज्य में गंगा नदी रौद्र रूप दिखाने के बाद अब इसका उफान कम होने लग है। गंगा का जलस्तर घटने लगा है। संभावना है कि अगले कुछ दिनों में स्थिति तेजी सामान्य होगी। उक्त बातें उपमुख्यमंत्री व जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कही। सोमवार को जल संसाधन विभाग के सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि इस वर्ष बिहार में बाढ़ का स्वरूप पिछले वर्षों से अलग रहा। आमतौर पर नेपाल से आने वाली नदियों बागमती, कमला, कोसी और गंडक में पहले बाढ़ आती थी और इसके बाद गंगा का जलस्तर बढ़ता था। उन्होंने कहा कि इस बार इसके विपरीत सबसे पहले गंगा में ही बाढ़ की स्थिति बनी। जलवायु परिवर्तन समेत कई संभावित कारणों के बीच गंगा ने कई स्थानों पर पिछले सभी रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। पटना के गांधी घाट पर गंगा का जलस्तर इस बार 50.58 मीटर तक पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष तक का उच्चतम स्तर 50.52 मीटर था। हालांकि जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन की मुस्तैदी के कारण पटना शहर सुरक्षित रहा।




**₹35,000 करोड़** से अधिक की रेल एवं सड़क क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं तथा गुजरात सरकार की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं राष्ट्र को समर्पण

**डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर**

- न्यू साणंद (नॉर्थ) – न्यू मकरपुरा खंड • न्यू उमरगाम रोड – न्यू सफाले खंड
- न्यू सफाले – न्यू जेएनपीटी, मुंबई खंड

**का राष्ट्र को समर्पण**

- जोबट – टाण्डा रोड नए रेल खंड (28 किमी) (छोटा उदेपुर – धार नई रेल लाइन परियोजना का हिस्सा)
- गुजरात सरकार के तहत वडोदरा एवं आसपास के क्षेत्रों में ₹2,597 करोड़ की प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY), जलापूर्ति परियोजनाएँ एवं अन्य विकास परियोजनाओं

**का उद्घाटन**

- वडोदरा – रतलाम तीसरी एवं चौथी रेल लाइन (259 किमी) • मियागाम करजण – चोरंदा – मालसर गेज परिवर्तन परियोजना (37 किमी)
- विश्वामित्री – डभोई दोहरीकरण परियोजना (33 किमी) • राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के कामरेज – चलथान खंड की 6 – लेनिंग
- राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के वडोदरा–सूरत खंड पर तापी, नर्मदा तथा अन्य जल निकायों पर प्रमुख पुल एवं अन्य राजमार्ग परियोजनाएँ
- वडोदरा शहरी विकास प्राधिकरण (VUDA) रिंग रोड, चरण-2 • गुजरात सरकार की अन्य परियोजनाओं

**का शिलान्यास**

- टाण्डा रोड एवं वडोदरा (प्रतापनगर) के बीच नई ट्रेन
- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के 4 स्टेशनों - न्यू साणंद (नॉर्थ), न्यू मकरपुरा, न्यू उमरगाम रोड एवं न्यू जेएनपीटी (मुंबई) से मालगाड़ियों

**का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ**

# नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

के द्वारा

**लाभ**

- 2,800 किमी से अधिक लंबे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (DFC) नेटवर्क के पूर्ण होने से भारत में माल ढुलाई को नई गति
- गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और बिहार में रेल संपर्क का सुदृढ़ीकरण
- मल्टी-ट्रैकिंग, दोहरीकरण और आमान परिवर्तन के माध्यम से रेल नेटवर्क का आधुनिकीकरण
- राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स लागत में कमी
- प्रमुख इकोनॉमिक कॉरिडोर्स के लिए उच्च क्षमता वाला माल ढुलाई नेटवर्क
- कार्बन उत्सर्जन तथा डीजल आयात पर निर्भरता में कमी
- यातायात की भीड़ एवं यात्रा समय में कमी
- शहरी एवं ग्रामीण बुनियादी ढाँचे का सुदृढ़ीकरण
- बेहतर जल, ऊर्जा एवं नागरिक सुविधाएँ

**गरिमामयी उपस्थिति**

**आचार्य देवव्रत** – राज्यपाल, गुजरात | **भूपेंद्रभाई पटेल** – मुख्यमंत्री, गुजरात | **अश्विनी वैष्णव** – केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री



8 सितंबर 2026 | प्रात: 11:30 बजे | वडोदरा, गुजरात | डीडी न्यूज़ पर सीधा प्रसारण देखें

# अंतिम वर्ष की छात्राओं को रोजगार के लिए तैयार करेगा सात दिवसीय प्रशिक्षण




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा महिला कॉलेज, बिहारशरीफ में अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए सात दिवसीय रोजगार कुशलता प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार से शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्रशिक्षण एवं नियुक्ति इकाई की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम महिंद्रा एंड महिंद्रा के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत नंदिनी फाउंडेशन द्वारा महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के रूप में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. जितेंद्र रजक, प्रशिक्षण एवं नियुक्ति पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार रंजन, शिक्षकगण एवं नंदिनी फाउंडेशन के प्रशिक्षक रवि कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को प्रशिक्षण के महत्व और इससे मिलने वाले लाभ की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं से पूरे मनोयोग के साथ प्रशिक्षण में शामिल होकर रोजगार के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने की अपील की।प्रशिक्षण एवं नियुक्ति पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार रंजन ने कहा कि रोजगार कुशलता ही रोजगार प्राप्त करने की आधारशिला है। महाविद्यालय का प्रयास है कि अंतिम वर्ष की सभी छात्राओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण मिले, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर महिला सशक्तीकरण की मिसाल कायम कर सकें। नंदिनी फाउंडेशन के प्रशिक्षक रवि कुमार ने बताया कि सात दिनों के दौरान छात्राओं को कॉरपोरेट कल्चर, लाइफ स्किल्स, सॉफ्ट स्किल्स, कम्युनिकेशन, इंटरव्यू, फाइनेंशियल लिटरेसी और प्रेजेंटेशन स्किल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं अंतिम वर्ष की छात्राएं मौजूद रहीं।

# शिक्षक हित की आवाज बुलंद करना मेरी प्राथमिकता : नवल किशोर यादव

## शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों का किया दौरा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के आगामी चुनाव को लेकर विधान पार्षद नवल किशोर यादव ने सोमवार को बिहारशरीफ एवं आसपास के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेजों का दौरा कर शिक्षकों एवं संभावित मतदाताओं से जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं और उनकी अपेक्षाओं को जाना तथा चुनाव में समर्थन की अपील की। नवल किशोर यादव ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने पूरी इमानदारी और निष्ठा के साथ शिक्षकों की आवाज को बुलंद किया है। शिक्षकों के हित से जुड़े मुद्दों, चाहे वह मातृत्व अवकाश का मामला हो या शनिवार को हाफ डे करने की मांग, उन्होंने लगातार आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि वित्त रहित शिक्षकों की लड़ाई की शुरुआत भी उनके द्वारा की गई थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा 5 सितंबर को वित्त रहित शिक्षकों के हित में की गई घोषणा के लिए उन्होंने शिक्षकों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग गैर-शिक्षक होते हुए भी शिक्षकों का वोट हासिल करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। शिक्षकों को ऐसे लोगों से सचेत रहने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने बड़ी पहाड़ी उच्च विद्यालय, मगध विद्यालय ओकनामा, डीपी राय उच्च विद्यालय, दीपनगर उच्च विद्यालय, राणा बीघा, पैरू महतो सोमरी कॉलेज, मघड़ा समेत कई शिक्षण संस्थानों का भ्रमण किया। मौके पर अजीत यादव, प्रो. अवधेश, भारतेंदु कुमार, एखलाक अहमद, दिग्विजय नारायण, संजय कुमार, विनय बिहारी, विद्यासागर, अमीन अहमद, प्रो. बलराम प्रसाद, ललित गिरी, प्रो. शशिकांत, टोनी, जयंत शर्मा, राकेश पांडे, प्रो. साबिर, रिंकू कुमार, विजय पांडे समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

# मॉडल स्कूलों में लगेगी सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय-सह-समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, लोक शिकायत निवारण, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण तथा ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। राजस्व एवं दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा में जिले में 81 प्रतिशत निष्पादन उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने संतोष जताते हुए अधिकारियों की सराहना की। नगरनौसा में प्रस्तावित डिग्री कॉलेज के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विधि-सम्मत संवाद स्थापित कर जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया गया। लोक शिकायत निवारण के मामलों की समीक्षा करते हुए तीनों अनुमंडल पदाधिकारियों को नियमित समीक्षा कर मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में नूरसराय प्रखंड में 'एनीमिया मुक्त भारत' अभियान की गति तेज करने का निर्देश दिया गया। वहीं राशन कार्ड के खराब प्रदर्शन पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए सुधार के सख्त निर्देश दिए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा में साप्ताहिक लक्ष्य शत-प्रतिशत हासिल करने और इंस्टॉलेशन कन्वर्जन दर को कम से कम 50 प्रतिशत तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। विशेष अभियान के तहत प्रत्येक पंचायत से करीब 10 ऐसी योजनाओं का चयन कर काम करने को कहा गया, जिनसे धरातल पर स्पष्ट बदलाव दिखे। डीएम ने सभी मॉडल स्कूलों में बालिकाओं के लिए सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन लगाने, 'टीचर ऑफ द वीक' शुरू करने, प्रतियोगी परीक्षाओं की अलग कक्षाएं चलाने, नियमित पीटीएम कराने और विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया।

# अमृत भारत योजना से बदलेगा राजगीर रेलवे स्टेशन का स्वरूप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**राजगीर।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल राजगीर के रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है। योजना के तहत स्टेशन के आधुनिक भवन और यात्री सुविधाओं से युक्त वेटिंग हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर, वीवीआईपी लाउंज समेत कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जानकारी के अनुसार, स्टेशन के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य पर करीब 40 से 50 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।इसके अलावा ट्रेनों के रखरखाव की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से सिक लाइन तथा लगभग चार करोड़ रुपये की लागत से नई वॉशिंग पिट लाइन तैयार की जा रही है। इन सुविधाओं के शुरू होने से ट्रेनों के रखरखाव की व्यवस्था भी मजबूत होगी। स्टेशन का निर्माण पूरा होने के बाद राजगीर आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को आधुनिक और बेहतर रेलवे स्टेशन की सुविधा मिलेगी। इससे राजगीर के पर्यटन विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

# चार घंटे में 99 शिकायतों का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगरवासियों को बेहतर और त्वरित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए तत्पर बिहारशरीफ अभियान के तहत नगर निगम को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के प्रथम चरण में कूड़ा जमाव और कूड़ा उठाव से संबंधित शिकायतों का अधिकतम चार घंटे के भीतर निष्पादन किया जा रहा है।नगर निगम के अनुसार, 27 अगस्त से 6 सितंबर 2026 तक अभियान के तहत कूड़ा जमाव एवं कूड़ा उठाव से संबंधित कुल 99 शिकायतें प्राप्त हुईं। नगर निगम की टीम ने सभी शिकायतों का निर्धारित चार घंटे की समय-सीमा के भीतर सफलतापूर्वक निष्पादन कर दिया। शिकायतों के त्वरित समाधान को लेकर नगर निगम के पदाधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। अभियान के तहत प्राप्त शिकायतों और उनके निष्पादन की स्थिति का प्रतिदिन गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है। इससे शिकायतों के निपटारे की निगरानी के साथ अधिकारियों और कर्मियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जा रही है। नगर आयुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया है कि अभियान के तहत प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निर्धारित चार घंटे की टाइमलाइन के भीतर अनिवार्य रूप से निष्पादन करें। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि क्षेत्र में कहीं कूड़ा जमा होने या कूड़ा उठाव से संबंधित समस्या हो तो तत्पर बिहारशरीफ अभियान के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं। निगम द्वारा शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए समय-सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** मिल्की हुड़ाड़ी गांव के समीप सोमवार को एक क रेल हादसे में करीब 70 वर्षीया अज्ञात महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुजुर्ग महिला रेलवे पटरी पार कर रही थीं या पटरी के किनारे से गुजर रही थी। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गई। ट्रेन की टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के साथ रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया है। मृतका की उम्र करीब 70 वर्ष आंकी जा रही है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के गांवों में संपर्क कर महिला की पहचान कराने में जुटी है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि यदि किसी गांव में इस उम्र की कोई बुजुर्ग महिला लापता है या उनके संबंध में कोई जानकारी हो, तो तत्काल निकटतम थाने से संपर्क करें।

### मेंटेनेंस कार्य के कारण 8 सितंबर को पूरे दिन बंद रहेगा राजगीर का 8 सीटर रोपवे

**राजगीर।** पर्यटन स्थल राजगीर में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम के तहत संचालित 8 सीटर रोपवे 8 सितंबर को पूरे दिन बंद रहेगा। रोपवे का संचालन मेंटेनेंस कार्य के कारण बंद रखा जाएगा। मेंटेनेंस कार्य पूरा होने के बाद 9 सितंबर से रोपवे का परिचालन पुनः शुरू कर दिया जाएगा।रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा और बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने के लिए समय-समय पर रोपवे का तकनीकी निरीक्षण एवं मेंटेनेंस कराया जाता है। इसी क्रम में 8 सितंबर को रोपवे में तकनीकी जांच, आवश्यक मरम्मत और जरूरी सुधार कार्य किए जाएंगे। कार्य पूरा होने के बाद 9 सितंबर से यात्रियों के लिए रोपवे सेवा सामान्य रूप से उपलब्ध रहेगी।

### ठगी का दो आरोपित गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना पुलिस ने 50 लाख रुपये की ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो. ओवैश और मो. हिमांशु के रूप में हुई है। भरावपर निवासी फल व्यवसायी परवेज ने दोनों के खिलाफ लहेरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि व्यवसायी ने फल की खेप मंगाने के लिए दोनों आरोपितों को 50 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि रुपये लेने के बाद आरोपियों ने न तो फल भेजा और न ही रकम वापस की। काफी इंतजार के बाद व्यवसायी ने पुलिस से शिकायत की। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों का लोकेशन ट्रेस किया, जो कोलकाता में मिला। इसके बाद विशेष टीम को कोलकाता भेजकर छापेमारी की गई, जहां से दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि आरोपियों ने अन्य व्यवसायियों से भी इसी तरह ठगी की है या नहीं। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

### पैर फिसलने से आहर में डूबा अधेड़, मौत

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के कटौना गांव में रविवार को पानी भरे आहर में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कटौना निवासी रामकृत सिंह के करीब 55 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि धर्मेंद्र कुमार रविवार की सुबह शौच के लिए आहर की ओर गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चले गए और डूब गए। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कतरीसराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।



# दुग्ध सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल : डीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सोमवार को डीआरडीए सभागार में दुग्ध समितियों के अध्यक्ष एवं सचिवों का एक दिवसीय समागम आयोजित किया गया। उद्घाटन जिलाधिकारी रवि प्रकाश, उप विकास आयुक्त शंभू शरण पांडेय एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समागम में दुग्ध उत्पादन, संग्रहण, गुणवत्ता, विपणन, भुगतान व्यवस्था एवं समितियों के सुचारू संचालन पर विस्तृत चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला है। दुग्ध उत्पादन बढ़ाकर किसानों एवं पशुपालकों की आय के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ाए जा सकते हैं। उन्होंने समितियों के संचालन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही, दुग्ध उत्पादकों को समय पर भुगतान और गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण तथा पशुपालकों को गुणवत्तापूर्ण पशु आहार, उन्नत नस्ल, पशु स्वास्थ्य सेवाओं एवं वैज्ञानिक पशुपालन के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि चितरकोली में शीघ्र बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) की स्थापना शुरू होगी। नरहट, रोह, अकबरपुर एवं काशीचक में भी बीएमसी के लिए लगभग 30-30 डिसमिल भूमि चिन्हित की गई है। संबंधित विभाग निविदा प्रक्रिया शुरू करेगा। उन्होंने महिलाओं, युवाओं तथा छोटे एवं सीमांत पशुपालकों को सहकारी समितियों से जोड़ने पर बल दिया। उप विकास आयुक्त ने भी समन्वय के साथ दुग्ध उत्पादन एवं संग्रहण व्यवस्था मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालक, नालंदा डेयरी अरविंद कुमार सिन्हा, प्रभारी संग्रहण डॉ. के.के. आजाद, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुशील कुमार सिन्हा समेत अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं समिति प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के पकरीबरावां-कौआकोल मुख्य पथ पर सरौनी गांव से पहले बुढ़वा बाबा स्थान के समीप सोमवार को स्कूली बस और बाइक के बीच हुई जोरदार टक्कर में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के बहरोई गांव निवासी लगभग 22 वर्षीय जितेन्द्र कुमार यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जितेन्द्र कुमार यादव अपनी भगिनी को कौआकोल बाजार में उतारने के बाद बाइक से अपने घर वापस लौट रहा था। बताया जाता है कि मृतक की बहन का घर मननियांतरी गांव में है। वह अपनी भगिनी को अपने घर से उसका घर छोड़ने जा रहा था। इस बीच वह भगिनी को टेम्पो पर बैठाने के बाद वह अकेले अपने घर की ओर वापस लौट रहा था। इसी दौरान बुढ़वा बाबा स्थान के पास विपरीत दिशा से आ रही ब्रज इंदु ज्ञान भारती नामक स्कूली बस से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूली बस के शीशे तोड़ दिए और वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क पर आवागमन बाधित करते हुए सड़क जाम कर दिया। घटना के बाद मुख्य पथ पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सिरोडाबर और महादेव मोड़ से तीन वारंटी गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिरोडाबर और महादेव मोड़ से तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई न्यायालय से निर्गत वारंट के आलोक में की गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अपने-अपने घरों में छिपे हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की।गिरफ्तार वारंटियों की पहचान सिरोडाबर गांव निवासी दुखी यादव के पुत्र सुभाष यादव, महादेव मोड़ निवासी संतोष राजवंशी के पुत्र रोहित कुमार और महादेव सिंह के पुत्र कन्हैया कुमार के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था और पुलिस को काफी दिनों से इनकी तलाश थी।थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तीनों वारंटियों को सोमवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाने के लिए फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# ओपीडी में उमड़ रही मरीजों की भारी भीड़

## अनुमंडलीय अस्पताल में वायरल का प्रकोप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में क्षेत्र में मौसम के अचानक करवट बदलते ही सर्दी, खांसी और तेज बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इस स्थिति के कारण 75 शैय्या अनुमंडलीय अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी दबाव बन गया है।अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन इलाज कराने पहुंच रहे मरीजों का आंकड़ा 400 के पार जा चुका है। सोमवार की सुबह से ही रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर जांच प्रयोगशालाओं तक मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे अस्पताल परिसर में दिनभर गहमागहमी का माहौल बना रहता है।

इस बार का वायरल बुखार आम दिनों की तुलना में अधिक गंभीर रूप दिखा रहा है। मरीजों में तेज बुखार के साथ अत्यधिक शारीरिक कमजोरी और खांसी के लक्षण पाए जा रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि प्राथमिक उपचार के रूप में दी जाने वाली सामान्य पैरासिटामोल दवा से भी मरीजों का बुखार आसानी से नहीं उतर रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों द्वारा केवल लक्षणों के आधार पर दवा देने के बजाय मरीजों को तुरंत डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों की रक्त जांच कराने की सलाह दी जा रही है। अस्पताल में आने वाले मरीजों की भारी भीड़ को संभालने और उन्हें तुरंत राहत पहुंचाने के लिए चिकित्सकों की टीम लगातार मुस्तैद है। डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. श्यामनंदन प्रसाद, डॉ. जयप्रकाश भारती तथा डॉ. मुकेश कुमार दिन-रात ओपीडी और इनडोर वार्डों में मरीजों की गहन जांच कर उनका उपचार कर रहे हैं। डॉक्टरों द्वारा मरीजों को समय पर दवा लेने और विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

जिन मरीजों का बुखार अधिक है अथवा जिन्हें डिहाइड्रेशन और गंभीर कमजोरी की शिकायत है, उन्हें तुरंत इनडोर वार्ड में भर्ती किया जा रहा है। वर्तमान में अस्पताल के इनडोर वार्ड में भर्ती होकर इलाज करा रहे मरीजों में दिबौर की अनिशा कुमारी, घसियाडीह की ललिता कुमारी तथा अंधरवारी की बेबी देवी समेत कई अन्य लोग शामिल हैं। इन मरीजों को आवश्यक ड्रिप और सलाइन चढ़ाकर उनकी स्थिति पर नजर रखी जा रही है। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि दवाइयों और बेड की उपलब्धता पर्याप्त है और स्थिति नियंत्रण में है।

# दिव्यांग शिविर को लेकर शिक्षा सेवकों की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए आगामी 15 सितंबर को नरहट बीआरसी में सुबह 10 बजे दिव्यांग शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए सोमवार को शिक्षा सेवकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गांधी फेलो दिव्या शेखावत ने की। उन्होंने शिक्षा सेवकों को अपने-अपने क्षेत्र में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर अभिभावकों को शिविर में लाने का निर्देश दिया। जानकारी दी गई कि शिविर में आने वाले बच्चों को आधार कार्ड, दो फोटो और दिव्यांग प्रमाण-पत्र लाना होगा। जिनके पास प्रमाण-पत्र नहीं है, उनका प्रमाण-पत्र शिविर में ही बनवाया जाएगा। शिविर में जरूरतमंद बच्चों को व्हीलचेयर, कान की मशीन, ट्राईसाइकिल, बैसाखी, ब्रेल किट, सफेद छड़ी, एमएसआइडी किट आदि उपकरण दिए जाएंगे। इस मौके पर सुरेन्द्र पासवान, गणेश कुमार अलका कुमारी, संजय कुमार, राकेश कुमार सहित सभी टोला/शिक्षा सेवक उपस्थित थे।

### कहुआरा में आठ दिनों से जलापूर्ति ठप

**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड की कहुआरा पंचायत (वार्ड 2 से 6) में पिछले आठ दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीण भीषण जल संकट झेल रहे हैं। लोगों को 1 किलोमीटर दूर बोरिंग से माथे पर पानी ढोने को मजबूर होना पड़ रहा है। जल मीनार संचालक उदय सिंह ने ट्रांसफार्मर में खराबी को कारण बताया, वहीं ग्रामीण नरेश महतो, राजो यादव और विजय प्रसाद का कहना है कि मोटर जलने की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है। ग्रामीणों ने विभाग से ट्रांसफार्मर और मोटर दुरुस्त कर जल्द जलापूर्ति शुरू करने की मांग की है। मामले पर पीएचईडी के कनीय अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि बिजली की समस्या ठीक कर ली गई है। जला हुआ मोटर मरम्मत के लिए भेजा गया है, जिसे जल्द ठीक कर जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### गुरु सम्मान समारोह में प्राइवेट शिक्षकों को मिला सम्मान

**नवादा।** जिले के प्राइवेट शिक्षकों का मजबूत संगठन प्राइवेट कोचिंग और ट्यूशन संघ की ओर से गुरु सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन नवादा नगर थाना निरीक्षक उमाशंकर सिंह, नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष संजय साहू, प्रोफेसर अंजनी पांडे, प्रोफेसर सुनील गुप्ता, प्रोफेसर महेश प्रसाद, संघ के अध्यक्ष डॉ अमरदीप सिन्हा ने दीप प्रज्वलित करके शुरूआत किया। मंच संचालन सृजन आर्ट्स के विजय शंकर पाठक ने किया। प्राइवेट कोचिंग और ट्यूशन संघ के अध्यक्ष डॉ अमरदीप सिन्हा ने कहा कि सरकारी शिक्षकों को मिलने वाले सम्मान के साथ-साथ निजी शिक्षकों को भी जिला प्रशासन द्वारा सम्मान दिए जाने की मांग किया। प्राइवेट शिक्षकों ने छात्रों के भविष्य और राष्ट्र निर्माण में अनवरत सेवा देने का संकल्प लिया। मौके पर मोदी रेलवे साइको की प्रतिनिधि विनय कुमार, एंबीशन करियर इंस्टीट्यूट के विक्रम कुमार, साइबोटेक कंप्यूटर के सूरज कुमार, आदित्य केमिस्ट्री के आदित्य कुमार, कॉमर्स टाइम्स के अभिक कुमार, टूडेज कंप्यूटर के शशि कुमार, एडीजी के संस्थापक आनंद कुमार, एक्सेंट कॉमर्स के शिवेंद्र कुमार, नरेश टीचिंग सेंटर के नरेश कुमार, एप्टीट्यूड इंस्टीट्यूट के नासिर एवं अरशद जी, मदर्स प्राइड के चंदन कुमार, प्रभात मैथमेटिक्स के प्रभात कुमार, मगध ट्यूटोरियल एवं एडमिशन आश्रम के विकास कुमार, सर्वोदय कोचिंग के अविनाश आर्या, मॉडर्न क्लासेस के नीरज कुमार, ज्ञान भूमि कोचिंग के दीपांकर कुमार, मिथिलेश इंग्लिश के संस्थापक मिथिलेश कुमार, माउंट मिरेकल के सुमित कुमार, मणि भूषण सिन्हा इतिखब,मां शारदा कोचिंग सेंटर के आशीष कुमार, एवं शिक्षिका सुमन कुमारी वर्मा, आरती कुमारी, एसेंट कंप्यूटर के सेजल कुमारी, शंकर कुमार,मृत्युंजय कुमार, प्रहलाद कुमार, मनीष कुमार, सोनू कुमार, सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में सौम्या सिन्हा एवं सबीर जी एवं अपने अपने इंस्टीट्यूट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले को भी सम्मानित किया गया।

### जिलाधिकारी ने समयबद्ध निष्पादन का दिया निर्देश

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। इसी क्रम में जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान कुल 40 परिवाद प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया।

# मगध विश्वविद्यालय में प्राचार्यों की बैठक, फीस में एकरूपता और नियमित सत्र पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय मुख्यालय में सोमवार को कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी की अध्यक्षता में सभी अंगीभूत महाविद्यालयों के प्राचार्यों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत बनाने और छात्र हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम, सीसीडीसी प्रो. संजय कुमार तिवारी, वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह और छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी उपस्थित रहे। बैठक में सभी महाविद्यालयों में विद्यार्थियों से विभिन्न मदों में लिए जाने वाले शुल्क में एकरूपता लाने पर सहमति बनी। इसके अलावा शैक्षणिक सत्र को नियमित करने और पठन-पाठन सुचारू रूप से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया। कुलपति ने निर्देश दिया कि नए सत्र में महाविद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों की नियमित उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि शिक्षण कार्य प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। विभिन्न विषयों में नए स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने की संभावनाओं पर भी सकारात्मक चर्चा हुई। साथ ही महाविद्यालयों की आधारभूत संरचना को बेहतर बनाने, नए सत्र में नवाचार अपनाने और बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। कुलपति प्रो. केशरी ने सभी प्राचार्यों से उनके महाविद्यालयों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली तथा जमीनी स्तर पर सामने आ रही समस्याओं और चुनौतियों को सुना। सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर मिश्र सहित सभी महाविद्यालयों कुमार के प्राचार्यों ने विश्वविद्यालय प्रशासन की पहल का स्वागत किया। प्राचार्यों ने कहा कि ऐसी बैठकें समय-समय पर होने से विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय बना रहता है। इससे समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ विश्वविद्यालय के समग्र विकास को गति मिलती है।

## सड़क हादसा में अज्ञात महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** पंचानपुर-गया मुख्य मार्ग पर सीयूएसबी के समीप सोमवार को हुए वाहन हादसे में करीब 40 वर्षीय अज्ञात महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को तत्काल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पंचानपुर एसएचओ अशोक कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया था। महिला की पहचान के लिए आसपास के गांवों और स्थानीय स्तर पर काफी प्रयास किया गया, लेकिन देर शाम तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को मगध मेडिकल अस्पताल स्थित शव गृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस महिला की पहचान कराने के साथ हादसे में शामिल वाहन का पता लगाने में जुटी है।

# नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में हजारों मरीजों का इलाज

**अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल ने पटवाटोली में किया आयोजन, दवाओं का भी मुफ्त वितरण**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** आर्येय अरिहंत फाउंडेशन के तत्वावधान में गया के दुर्गा स्थान मंदिर प्रांगण, पटवाटोली, मानपुर में अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में लगभग हजारों मरीजों का मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श और इलाज किया गया। मरीजों के बीच निःशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया। आयोजन में श्री दुर्गा जी पटवाय जाति के अंतर्गत पटवा आरोग्य मंदिर का सहयोग रहा। शिविर में अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत निश्चल और डॉ. कविता निश्चल की प्रमुख भूमिका रही। उनके अलावा डॉ. अभिरंजन प्रसाद, डॉ. अभिजीत कुमार, डॉ. नीरज कुमार मिश्रा, डॉ. जामिल अंसारी, डॉ. अमबरी परविन, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. सौरभ राज और डॉ. राखी रंजन ने मरीजों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने में सहयोग किया। विवेक कुमार, रमेश कुमार, अमर पांडेय, अमित कुमार, आदित्य शर्मा, मनोज कुमार, संतोष कुमार और सतीश कुमार भी शिविर में मौजूद रहे। डॉ. नवनीत निश्चल ने कहा कि अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवा और दवा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर कई लोग पैसे के अभाव में उचित इलाज नहीं करा पाते। ऐसे लोगों को सेवा भाव से निःशुल्क इलाज और दवा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सेवा आगे भी जारी रहेगी। शिविर के आयोजन पर स्थानीय लोगों ने अर्श सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और डॉ. नवनीत निश्चल व डॉ. कविता निश्चल के प्रति आभार जताया।

## विवादों का समाधान, आपसी सहमति से राष्ट्रीय लोक अदालत के साथ

**बीडीओ के खिलाफ अनशन 5वें दिन भी जारी, अधिकारियों से वार्ता फिर विफल**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ. अभय कुमार रमण के खिलाफ पूर्व उप प्रमुख किशोर कुमार का आमरण अनशन सोमवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। अनशन स्थल पर मेडिकल टीम दिन में 2-3 बार पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कर रही है। किशोर कुमार के साथ अनशन में शामिल नरेश दास की सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा है। इस बीच एडीएम, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना और अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण कुंदन सोमवार को पुनः अनशन स्थल पहुंचे और वार्ता की, लेकिन अनशनकारी अपनी 7 सूत्री मांगों पर अड़े रहे जिसके कारण वार्ता विफल हो गई। अधिकारी मामले की जांच के लिए 10 से 15 दिन का समय मांग रहे हैं और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की बात कह रहे हैं। वहीं किशोर कुमार का कहना है कि उन्होंने अनशन से 10 दिन पहले डीएम सहित कई अधिकारियों को लिखित आवेदन दिया था, लेकिन तब कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब अनशन के बाद जांच की बात की जा रही है। किशोर कुमार ने बीईओ की नियम विरुद्ध प्रतिनियुक्ति रद्द कर उन्हें निलंबित करने की मांग की है। अनशन के समर्थन में दर्जनों लोग मौजूद हैं।

# हथियारबंद अपराधियों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**खिजरसराय।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बाईपास मार्ग पर रविवार की देर रात हथियारबंद अज्ञात बदमाशों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। थाना से करीब 500 गज की दूरी पर अनिल सेठ की गल्ला दुकान का शटर काटकर बदमाश करीब 145 बोरी मूंग पिकअप वाहन पर लादकर फरार हो गए। दुकान में रखे करीब 20 हजार रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए। घटना के दौरान बगल स्थित अस्पताल में फायरिंग किए जाने से इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार देर रात बदमाशों ने पहले दुकान के शटर का ताला काटा। इसके बाद दुकान में रखी मूंग की बोरियों को बाहर निकालकर पिकअप वाहन पर लादा। वारदात के बाद बदमाश दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे और उसकी हार्ड डिस्क भी अपने साथ ले गए। कैमरे के तारों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। शटर काटने में इस्तेमाल किया गया औजार घटनास्थल पर ही छूट गया। बदमाशों ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया। बगल स्थित सनी उजाला की दुकान का कैमरा भी क्षतिग्रस्त पाया गया। इससे पुलिस की जांच में सीसीटीवी फुटेज से मिलने वाले संभावित साक्ष्य प्रभावित हुए हैं। चोरी के दौरान बदमाशों ने बगल स्थित अस्पताल का दरवाजा खोलने के लिए कहा। अस्पताल कर्मी अजय कुमार द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने ग्रिल में हाथ डालकर करीब चार राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग में अस्पताल का शीशा टूट गया। घटना के समय अस्पताल में डॉक्टर शशिकांत शर्मा मौजूद थे। घटना की जानकारी मिलने पर व्यवसायी अनिल कुमार के पुत्र निशु कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगी अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद रहने के कारण बाईपास मार्ग पर रात में अंधेरा रहता है। स्थानीय व्यवसायियों का कहना है कि अंधेरे के कारण अपराधियों को वारदात करने में सुविधा मिली। घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों और व्यवसायियों में आक्रोश है। व्यवसायियों ने रात्रि गश्ती व्यवस्था मजबूत करने, बाईपास मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने तथा अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। दुकानदारों के अनुसार अनिल सेठ की दुकान में पूर्व में भी चोरी की घटना हो चुकी है।

## दिल्ली में गैस सिलेंडर विस्फोट में जीजा-साला की मौत

**इमामगंज पहुंचा शव तो चीख-पुकार से गूंज उठा अलीनगर गांव**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इमामगंज।** दिल्ली में गैस सिलेंडर विस्फोट में झुलसे जीजा-साले की इलाज के दौरान मौत के बाद सोमवार को पंकज कुमार का शव इमामगंज के अलीनगर गांव पहुंचा तो पूरे गांव में मातम पसर गया। वहीं हादसे में पंकज के साथ उनके जीजा राजेंद्र राम (38) की भी मौत हो गयी। राजेंद्र राम का शव उनके पैतृक घर पलामू ले जाया गया। मालूम हो कि मृतक दोनों दिल्ली एयरपोर्ट पर स्वीपर का काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार तीन सितंबर को पंकज कुमार और उनके जीजा राजेंद्र राम दिल्ली में ड्यूटी पूरी कर अपने कमरे पर लौटे थे। दोनों ने खाना बनाया और खाना खाने के बाद सो गए। इसी दौरान कमरे में गैस का रिसाव होने लगा। इसके बाद आग लगी और सिलेंडर में विस्फोट हो गया जिससे कमरे में सो रहे जीजा-साले आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। विस्फोट की आवाज सुनते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई।

# बाढ़ पीड़ितों के बीच पप्पू यादव ने बांटे पैसे, तैरकर पैसे लेने आईं महिलाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**अरवल।** बिहार में बाढ़ की भयावह स्थिति के बीच अरवल जिले के सोनभद्र बंशी प्रखंड के शादीपुर गांव से एक भावुक तस्वीर सामने आई है। बाढ़ के पानी से घिरे गांव में प्रभावित महिलाएं पानी में तैरकर पप्पू यादव तक पहुंचीं। महिलाओं के इस तरह पानी पार कर मदद लेने पहुंचने का वीडियो सामने आने के बाद बाढ़ प्रभावित परिवारों की मुश्किलों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**पानी में तैरकर पहुंचीं महिलाएं हाथ में मिली आर्थिक मदद**

शादीपुर गांव में बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचे पप्पू यादव ने लोगों की समस्याओं को सुना और जरूरतमंद लोगों की मदद की। इसी दौरान कई महिलाएं बाढ़ के पानी को पार कर उनके पास पहुंचीं। पप्पू यादव की ओर से प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता भी दी गई। वीडियो में महिलाएं पानी के बीच से निकलकर मदद लेने के लिए पहुंचती दिखाई दे रही है। बाढ़ के पानी में लोगों की यह मजबूरी तस्वीरों और वीडियो के जरिए साफ नजर आ रही है।

**महिलाओं के चेहरे पर परेशानी और मदद की उम्मीद**

बाढ़ के बीच महिलाओं का पानी में तैरकर सहायता लेने पहुंचना बेहद भावुक करने वाला दृश्य है। गांव में पानी भरने के कारण प्रभावित परिवारों के सामने भोजन, दवा, सुरक्षित स्थान और रोजमर्रा की जरूरतों का संकट बना हुआ है। ऐसे हालात में आर्थिक मदद मिलने से जरूरतमंद परिवारों को तत्काल राहत की उम्मीद है। हालांकि बाढ़ प्रभावित इलाकों में लंबे समय तक राहत और सुरक्षित पुनर्वास की जरूरत भी बनी हुई है।

**पप्पू यादव बोले-मुश्किल समय में लोगों के साथ खड़ा रहना जिम्मेदारी**

पप्पू यादव ने कहा कि शादीपुर गांव में बाढ़ से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को जाना और जरूरतमंद लोगों की मदद की। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में लोगों के साथ खड़ा रहना और उनकी हरसंभव सहायता करना जिम्मेदारी है। उन्होंने बाढ़ पीड़ित परिवारों तक राहत, भोजन, दवा और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराने के लिए हर स्तर पर प्रयास जारी रखने की बात कही।

**शादीपुर की तस्वीर ने दिखाई बाढ़ की असली परेशानी**

बिहार के कई इलाकों में बाढ़ के कारण लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित है। शादीपुर की यह तस्वीर बताती है कि प्रभावित परिवारों के लिए राहत तक पहुंचना भी कई जगह चुनौती बना हुआ है। महिलाएं पानी में तैरकर मदद लेने पहुंचीं तो यह सिर्फ एक वीडियो नहीं बल्कि बाढ़ के बीच ग्रामीणों की मजबूरी और मदद की जरूरत की तस्वीर भी सामने लाता है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार को जागरुकता वाहन रवाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गया डॉ. राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोमवार को अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, शेरघाटी से जागरूकता प्रचार वाहन रवाना किया गया। जिला जज प्रथम-सह-अध्यक्ष, अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, शेरघाटी लवकुश कुमार एवं जिला जज चतुर्थ जावेद अहमद खान ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। यह वाहन शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों एवं प्रमुख स्थानों पर जाकर आम लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित एवं आपसी समझौते से निस्तारण के प्रति जागरूक करेगा। मौके पर जिला जज द्वितीय ललन जी, जिला जज तृतीय अमरजीत कुमार, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम राजेश कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय प्रीति कुमारी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी आलोक कुमार सहित प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष काजिम खान, सचिव सुधीर कुमार सहित वरीय अधिवक्तागण भी मौजूद थे। जिला जज प्रथम लवकुश कुमार ने लोगों से अपील की कि राष्ट्रीय लोक अदालत विवादों के सौहार्दपूर्ण, त्वरित एवं निःशुल्क समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## मृतक के पिता को मिला 20 हजार का पारिवारिक लाभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** श्रीगांव निवासी किशोर धर्मेंद्र कुमार की कुछ दिन पहले नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों को सोमवार को सरकारी सहायता राशि मिली। कोंच बीडीओ चंदन कुमार के निर्देश पर प्रखंड नाजीर जयंत कुमार ने मृतक के पिता रामदीप वर्मा को 20 हजार रुपये की पारिवारिक लाभ की राशि सौंपी। इस दौरान उप मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार उर्फ लालू यादव उपस्थित थे। प्रशासन ने मृतक के परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया।

### यात्री का छूटा पिट्ठू बैग आरपीएफ गया ने सुरक्षित बरामद कर यात्री को सुपुर्द

**गया।** गाड़ी संख्या 11427 जसीडीह वीकली एक्सप्रेस में यात्री का छूटा पिट्ठू बैग आरपीएफ गया ने सुरक्षित बरामद कर यात्री को सुपुर्द कर दिया। सासाराम की यात्रा के दौरान गया स्टेशन पर छूटा नीले रंग का बैग आरपीएफ इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि कैमूर जिले के सोनहन थाना क्षेत्र निवासी सतीश कुमार पुणे से सासाराम की यात्रा कर रहे थे।

## प्रधानाध्यापक देवदत्त तिवारी के निधन पर शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** मध्य विद्यालय बाली के प्रधानाध्यापक देवदत्त तिवारी के निधन पर सोमवार को बीआरसी कोंच में शिक्षकों ने शोक सभा कर एक मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि दी। शिक्षक नेता रंजीत कुमार ने बताया कि देवदत्त तिवारी 55 वर्ष के थे। सोमवार सुबह हृदय गति रुकने से पटना में उनका निधन हो गया। वे 1999 बैच के शिक्षक थे और एक कुशल प्रशिक्षक के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने बीआरसी कोंच सहित जिले में कई बार प्रशिक्षण दिया था। शोक सभा में उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि देवदत्त तिवारी के निधन से शिक्षा जगत की अपूरणीय क्षति हुई है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/45, दिनांक 07.09.2026;** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित मदों की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सं., विवरण, ईएमडी क्रमशः निम्नलिखित हैं: (1) 07261083;** आरडीएसओ के विनिर्देश सं. सी-9407, टाइप-II, संशो. 4 अगस्त 2023 के अनुसार एक सतह पर (3350+/-10 मिमी) x (770+/-5 मिमी) x 12 मिमी आकार का लकड़ी आधारित इम्प्रेगनेटेड कम्प्रेस्ड लैमिनेट्स चेक्कर्ड डिजाइन की खरीददारी; रु. 5,41,790/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 22.09.2026 को 13.30 बजे। **(2) 14261031;** कम रखरखाव वाली लीड एसिड सेल; रु. 2,13,090/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 02.11.2026 को 13.30 बजे। **(3) 10252356सी;** बीयूएस एडमिनिस्ट्रेटर (एफवीबी प्रोसेसर) इत्यादि; रु. 1,36,700/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 21.09.2026 को 13.30 बजे। **(4) 05261067ए;** आईएस: 309/2023, 5वाँ संशोधन के अनुसार कम्प्रेस्ड ऑक्सीजन गैस की खरीददारी; रु. 1,35,980/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 22.09.2026 को 13.30 बजे। **(5) 10262295ए;** इलेक्ट्रॉन बीम सिंगल कोर केबल; रु. 1,07,130/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 23.09.2026 को 13.30 बजे। **(6) 21262091;** एयर ब्रेक इत्यादि के 11" बोगी माउंटेड ब्रेक सिलिंडर के लिए हैंड ब्रेक केबल असेम्बली के सेट की खरीददारी; रु. 1,77,030/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 22.09.2026 को 13.30 बजे। **(7) 15265088;** रोटरी इलेक्ट्रिक एयर कम्प्रेशर (500 सीएफएम, 10 किग्रा/सीएम2) के साथ आनुषंगिक उपकरणों एवं पुर्जों की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना; रु. 1,39,620/-। **(8) 15245098सी;** संलग्न तकनीकी विनिर्देश के अनुसार टर्नकी आधार पर एएमएफ कंट्रोल पैनल के साथ 400 केवीए डीजल जेनरेटर सेट की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करने के लिए खरीददारी; रु. 1,30,000/-। **(9) 15265095;** विद्युत संचालित 500 सीएफएम, 10 किग्रा/वर्ग सेमी एयर कम्प्रेशर रोटरी स्क्रू (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) की आपूर्ति, स्थापना एवं चालू करना; रु. 1,18,520/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 05.10.2026 को 13.30 बजे। (क्रम सं. 7, 8 एवं 9 के लिए)। **(10) 10251151ए;** बीसीबी के लिए सीकेडी पीआरवीएमएफआर38246एलसी_एस के साथ सिंगल इंटररप्टर टाइप 22सीबी सहित मैसर्स श्नाइडर इलेक्ट्रिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का 31 मदें सम्मिलित ओईओएच सर्विस किट; रु. 1,81,160/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 23.09.2026 को 13.30 बजे। **(11) 10262219;** पारम्परिक रेल इंजनों के लिए रिले क्यूएलएम टाइप डीआई की खरीददारी। सीएलडब्ल्यू की विनिर्देश सं. सीएलडब्ल्यू/ईएस/आर-27 अल्ट-जेड के अनुसार; रु. 1,37,520/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 22.09.2026 को 13.30 बजे। **(12) 10261125;** एओएच रखरखाव इत्यादि के लिए सब किट एओएच-I; रु. 1,92,950/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 22.09.2026 को 13.30 बजे। **(13) 05261283;** डब्ल्यूएजी9/डब्ल्यूएपी7 रेल इंजनों इत्यादि के ट्रैक्शन मोटर बीयरिंग तथा सस्पेंशन ट्यूब बीयरिंगों के लिए सर्वोप्लेक्स एसएचसी-120 (आईओसीएल) ग्रीस की खरीददारी; रु. 4,65,360/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 21.09.2026 को 13.30 बजे। **(14) 21261284;** एल-टाइप कम्पोजिशन ब्रेक ब्लॉक की खरीददारी; रु. 1,34,330/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 29.09.2026 को 13.30 बजे। **(15) 21261532;** नया डोरवे स्टिफनर क्रॉसबार इत्यादि; रु. 9,36,120/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 30.09.2026 को 13.30 बजे। **(16) 21261127;** एयर ब्रेक होज कपलिंग इत्यादि; रु. 10,95,960/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 05.10.2026 को 13.30 बजे। **(17) 08255057;** एक्सएलपीई इंसुलेटेड, पीवीसी आउटर शीथेड एलटी 1100वी की आपूर्ति एवं जांच; रु. 1,75,970/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 24.09.2026 को 13.30 बजे। **(18) 11261002;** बोलस्टर स्प्रिंग की खरीददारी (उच्च क्षमता पार्सल वैन के लिए); रु. 1,16,430/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 28.09.2026 को 13.30 बजे। **(19) 11261083;** 203.2 मिमी x 95.25 मिमी ब्रेक सिलिंडर के साथ स्लैक एडजस्टर इत्यादि; रु. 1,15,550/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 25.09.2026 को 13.30 बजे। **(20) 11261811;** वर्टिकल एप्लीकेशन के लिए डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक एब्जार्बर (600 किग्रा); रु. 3,24,180/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 23.09.2026 को 13.30 बजे। **(21) 05261185;** सिलिंड्रिकल रोलर बीयरिंग एनयूपी-318एमसी4 इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,34,810/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 28.09.2026 को 13.30 बजे। **(22) 11261126;** इंटरकार गैंगवे मार्उटिंग इत्यादि; रु. 12,79,760/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 23.09.2026 को 13.30 बजे। **(23) 05261229;** 1400 सीआईएल केटीए 50एल डीईएमयू इंजनों इत्यादि के लिए क्रैंककेस ऑयल 15डब्ल्यू40 एपीआई सीएच4 की खरीददारी; रु. 2,37,410/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 28.09.2026 को 13.30 बजे। **(24) 21261413;** डोर असेम्बली (डबल लिंक) इत्यादि; रु. 10,03,590/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 03.10.2026 को 13.30 बजे। **(25) 11261063;** ड्रॉ हूक (उन्नत) इत्यादि की खरीददारी; रु. 1,70,470/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 01.10.2026 को 13.30 बजे। **(26) 1226_एलसी_फीटिंग_4916;** आरडीएसओ आरेख सं. टी-4916 के अनुसार फीटिंगों के साथ 60 किग्रा के लिए पीएससी स्लीपरों बीजी पर लेवल क्रॉसिंग फीटिंगों की खरीददारी; रु. 4,69,450/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 08.09.2026 को 13.30 बजे। **(27) 1226_आईएसईजे_6902;** आरडीएसओ की आरेख सं. टी-6902 के अनुसार उन्नत स्विच एक्सपेंशन ज्वाइंट की खरीददारी के लिए चालू अनुबंध; रु. 12,72,040/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 29.09.2026 को 13.30 बजे। **(28) 12261094;** 6.2 मिमी मोटी 60 किग्रा यूआईसी रेल के लिए कम्पोजिट ग्रूव्ड रबड़ सोल प्लेट (सीजीआरएसपी) के लिए 2 वर्षों का आरजीसी; रु. 20,00,000/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 25.09.2026 को 13.30 बजे। **(29) 1226_ईएनडी_सीयूटी_एचवीएन;** विभिन्न इंड कट कंबीनेशन हाई विस्कोस नॉयलन (एचवीएन-66) इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध; रु. 5,77,050/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 18.09.2026 को 13.30 बजे। **(30) 22261609;** इंजेक्शन डर्वेलूमैब 500 एमजी, मद कोड सं. एम261924, एआई/2026-27 के लिए क्रम सं. 1170; रु. 3,23,430/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 24.09.2026 को 13.30 बजे। **(31) 22261333;** नोडल के साथ इंट्राट्रियल प्रयोग के लिए इंजेक्शन एप्लिबर्सेप्ट 40 एमजी/एमएल (उत्पाद रेलवे बोर्ड की निर्माता फर्मों की अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) एआई 2026-27; रु. 3,04,790/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 21.09.2026 को 13.30 बजे। **(32) 1226_मेटललाइनर_8995;** आरडीएसओ आरेख सं. टी-8995 के अनुसार शॉर्प कर्व के लिए मेटल लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध; रु. 1,23,630/-। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 30.09.2026 को 13.30 बजे। **निविदा की कीमत:** रु. 0 (सभी के लिए)। **टिप्पणी:** उपरोक्त उल्लेखित सभी निविदाएँ ई-निविदा हैं तथा सभी निविदादाताओं से अपनी बोलियां आईआरईपीएस की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** के जरिए ऑन-लाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ऊपर उल्लेखित निविदाओं तथा अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में एवं अधिक विवरण के लिए कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें। (STORES-33/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## महादेव खोह को स्वच्छ बनाने के लिए चला विशेष सफाई अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** जिले के नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र में कैमूर पहाड़ियों की गोद में स्थित प्रसिद्ध धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल महादेव खोह में रविवार को व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। सावन मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और पर्यटकों के पहुंचने से मंदिर परिसर एवं आसपास के मेला क्षेत्र में काफी मात्रा में कचरा जमा हो गया था जिससे इस खूबसूरत प्राकृतिक स्थल की सुंदरता प्रभावित हो रही थी। महादेव खोह समिति के सचिव राधासूत सिन्हा द्वारा शनिवार को सोशल मीडिया के माध्यम से सफाई की अपील किए जाने के बाद स्थानीय युवा, समिति सदस्य, पत्रकार एवं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सफाई अभियान के लिए आगे आए। वहीं जिलाधिकारी रोहतास के निर्देश पर नगर पंचायत रोहतास ने भी पहल करते हुए अपने स्वच्छता कर्मियों को महादेव खोह भेजा। सफाई कर्मियों एवं स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास से मंदिर परिसर और आसपास फैली गंदगी को साफ किया गया। नगर पंचायत रोहतास के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक भारती ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कर्मियों को भेजकर महादेव खोह परिसर की साफ-सफाई कराई गई है। महादेव खोह समिति के सचिव राधासूत सिन्हा ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की कि यह सिर्फ एक धार्मिक स्थल ही नहीं बल्कि हमारी प्राकृतिक धरोहर भी है। यहां आने वाला हर व्यक्ति स्वच्छता का ध्यान रखे और प्लास्टिक अथवा अन्य कचरा इधर-उधर न फेंके। मौके पर सूरज नारायण कश्यप, बिजय गुप्ता, प्रदीप साह, विजयमल कुमार, अजय कुमार, सन्तोष मिंज, उत्तम कुमार, सुजीत कुमार, मनोज कुमार, पिन्टू कुमार, अंकित कुमार, मुकेश मिंज सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## गोदरेज का ताला तोड़ 5 लाख के जेवर ले उड़े चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** डोभी थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर लाखों रुपये के आभूषण और कीमती सामान चुरा लिया। घटना की जानकारी सोमवार सुबह ग्रामीणों ने गृहस्वामी को दी अनुमान है चोरी शनिवार की रात हुई होगी। बताया जाता है कि पिडासिन मध्य विद्यालय के शिक्षक संजय पासवान का घर लम्बे समय से बंद था। सभी परिवार गयाजी में डेरा लेकर रहता है। सोमवार के सुबह ग्रामीणों की सूचित करने पर पासवान घर पहुंचे तो देखा गोदरेज और बक्से के ताले टूटे हुए थे तथा अंदर रखा सारा कीमती सामान गायब था। घर के अन्य सामान बिखरे पड़े थे जिससे सामान उठाने का अंदेशा और गहरा गया।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-24, दिनांक 04.09.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए विद्युत ठेकेदारी का वैध लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस तथा वित्तीय रूप से कार्य सम्पन्न करने की क्षमता रखने वाले अपेक्षित निविदादाताओं से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-24, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल - एंटी-क्लाइम्बिंग उपकरण, एंटी-बर्ड डिस्क, डबल कंटैक्ट वायर इत्यादि के प्रावधान तथा अन्य विश्वसनीयता सुधार उपायों द्वारा ओएचई की विश्वसनीयता में सुधार। **निविदा मूल्य:** रु. 4,14,10,029.94; **बयाना राशि:** रु. 8,28,200; **कार्य समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। **खुलने की तारीख एवं समय:** 05.10.2026 को 15.00 बजे। **कार्य के लिए प्रस्तावों की वैधता:** खुलने की तारीख से 60 दिन। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (ASN-247/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संपादकीय

## बीसीआई ने छात्रों के भविष्य पर लगाया अपना फरमान



इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि अदालत में कानून के आधार पर पैरोकारी करने से जुड़ा कोई संगठन ही या तो अपने अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करने की कोशिश करे और अपनी सीमा का अतिक्रमण करे। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में स्पष्ट व्यवस्था दी है कि अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करके कोई भी संस्था ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकती, जिससे किसी का भविष्य बाधित हो। गौरतलब है कि हैदराबाद स्थित नालसार विधि विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी बीसीआइ के अध्यक्ष ने कुछ समय पहले एक आदेश जारी कर दिया था कि वहां पढ़ने वाले पूरे बैच के विद्यार्थियों का वकील के रूप में नामांकन किसी भी राज्य के बार काउंसिल में न किया जाए। उसके बाद इस मसले पर काफी विवाद उठा था कि क्या सिर्फ इसलिए विद्यार्थियों के भविष्य या करिअर को बाधित किया जा सकता है कि उन्होंने किसी कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश के आने पर आपत्ति जताई थी। हालांकि इस विवाद के तूल पकड़ने के बाद बीसीआइ के अध्यक्ष ने वह आदेश वापस ले लिया था, लेकिन यह सवाल अपनी जगह कायम रहा कि क्या उसके पास विद्यार्थियों के खिलाफ ऐसा आदेश जारी करने का अधिकार है। इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि बीसीआइ के पास विधि के छात्रों के आचरण को नियंत्रित करने की वैधानिक शक्ति नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के संबंध में किसी भी तरह की कार्रवाई करना उस संस्थान का विषय है। संस्थान अपने नियमों और विनियमों के मुताबिक इस पर फैसला ले सकता है। मगर हैरानी की बात यह है कि एक ऐसे मामले में बीसीआइ ने अतिरिक्त सजगता दिखाते हुए नालसार विधि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के खिलाफ फरमान जारी कर दिया था, जिससे उसका कोई सीधा वास्ता नहीं था। सवाल है कि वहां के कुछ विद्यार्थियों ने अगर किसी मसले पर अपनी असहमति जाहिर की थी, तो क्या यह उनकी अभिव्यक्ति की आजादी और अधिकार के तहत नहीं आता है। सिर्फ इसके लिए समूचे बैच के खिलाफ आदेश जारी कर देने की हड़बड़ी के पीछे आखिर कौन-सी मानसिकता काम कर रही थी? क्या बीसीआइ को इस बात का अंदाजा नहीं था कि अगर यह मामला अदालत में जाएगा, तो तर्कों और कानूनों की कसौटी पर उसे कैसे देखा जाएगा? यह विचित्र है कि बीसीआइ खुद कानून के पेशे को विनियमित करने वाली एक संवैधानिक संस्था है और इसके बावजूद उसे नियम-कायदों का पालन या अन्य तकाजों का ध्यान रखना जरूरी नहीं लगा। यों भी, बीसीआइ सिर्फ उन्हीं को विनियमित कर सकती है, जो वकील के रूप में नामांकित हो चुके हों। कानून के छात्रों की किसी गतिविधि पर कोई आदेश जारी करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। मगर यह समझना मुश्किल है कि कानून के पेशे के दायरे में काम करने वाली किसी संस्था ने किस प्रावधान के तहत विद्यार्थियों के खिलाफ वह आदेश जारी कर दिया। यह बेवजह नहीं है कि बीसीआइ के उस फैसले के जारी होने की प्रक्रिया पर सवाल उठे और उसके मनमाने रवैये पर जवाबदेही तय करने की मांग की गई। दरअसल, यह एक तरह से बीसीआइ की ओर से अपने अधिकारों की सीमा का अतिक्रमण था और इसे विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति को दबाने की कोशिश के तौर पर भी देखा जा सकता है।

# तबाही रोकने के लिए नए सिरे से सोचना होगा

**मसलन, किसान की एक गाय या भैंस केवल एक पशु नहीं होती, यह बच्चों के लिए दूध-भोजन, शिक्षा और परिवार के लिए नियमित आय का आधार होती है। इसी तरह फसल का नुकसान केवल एक मौसम की आय का नुकसान नहीं है, किसान की अगली फसल के लिए बीज, खाद, सिंचाई, मजदूरी, पानी के लिए पूंजी का आधार भी है। आपदा प्रबंधन का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं किया जा सकता कि कितने लोगों को बचाया गया या कितने राहत शिविर लगाए गए। समग्रता से हर स्तर, हर क्षेत्र और हर व्यक्ति के नुकसान का मूल्यांकन होना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि असम में राहत और स्थायी पुनर्वास के लिए पूरे दम-खम और ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम किया जाएगा। बाढ़ का पानी उतरने के बाद राहत के कार्य तेजी से करने की बेहद जरूरत है। यह तभी संभव है जब बाढ़ प्रभावित राज्यों के अधिकारी पूरी संवेदना और ईमानदारी के साथ राहत कार्यों की निगरानी करें।**

अखिलेश आर्येंदु

नेपाल की आपदा से इतर भारत में बाढ़ इस साल भी असम, केरल, हिमाचल, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर आदि जगहों पर आफत बन कर आई। अब तक जो आकलन किया गया है, उसके मुताबिक सैकड़ों लोगों की जान गई है। हजारों की संख्या में मवेशी मारे गए हैं। लाखों हेक्टेयर फसल बर्बाद हुई है। लाखों परिवार प्रभावित हुए हैं। वहीं, सैकड़ों सड़कें, पुल, मकान और बाग-बगीचे पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। अब प्रशासन के सामने बाढ़, भूस्खलन और अतिवृष्टि की वजह से हुई बर्बादी के बाद अलग-अलग स्तर की कई चुनौतियां सामने हैं। सबसे ज्यादा चुनौतियां असम में दिख रही हैं। वहां राहत के बाद पुनर्वास एक बड़ा संकट है। पीड़ित परिवारों को भुखमरी से बचाना जरूरी है। स्कूल छोड़ने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा नियमित करना भी बड़ी चुनौती है। दरअसल, बाढ़ के बाद असली परीक्षा राज्य सरकारों, आपदा प्रबंधन विभाग और बाढ़ पीड़ितों की होती है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रभावित नागरिकों, खासकर जिनके मकान और खेत-खलिहान पूरी तरह नष्ट हो गए होते हैं, उनके लिए स्थायी पुनर्वास और भुखमरी से बचाने की होती है। असम, ओडिशा, केरल, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में हजारों गिरे मकानों को फिर से बना कर लोगों के लिए तत्काल भोजन, पानी-बिजली और अन्य जरूरी चीजों की बेहतर व्यवस्था करना सरकार के लिए किसी कड़ी परीक्षा से कम नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारें आपदा राहत के लिए मुख्यतः राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) और जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की मदद लेती हैं, लेकिन इस वक्त सबसे बड़ी चुनौती यह है कि राहत का काम अपेक्षाकृत तेजी से कैसे हो, जबकि स्थायी पुनर्वास में क्षति का सर्वेक्षण, पात्र परिवारों की पहचान, मुआवजा, बुनियादी ढांचे की पुनर्बहाली में समय अधिक लगने से परिवारों को भुखमरी और दूसरी समस्याओं को कम समय में



उचित समाधान करने की चुनौती बनी रहती है। इसलिए बेहतर बाढ़ प्रबंधन नए दौर की जरूरत है। इस बार मानसून ने असम से लेकर हिमाचल प्रदेश, केरल और ओडिशा जैसे सबसे ज्यादा बाढ़ प्रभावित राज्यों तक यह सवाल फिर सामने रखा है कि क्या हम हर साल बाढ़ आने पर राहत शिविर और मुआवजा देने तक सीमित रहेंगे या ऐसी कोई व्यवस्था बनाएंगे जिसमें बाढ़ के बाद प्रभावित परिवारों को स्थायी रूप से सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाया जा सके। सवाल यह भी है कि स्थायी पुनर्वास और आत्मनिर्भर बनाने वाली नीति को पारदर्शी तरीके से लागू करना और उस पर अमल करवाना क्या संभव है? यह सवाल इसलिए उठा है कि पिछले वर्षों में बाढ़ प्रभावित लोग महीनों तक दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हुए थे। इस साल भी हजारों परिवारों के सामने पुनर्वास की विकट समस्या है। इसके अलावा, सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई, स्कूल और आंगनबाड़ी जैसी परिसंपत्तियों की पुनर्बहाली जैसी समस्याएं हैं, जिन्हें हल करना बेहद जरूरी है। बाढ़ पीड़ितों के लिए स्थायी पुनर्वास और भविष्य में बाढ़ से जोखिम कम करने की चुनौती राज्य सरकारों के सामने होती है, लेकिन हर साल ये समस्याएं उसी रूप में बनी रहती हैं। इसलिए अतिवृष्टि और बाढ़ आने पर लोगों पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि ऐसा बाढ़ नियंत्रण ढांचा तैयार किया जाए, जिससे विकट बाढ़ और बरसात में लोगों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े, जैसे जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे विकसित देशों में देखने में आता है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, असम में इस साल बाढ़ की वजह से सबसे ज्यादा जान-माल और बुनियादी ढांचे का नुकसान हुआ है। इस साल अब तक सौ से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। 10,748.64 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न हो चुका है। 47,000 से अधिक मवेशी बाढ़ में बह गए या भूख से मर गए। असम सरकार के मुताबिक, इस साल 12 अगस्त तक बाढ़ और अतिवृष्टि की वजह से 150 करोड़ का नुकसान हुआ है। सरकार का अनुमान है कि इस साल बाढ़ के बाद राहत और पुनर्वास में एक हजार करोड़ से अधिक खर्च हो सकता है। राज्य सरकार के मुताबिक, यह आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। इसलिए यह कहना जल्दबाजी होगी कि असम को इस साल अतिवृष्टि और बाढ़ से कितना नुकसान हुआ है। हिमाचल प्रदेश में असम से अलग तरह की समस्या है। यहां अचानक आई बाढ़, बादल फटने, भूस्खलन और पहाड़ी ढलानों के टूटने से तबाही मची। तीस जून से 11 अगस्त तक हुए नुकसान के जो आंकड़े राज्य प्रशासन ने उपलब्ध कराए हैं, उसके मुताबिक 70 से अधिक लोगों की मौत हुई है। सार्वजनिक संपत्ति में करीब 910.35 करोड़ का नुकसान हुआ। यहां भी अचानक बादल फटने से ढह गए मकानों को फिर से बनवाना एक बड़ी चुनौती होती है, क्योंकि पहाड़ी इलाका होने की वजह से पुनर्वास सहज नहीं होता है। ओडिशा में बाढ़ और अतिवृष्टि के कारण हर साल की तरह इस साल भी जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। 22 जिलों में 1,458 गांवों और 85 प्रखंडों में 8,63,909 मकानों को नुकसान पहुंचा है। राज्य सरकार ने 110 करोड़ की शुरुआती बाढ़ राहत की घोषणा की। यहां फसलों को सबसे अधिक नुकसान हुआ। इसी तरह केरल में बाढ़, भारी बरसात और भूस्खलन से जान-माल का काफी नुकसान हुआ। ऐसे में राहत के बाद स्थायी पुनर्वास और प्रभावित लोगों को हर तरह की मदद की दरकार है। यहां हर साल बाढ़ और अतिवृष्टि से काफी जान-माल का नुकसान होता है, लेकिन पुनर्वास की समस्या यहां भी है। इस पर राज्य सरकार को गौर करने की जरूरत है। बाढ़, भूस्खलन और अतिवृष्टि के कारण मकानों-मवेशियों और फसलों के नष्ट होने से लोगों पर ऐसी मुसीबत आती है कि प्रभावित क्षेत्रों में कुछ भी दिखाई नहीं देता है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकार की जिम्मेदारी हर स्तर पर बढ़ जाती है। मसलन, किसान की एक गाय या भैंस केवल एक पशु नहीं होती, यह बच्चों के लिए दूध-भोजन, शिक्षा और परिवार के लिए नियमित आय का आधार होती है। इसी तरह फसल का नुकसान केवल एक मौसम की आय का नुकसान नहीं है, किसान की अगली फसल के लिए बीज, खाद, सिंचाई, मजदूरी, पानी के लिए पूंजी का आधार भी है। आपदा प्रबंधन का मूल्यांकन केवल इस आधार पर नहीं किया जा सकता कि कितने लोगों को बचाया गया या कितने राहत शिविर लगाए गए। समग्रता से हर स्तर, हर क्षेत्र और हर व्यक्ति के नुकसान का मूल्यांकन होना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि असम में राहत और स्थायी पुनर्वास के लिए पूरे दम-खम और ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम किया जाएगा। बाढ़ का पानी उतरने के बाद राहत के कार्य तेजी से करने की बेहद जरूरत है। यह तभी संभव है जब बाढ़ प्रभावित राज्यों के अधिकारी पूरी संवेदना और ईमानदारी के साथ राहत कार्यों की निगरानी करें।

अध्यात्म

## मंत्र जप भी एक बीज की तरह है

जीवन में कभी-कभी हमारा मन किसी भी काम में नहीं लगता है। कभी थकान, कभी तनाव, कभी निराशा और कभी मन की उलझनें हमें पूजा-पाठ, ध्यान या मंत्र जप से भी दूर कर देती हैं। फिर भी कई लोग मन न लगने पर भी भगवान का ध्यान करते हैं। क्या ऐसी भक्ति का कोई फल मिलता है? इस संबंध में गोस्वामी तुलसीदास जी से जुड़ा एक प्रसंग प्रचलित है। चर्चित प्रसंग के मुताबिक, एक दिन एक भक्त ने गोस्वामी तुलसीदास से पूछा, 'गुरुदेव, कई बार मन भक्ति करने का नहीं करता, लेकिन मैं फिर भी मंत्र जप करने बैठ जाता हूं। क्या ऐसी भक्ति भी भगवान स्वीकार करते हैं? 'तुलसीदास मुस्कुराए और उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पंक्ति सुनाई- तुलसी मेरे राम को, रीझ भजो या खीज। भौम पड़ा जामे सभी, उल्टा सीधा बीज।।

इसके बाद तुलसीदास जी ने इस दोहे का अर्थ समझाते हुए कहा, 'जैसे किसान खेत में बीज बोता है, तब यह नहीं देखता कि बीज सीधा गिरा है या उल्टा। मिट्टी, पानी और समय मिलने पर हर बीज अंकुरित होता है और धीरे-धीरे फसल बन जाता है। उसी प्रकार भगवान का नाम जप भी एक बीज की तरह है। चाहे मन प्रसन्न हो या उदास, श्रद्धा कम हो या अधिक, यदि व्यक्ति नियमित रूप से मंत्र जप करता रहता है, तो उसका प्रभाव धीरे-धीरे उसके मन और जीवन पर अवश्य दिखाई देता है। ' तुलसीदास जी ने समझाया कि भक्ति केवल भावनाओं का विषय नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास का मार्ग भी है। हर दिन किया गया छोटा-सा प्रयास भी मन को धीरे-धीरे स्थिर बनाता है। कई बार परिणाम तुरंत दिखाई नहीं देते, लेकिन समय के साथ व्यक्ति के विचार, व्यवहार और दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन आने लगता है। यह प्रसंग हमें सीख देता है कि जीवन में हर अच्छी आदत का प्रभाव धीरे-धीरे बनता है। चाहे पढ़ाई हो, व्यायाम हो, ध्यान हो या प्रार्थना– नियमितता ही सबसे बड़ी शक्ति है। मन हर दिन एक जैसा नहीं रहता, लेकिन जो व्यक्ति अपने अच्छे कर्मों में निरंतर बना रहता है, वह अंततः सफलता, शांति और आत्मविश्वास का अनुभव करता है।

**सीखः** अच्छे काम के लिए मन बनने का इंतजार न करें, आदत बनाएं। अक्सर हम सोचते हैं कि जब मन करेगा, तभी अच्छा काम करेंगे, लेकिन सफल लोग मन के भरोसे नहीं, बल्कि अनुशासन के आधार पर आगे बढ़ते हैं। रोज थोड़ा-थोड़ा अभ्यास बड़े परिणाम देता है।

# चींटी से मिली जिंदगी की बड़ी सीख

**सयाने समझाते आए हैं कि जो हमारे पास है, उसका भरपूर आनंद लिया जाए, अपने रिश्तों को सहेजा जाए, उनसे प्यार किया जाए। जीवन कुदरत की छोटी-छोटी नियामतों को निहारने और स्पर्श करने और आनंदित होने के लिए है, न कि पद तथा शक्ति की अंधदौड़ में अनजाने में जीवन आनंद को खोने के लिए है। आने वाले दिनों की चिंता छोड़कर वर्तमान को खुल कर जीना चाहिए। इसे खेल की तरह खेल लेना चाहिए, हां, इसमें भटक नहीं जाना चाहिए और न ही इसे अति गंभीरता से लेना चाहिए। ओशो कहते हैं, 'जीत और हार मायने नहीं रखती। मायने यह रखता है कि इंसान ने जीवन को सचमुच गहराई से जिया, या उसे केवल काट लिया।'**

अमिताभ स. के

'किनारे पर चुपचाप खड़े रहने से बेहतर है, अपने लिए एक नई दुनिया की राह ढूंढ़ते हुए, दस बार लहरों में डूबकर मर जाना।' यह आधुनिक नर्सिंग आंदोलन की अगुआई करने वाली 'लेडी विद द लैंप' फ्लोरेंस नाइटिंगेल का विचार है। इसे यों समझा जा सकता है कि जीवन में आगे बढ़ना चाहते हो, तो बहरे बन जाओ, क्योंकि आसपास के ज्यादातर लोगों की बातें और सुझाव मनोबल गिराने वाले होते हैं। इसलिए हमेशा अपने अंदर की आवाज को सुनो।

वहीं से प्रगति का मार्ग शुरू होता है। और फिर, हर किसी में अनंत संभावनाएं हैं। जो आज इतिहास हो गए हैं, वे भी कभी इसी संभावना के अंश रह चुके हैं। बेशक तमाम कोशिशों के बावजूद हार मिले, लेकिन जुटने और जूझने से मुंह न फेरना जरूरी है। इसलिए जीवन को एक विराट खेल की तरह जीना चाहिए। फर्क नहीं पड़ता कि कोई हारे, या कोई जीते। क्योंकि बिना एक के हारे दूसरे की जीत मुमकिन नहीं है।

कभी फुरसत मिलने पर नन्ही-सी चींटी को टकटकी लगा कर गौर से देखना चाहिए। चींटी अपने से कई गुना बड़ा पत्ता घसीटते इधर से उधर जाती दिख जाएगी। उसे अपने सफर में तमाम रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। वह रुकेगी, रास्ता बदलेगी, फिर



अपनी मंजिल की ओर बढ़ जाएगी। अगर उसके रास्ते जमीन पर कोई दरार आ गई, तो वह क्षण भर रुक जाएगी।

परिस्थिति का भली-भांति जायजा लेगी, फिर पत्ते को दरार के ऊपर टिका देगी। और खुद धीरे-धीरे पत्ते के ऊपर से गुजर जाएगी। दूसरी तरफ पहुंच कर फिर से पत्ता घसीटने लगेगी, और अपना सफर जारी रखेगी। चींटियां रोज-रोज और बार-बार जाहिर करती हैं कि दरारें कभी बड़ी नहीं होतीं, उन्हें पाटने वाले बड़े होते हैं। निहायत छोटे जीव की इतनी बड़ी कोशिश सृष्टि के चमत्कार पर चिंतन करने के लिए विवश कर देती है। नन्हे से नन्हा प्राणी भी विश्लेषण, चिंतन और तर्क खोज कर, आने वाली चुनौतियों पर विजय पाने और प्रश्नों के हल की तरकीब खोजने के लिए कितना सक्षम है, लेकिन यहीं अंतिम पड़ाव पर आकर चींटी की कमजोरी उजागर हो जाती है। चींटी उस बड़े पत्ते को, रास्ते की कड़ी मेहनत-मशक्कत और कार्यकुशलता से अपने गंतव्य यानी बारीक छेद तक तो ले गई, लेकिन उसे छेद के अंदर घुसाने में असमर्थ रह जाती है। कोई रास्ता न सूझता, तो बेचारी पत्ते को वहीं छोड़ कर, खाली हाथ अपने घर में घुस जाती है। सच है कि चींटी ने अपनी यात्रा शुरू करने से पहले नतीजे के बारे में नहीं सोचा होगा। वरना वह पहले बिंदु से ही ऐसा न करती। बेशक पत्ता उसके लिए पूरे सफर का सिर्फ बोझ बन कर रह गया। यही जीवन की बड़ी सीख है- जिंदगी का हर मुकाम इंसान की मर्जी का नहीं होता- कभी वक्त रास्ता चुनता है, तो कभी हालात मंजिल बदल देते हैं। कहा भी जाता है कि जिंदगी की परीक्षा सबसे ज्यादा वफादार होती है, क्योंकि इसका प्रश्नपत्र कभी लीक नहीं होता। हर इंसान अपने घर-परिवार और नौकरी-कारोबार की फिक्र में हरदम डूबा रहता है। इसी उधेड़बुन में कि कहां रहना है, कौन-सी गाड़ी खरीदनी है, कैसे कपड़े पहनने हैं, कौन-से गैजेट नए लेने हैं या उन्हें अद्यतन कराना है!

उसके अंतिम पड़ाव पर पहुंचते-पहुंचते तमाम सांसारिक चीजें छूट जाती हैं, या छोड़नी पड़ जाती हैं। जानते-बूझते भी सफर में ढोते-ढोते अहसास ही नहीं रहता और अनजान बने रहते हैं। इसलिए सभी तमाम बोझ ताउम्र ढोते रहते हैं। अंतिम वक्त पर ही जान पाते हैं कि तमाम तामझाम को साथ ले जा नहीं सकते और बेकार में ढोते रहे हैं। जब होश आता है, तब तक इन्हें ढोते-ढोते सारी उम्र निकल चुकी होती है।

सयाने समझाते आए हैं कि जो हमारे पास है, उसका भरपूर आनंद लिया जाए, अपने रिश्तों को सहेजा जाए, उनसे प्यार किया जाए। जीवन कुदरत की छोटी-छोटी नियामतों को निहारने और स्पर्श करने और आनंदित होने के लिए है, न कि पद तथा शक्ति की अंधदौड़ में अनजाने में जीवन आनंद को खोने के लिए है। आने वाले दिनों की चिंता छोड़कर वर्तमान को खुल कर जीना चाहिए। इसे खेल की तरह खेल लेना चाहिए, हां, इसमें भटक नहीं जाना चाहिए और न ही इसे अति गंभीरता से लेना चाहिए। ओशो कहते हैं, 'जीत और हार मायने नहीं रखती। मायने यह रखता है कि इंसान ने जीवन को सचमुच गहराई से जिया, या उसे केवल काट लिया।'

जब तक इंसान को कहीं पहुंचने का राग है, जब तक कुछ पाने का राग है, तब तक मन अचंचल नहीं हो सकता, चंचल रहेगा। इसमें मन का क्या कसूर है? हम राग कर रहे हैं, मन दौड़ रहा है। विचारक जोनाथन मार्टेंसन के शब्द हैं कि 'भावनाएं लहरों की तरह होती हैं। आप उन्हें आने से रोक नहीं सकते, लेकिन आप यह चुन सकते हैं कि किन लहरों की सवारी करनी है।' दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि जीवन एक चक्रव्यूह ही है। इस तथ्य को जानते-समझते अपनी ऊर्जा को खत्म करने से बेहतर है, इसका उपयोग आनंद ढूंढ़ने में लगाया जाए। वरना जीवन आनंद छूट जाएगा, क्योंकि जीवन का अंत हो जाता है, चाहतों का नहीं।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज बातचीत में तेजी और पैसों के खर्च पर ध्यान देना होगा। पैसों के मामले में आज अटके हुए लेन-देन या पुराने पैसों को लेकर मन में काम करने का विचार आएगा।

**वृषभ**
आज बजट का ध्यान और काम में धीरज से काम लें। आज बिना जोखिम लिए पैसों की सुरक्षा बनाए रखना आपकी पहली पसंद होगी।

**मिथुन**
आज का दिन नए विचार और काम की फुर्ती लायक होगा। नए विचार आना अच्छी बात है, पर हर विचार पर तुरंत पैसा लगाना सही नहीं होगा।

**कर्क**
आज पैसों में भरोसा और दफ्तर में सहयोग रहेगा। पैसों के मामले में मन में राहत और उम्मीद बनी रहेगी। परिवार के साथ पैसों की जरूरतों पर बात हो सकती है।

**सिंह**
आज दिखावे से बचाव और दफ्तर में पहचान मिलेगी। अपनी साख और आराम बढ़ाने के लिए पैसे खर्च करने की इच्छा होगी। कोई भी बड़ा खर्च करने से पहले खुद से पूछें कि क्या यह सामान भविष्य में काम आएगा।

**कन्या**
आज खर्चों की जांच और पेंडिंग में पड़े काम निपटाना होगा। पैसों के मामले में छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखना फायदेमंद रहेगा। पुराने बिल, सदस्यता शुल्क और बाकी बचे खर्चों की सूची जांचें।

**तुला**
आज लेन-देन में तालमेल और संबंधों से फायदा मिलेगा। पैसों के लेन-देन में अच्छा संतुलन रहेगा। पैसों से जुड़ी बातें निपटाने या किसी के साथ समझौता करने के लिए दिन अच्छा है।

**वृश्चिक**
आज संयुक्त धन की देखभाल और शांत दिमाग से काम करना होगा। आज सांझेदारी के पैसों, कर्ज और पुराने लेन-देन का हिसाब ध्यान से देखना होगा।

**धनु**
आज कमाई के नए रास्ते और टीम का साथ मिलेगा। आने वाले समय में कमाई बढ़ाने और नए स्रोतों से पैसा पाने के विचार मन में आएंगे। काम बढ़ाने के अच्छे मौके मिलेंगे।

**मकर**
आज नियम से बचत और काम में लगन से काम करना होगा। पैसों के प्रबंधन को लेकर आज दिन ध्यान देने वाला है। दफ्तर या काम से जुड़े खर्चों को सही तरह से संभालना होगा।

**कुंभ**
आज सतर्कता से निवेश और नई सोच काम आएगी। नए तरीकों से जल्दी पैसा कमाने का विचार आ सकता है। तुरंत लाभ देने वाले वादों से बचकर रहें।

**मीन**
आज आदतों में सुधार और एकाग्रता के कारण कई कार्य बनेंगे। पुरानी योजनाओं और वादों पर दोबारा नजर डालें। अगर पहले कोई अनदेखी हुई है तो उसे ठीक करें।

## संक्षिप्त समाचार

### देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों को विद्यारत्न सम्मान

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विद्यापीठः देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकों रजनी रंजन, मिताली



मित्रा और डॉ. रीना चौधरी को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 'विद्यारत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवा निवृत्त वरिष्ठ पदाधिकारी ने प्रदान किया। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश, वित्त सचिव डॉ. नीरज सिन्हा, अपर सचिव श्यामानन्द चौधरी, निदेशक शिक्षा, संस्कृति एवं संग्रहालय डॉ. मृदुला प्रकाश, निदेशक व्यावसायिक कौशल श्री संजय कुमार सिन्हा, प्राचार्य डॉ. पूनम वर्मा, एआईसी के सीईओ प्रमोद कुमार कर्ण, संयुक्त सचिव अवधेश के नारायण सहित प्राध्यापकगण एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे। महाविद्यालय के बीडीएड एवं डीएलएड पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं ने अपने गुरुजनों के हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### बिहार इंस्टिच्यूट ऑफ लॉ में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार इन्स्टीट्यूट ऑफ लॉ, पटना में छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर



डा. अरूण श्रीवास्तव, निदेशक, डा. अमृता, प्राचार्या, डा. फरहत जबीन, विभागाध्यक्ष, शिक्षक प्रतिनिधि, सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकेतर कर्मचारीगण उपस्थिति थे। इस समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा सुन्दर एवं आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

### टी.पी.एस. कॉलेज में निवेश एवं उद्यमिता पर 40 घंटे के प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के अर्थशास्त्र, बी.बी.ए. एवं वाणिज्य विभागों के संयुक्त तत्वावधान में 'निवेश, व्यावसायिक अर्थशास्त्र एवं उद्यमिताः अवधारणाएं, उपकरण एवं अनुप्रयोग' विषय पर 40 घंटे के प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.)



तपन कुमार शांडिल्य ने विद्यार्थियों को निवेश, बाजार अनुसंधान, जोखिम प्रबंधन एवं वित्तीय साक्षरता के व्यावहारिक महत्व से अवगत कराया। उन्होंने 'आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण में युवाओं की भूमिका तथा बिहार में स्टार्टअप एवं उद्यमिता की संभावनाओं पर विशेष बल दिया। IQAC समन्वयक प्रो. रूपम ने पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला, जबकि समन्वयक डॉ. दीपिका शर्मा ने पाठ्यक्रम की संरचना एवं विषय-वस्तु की जानकारी दी। सह-संयोजक प्रो. अंजलि प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ. मुकुंद कुमार ने कहा कि यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता, विश्लेषणात्मक क्षमता, जोखिम प्रबंधन एवं उद्यमशील सोच विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### पुनपुन रेलवे ब्रिज पर जीआरपी की 24 घंटे पैनी नजर

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी के उफान के बाद पुनपुन घाट स्थित रेलवे ब्रिज की सुरक्षा को लेकर तारेगना जीआरपी अलर्ट मोड पर है। बाढ़ का पानी ब्रिज के पिलर तक पहुंचते ही जीआरपी ने 24 घंटे मॉनिटरिंग शुरू कर दी है जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि वरीय रेल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ब्रिज की सुरक्षा के लिए विशेष टीम की प्रतिनियुक्ति की गई है। जीआरपी और आरपीएफ के जवान दिन-रात ब्रिज पर तैनात हैं और लगातार बढ़ते जलस्तर पर नजर रख रहे हैं। रेलवे ने सुरक्षा के मद्देनजर डाउन लाइन को बंद कर दिया है और अप लाइन से ही ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। 10 पैसेंजर ट्रेनें रद्द और 10 एक्सप्रेस ट्रेनें डायवर्ट की गई हैं। थाना अध्यक्ष ने बताया कि कुछ लोग खतरा मोल लेकर रेलवे लाइन और ब्रिज पर सेल्फी लेने पहुंच रहे हैं। ऐसे लोगों को हटाया जा रहा है और लोगों से अपील की जा रही है कि बाढ़ के दौरान रेलवे ट्रैक और ब्रिज पर न जाएं, यह जानलेवा हो सकता है।



### पुनपुन में जलप्रलयः जाहिदपुर में दो दर्जन घर जलकैदी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी का जलप्रलय अब पुनपुन टाउन तक पहुंच गया है। शहर के जाहिदपुर मोहल्ले में बाढ़ का पानी इस कदर फैल गया है कि दो दर्जन से अधिक घरों के लोग जलकैदी बन गए हैं।घरों के चारो तरफ कमर भर तक पानी घुस गया है, जिससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में लोग अपने ही घर में कैद होकर रहने को विवश हैं। कई लोगों ने घर से निकलने के लिए चचरी पुल बना लिया है, तो कई लोग टायर और लकड़ी से बनी जुगाड़ नाव का सहारा ले रहे हैं।ग्रामीण रस्सी के सहारे इस जुगाड़ बोट को खींचकर पानी से निकल कर बाजार तक जा रहे हैं और जरूरी सामान खरीदकर घर ला रहे हैं। बाढ़ के कारण पूरे इलाके में त्राहिमाम मचा हुआ है। बता दें कि पुनपुन प्रखंड के पांच पंचायत पहले से ही बाढ़ से प्रभावित हैं, लेकिन अब धीरे-धीरे शहर के कई मोहल्ले भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। जाहिदपुर में हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है और लोग बाढ़ की त्रासदी से परेशान हैं।



### खेत से बिजली तार चोरी करते 3 चोर धराए

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** किसानों के मोटर पंप सेट और खेतों में लगे बिजली के तार इन दिनों चोरों के निशाने पर हैं। लगातार किसी न किसी गांव में मोटर चोरी या तार काटने की घटना सामने आ रही है। इसी कड़ी में भगवानगंज थाना क्षेत्र के दौलतपुर पंचायत के मोदफ्फरपुर गांव में ग्रामीणों ने 3 तार चोरों को रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। उनके पास से करीब 4 किलो चोरी का बिजली तार बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार ने बताया कि दौलतपुर निवासी किसान रंजीत कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।फटवन के लिए खेत में लगा चाइनीज बिजली तार काटकर तीन युवक भाग रहे थे। तभी ग्रामीणों ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुजीत कुमार पिता रमेश सिंह, अमित कुमार पिता श्रवण यादव और विवेक कुमार पिता सुभाष यादव के रूप में हुई है।

# पुनपुन प्रखंड को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर प्रखंड अंचल पर भाकपा माले का विरोध प्रदर्शन






**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड को अविलंब बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने और पीड़ितों को राहत पहुंचाने की मांग को लेकर भाकपा माले ने सोमवार को अंचल और प्रखंड मुख्यालय पर बाढ़ पीड़ितों के विशाल जन-जुटान का आयोजन किया। जन-जुटान का नेतृत्व भाकपा माले के केंद्रीय कमेटी सदस्य व फुलवारी के पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने किया। इस मौके पर जिला कमेटी सदस्य जयप्रकाश पासवान, नागा राम, मुखिया मिथिलेश कुमार, मदन पासवान, मोहन विद्या पासवान, रेखा देवी, हरेंद्र दास, गणेशी यादव सहित हजारों मजदूर, किसान, महिला-पुरुष शामिल हुए। पूर्व विधायक गोपाल रविदास ने कहा कि सरकार तत्काल पुनपुन को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करे और हर पीड़ित परिवार को राहत राशन, नाव, तिरपाल, दवा, पशुओं के लिए चारा, 10 हजार रुपये नगद और जगह-जगह सामुदायिक किचन की व्यवस्था करे। नेताओं ने कहा कि जब बाढ़ आती है तब कुछ इंतजाम होते हैं, लेकिन बाढ़ के पूर्व की तैयारी बिल्कुल नदारद रहती है। इसी लापरवाही के कारण आज पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त है। सरकार सिर्फ दिखावे के लिए काम कर रही है। अगर तत्काल राहत की व्यवस्था नहीं की गई तो सरकार के खिलाफ आर-पार की लड़ाई होगी और सरकार को जनता के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ेगा।

## पुनपुन में पाटलिपुत्र सांसद मीसा भारती का घेराव

### बाढ़ पीड़ितों ने कहा - लेना-देना कुछ नहीं, सिर्फ फोटो खिंचवाने आए हैं, मीसा भारती ने सरकार पर लगाए आरोप

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन में बाढ़ का जायजा लेने पहुंची पाटलिपुत्र सांसद मीसा भारती को बाढ़ पीड़ितों के गुस्से का सामना करना पड़ा। लक्ष्मण झूला के पास सैकड़ों महिलाओं ने उनके काफिले को रोक लिया और करीब 2 घंटे तक घेरे रखा। आक्रोशित महिलाओं ने सांसद से सवाल-जवाब करते हुए कहा कि "लेना-देना कुछ नहीं है, सिर्फ फोटो खिंचवाने आ गए हैं।" पीड़ितों का कहना था कि हर गली-मोहल्ले में कमर भर पानी घुस गया है, लेकिन अब तक कोई मदद नहीं पहुंची है। लोग सिर्फ देख-सुनकर चले जाते हैं। घेराव करने वालों में सविता देवी, लक्ष्मीनिया देवी, सरोजनी देवी, संतोष कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सहित सैकड़ों बाढ़ पीड़ित शामिल थे। महिलाओं ने कहा कि खाने-पीने, नाव और तिरपाल तक की व्यवस्था नहीं है। वहीं सांसद मीसा भारती ने भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बाढ़ आपदा में राहत पहुंचाने में सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है। बाढ़ आने से पहले ही सरकार को तैयारी पूरी कर लेनी चाहिए थी, लेकिन कोई तैयारी नहीं दिख रही है। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद सांसद ने पीड़ितों को हरसंभव मदद और मुद्दे को संसद में उठाने का आश्वासन दिया, तब जाकर लोग शांत हुए।



## पुनपुन में बाढ़ से शिक्षा पर ब्रेकः 48 सरकारी स्कूलों में लटका ताला, 22 आंगनबाड़ी केंद्र शिफ्ट, हजारों बच्चों की पढ़ाई ठप




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड में बाढ़ का कहर अब बच्चों की शिक्षा पर भी भारी पड़ने लगा है। पुनपुन नदी के उफान से प्रखंड की पांच पंचायतें पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं, जिससे 48 सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन पूरी तरह ठप हो गया है। स्कूलों में घुटने से कमर भर तक पानी घुस गया है और हजारों बच्चों की पढ़ाई पर ब्रेक लग गया है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों के 48 सरकारी स्कूल फिलहाल बंद कर दिए गए हैं। इनमें प्राथमिक से लेकर मध्य विद्यालय तक शामिल हैं। सबसे ज्यादा प्रभावित बरावां पंचायत, लखन पूर्वी पंचायत, लखना उत्तरी-पश्चिमी पंचायत, लखनपार पंचायत और पुनपुन नगर पंचायत के स्कूल हैं। कई स्कूल पूरी तरह टापू बन गए हैं, जहां तक पहुंचने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। स्कूल बंद होने से मध्याह्न भोजन योजना भी प्रभावित हो गई है। जो बच्चे स्कूल में पढ़ने के साथ-साथ दोपहर का भोजन पाते थे, अब वे घर में ही रहने को मजबूर हैं। अभिभावकों को चिंता है कि अगर जल्द पानी नहीं उतरा तो बच्चों का सिलेबस पिछड़ जाएगा। इसके अलावा बाढ़ का असर आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी पड़ा है। प्रखंड में 22 ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र हैं जहां बाढ़ का पानी घुस गया है। सीडीपीओ ने तत्परता दिखाते हुए सभी 22 केंद्रों को ऊंचे और सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कर दिया है, ताकि छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं मिलती रहें।

### पुनपुन नदी में डूबने से छात्रा की मौत, विद्यालय परिवार ने दी श्रद्धांजलि

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन प्रखंड के शेखपुरा गांव में बाढ़ के बीच एक दर्दनाक हादसे में छठी कक्षा की 12 वर्षीय छात्रा पूजा कुमारी की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतका शेखपुरा निवासी नंदन पंडित की पुत्री और उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेखपुरा की छात्रा थी। घटना के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार, रविवार को पूजा अपनी मां के साथ गांव के समीप स्थित शिव मंदिर में पूजा करने गई थी। इन दिनों पुनपुन नदी का जलस्तर बढ़कर तटबंध तक पहुंच गया है। मंदिर के समीप ही तेज बहाव की चपेट में आने से वह गहरे पानी में चली गई और डूब गई।सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय शेखपुरा में शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक सैना कुमार के नेतृत्व में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतका को श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में शिक्षक गजेन्द्र कुमार, हरिशंकर, शाहबाज अंसारी, अलका कुमारी, पूनम कुमारी, सिम्मी सिन्हा, अंजू श्री सहित सभी छात्र मौजूद थे।

## पुनपुन के बडहिया कोल में 15 फीट जमींदारी बांध एवं एम्स रोड पुल का बांह टूटा



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी इन दिनों अपने पूरे रौद्र रूप में है। नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। सोमवार को भी 3 सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे बाढ़ की स्थिति और भयावह हो गई है। ताजा घटना पुनपुन प्रखंड के पैमार पंचायत की है। देर रात पैमार के बडहीया कोल के पास करीब 15 फीट जमींदारी बांध टूट गया, जिससे बाढ़ का पानी तेजी से गांवों में घुस गया। बांध टूटने से सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद हो गई है और कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। स्थानीय ग्रामीण सत्यजीत कुमार, विनीत कुमार, अजीत कुमार, तपेश्वर प्रसाद, रामप्रवेश सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुमार एवं मुखिया मुकेश चौधरी ने बताया कि जमींदारी बांध कल देर रात टूट गया। इससे पूरे गांव में पानी भर गया है और चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल है। ग्रामीणों ने सरकार से जल्द टूटे हुए बांध को दुरुस्त करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि पुनपुन प्रखंड में अब तक कई जगह जमींदारी तटबंध ध्वस्त हो चुके हैं। अनुमंडल प्रशासन ने समय रहते कई तटबंधों को दुरुस्त भी कराया है, लेकिन पानी के लगातार दबाव से नए-नए जगहों पर बांध टूट रहे हैं। बाढ़ के कारण कई ग्रामीण सड़कें भी टूट गई हैं, जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया है। इधर बिहटा-सरमेरा फोरलेन की सड़क भी नीमा गांव के पास बीच से धंस गई है, जहां 3 फीट गहरा गड्ढा बन गया है। फिलहाल वहां बैरिकेडिंग कर सर्विस लेन से गाड़ियां निकाली जा रही हैं।बाढ़ के प्रकोप से पुनपुन प्रखंड के पांच पंचायत पहले से ही प्रभावित थे, अब धीरे-धीरे अन्य पंचायतें भी बाढ़ की चपेट में आ रही हैं। पुनपुन शहर भी बाढ़ की त्रासदी झेल रहा है।

## बिहार को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि. की आमसभा विनय कुमार शाही की अध्यक्षता में सम्पन्न



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार को-ऑपरेटिव फेडरेशन लि., बुद्ध मार्ग, पटना की आमसभा 6 सितंबर को फेडरेशन परिसर में अध्यक्ष विनय कुमार शाही की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें विशाल सिंह, अध्यक्ष एन सी सी एफ, नई दिल्ली - सह- बिस्कोमान (बिहार झारखण्ड) एवं फेडरेशन अध्यक्ष विनय कुमार शाही को भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली के नवनिर्वाचित निदेशक बनने के उपलक्ष्य में फेडरेशन के निदेशक मंडल के सदस्यों एवं प्रतिनिधियों द्वारा फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। रमेश चन्द्र चौबे, अध्यक्ष बिहार राज्य सहकारी बैंक लि., पटना एवं अजय कुमार, अध्यक्ष बिहार राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लि., और सुधीर रंजन मिश्रा, अध्यक्ष डी सी सी बी वैशाली को फेडरेशन के द्वारा मोमेंटो एवं अंग वस्त्र से भव्य स्वागत किया गया। फेडरेशन के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा इस आम सभा में बहुराज्यीय को-ऑपरेटिव सोसाईटीज (अमेंडमेंट) एक्ट 2023 के आलोक में फेडरेशन के उपविधि संशोधन हेतु प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से सभी सदस्यों द्वारा हर्षध्वनि के साथ प्रस्ताव पारित किया गया। इस आम सभा में डी सी सी बी पाटलिपुत्र के उपाध्यक्ष रामविशुन सिंह, फेडरेशन उपाध्यक्ष राजेश कुमार एवं फेडरेशन के निदेशक गायत्री सिंह, सुधा सिन्हा, अरुण यादव, रामा ठाकुर, शंभु प्रसाद सिंह, संजय कुमार मिश्रा, नरेन्द्र कुमार, प्रवेश सिंह, अजय बिहारी सिंह, नन्दकिशोर स्वर्णकार, योगेन्द्र शर्मा तथा अन्य निदेशक मंडल के सदस्यगण एवं इस आम सभा में आए बिहार-झारखण्ड के सहकारी सदस्यों को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

### गंगा में स्नान के दौरान डूबने से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**जलकुंभी के बीच फंसने से हुआ हादसा**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के बिचली मलाही स्थित बंडा दियारा के समीप गंगा नदी में स्नान करने के दौरान बुधवार को 40 वर्षीय एक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बाढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से नदी में खोजबीन शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकाला। मृतक की पहचान बंडा दियारा निवासी रामप्रवेश महतो (40) के रूप में हुई है। शव बरामद किए जाने के बाद पुलिस ने उसे अपने कब्जे में लेकर बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, रामप्रवेश महतो घास लाने के लिए घर से निकले थे। बताया गया कि गंगा में आई बाढ़ के कारण बहकर आई जलकुंभी बड़ी संख्या में नदी के किनारे जमा हो गई है। परिजनों का कहना है कि स्नान करने के दौरान रामप्रवेश गहरे पानी में चले गए और जलकुंभी के बीच फंस गए।

## खेत में चोरी रोकने पहुंचे किसान की हत्या, गमछे से गला घोंटने का आरोप

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक थाना क्षेत्र के पैठानी चक स्थित तेलिया बागी में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक खेत में करीब 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने की सूचना इलाके में तेजी से फैल गई। मृतक की पहचान बिहारी महतो के रूप में बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, बिहारी महतो अपने खेत में लगी बैंगन और परवल की फसल की निगरानी के लिए सोमवार सुबह करीब चार बजे खेत पहुंचे थे। बताया गया कि उनके खेत से लगातार परवल और बैंगन की चोरी हो रही थी। आसपास के खेतों में भी चोरी की घटनाओं से किसान परेशान थे। इसी वजह से उन्होंने चोरों को पकड़ने का फैसला किया था। परिजनों का आरोप है कि खेत में पहुंचने के बाद उनकी चोरों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान उन्होंने कथित तौर पर चोरों को पहचान लिया और दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई। आरोप है कि इसी दौरान चोरों ने खुद को बचाने के लिए बिहारी महतो के गमछे से उनका गला घोंट दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना मिलते ही पंडारक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। हत्या के वास्तविक कारण और घटना में शामिल आरोपियों की पहचान को लेकर पुलिस जांच जारी है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। पुलिस की जांच पूरी होने के बाद ही घटना की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

## पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार को दी विदाई, नवनियुक्त नाजिमे इम्तहान डॉ. प्रणय कुमार गुप्ता का किया स्वागत



**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के छात्र नेता आशीष कुमार ने पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार के विदाई समारोह में उपस्थित होकर उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी।श्री आशीष छात्र जदयू पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय पूर्वी भाग के अध्यक्ष हैं। उनके कार्यकाल के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रणय कुमार गुप्ता जी का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा व्यवस्था विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध इम्तहान हो और इसे बेहतर बनाने की दिशा में नए परीक्षा नियंत्रक का कार्यकाल महत्वपूर्ण साबित होगा। पूर्व परीक्षा नियंत्रक डॉ. मनोज कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ. प्रणय कुमार गुप्ता जी को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मौजूद छात्र नेतृत्व के रिशु पटेल,अंकेश,रौशन मिश्रा व चंदन ने कहा कि छात्र जदयू विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाता रहेगा और छात्रहित में सकारात्मक सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगा। मौके पर एस.यू कॉलेज हिलसा के मीडिया प्रभारी डॉ0 राजीव कुमार नयन,छात्र जदयू अध्यक्ष राकेश कुमार, रजनीश कुमार, सतीश कुमार अंकित सिंह राठौर, शिवम कुमार परासर, नीरज झा, रवि राज आदि मौजूद थे।

### पिस्टल दिखाकर धमकाने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव की एक 16 वर्षीय छात्रा के साथ छेड़खानी और पिस्टल दिखाकर धमकाने के मामले मे आरोपी अनिल यादव पिता स्वर्गीय रामजतन प्रसाद को धारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। धनरूआ थाना में कांड संख्या 605/26 के तहत मामला दर्ज किया गया था ।पीड़िता ने थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया कि वह 31 अगस्त 2025 को दोपहर करीब 4 बजे टेंपो से पढ़ने जा रही थी। धनपुरा हरिजन टोला के पास से गुजरने के दौरान गांव के ही अनिल यादव, पिता जतन यादव पर जबरन छेड़खानी करने और मोबाइल नंबर देने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है।आरोप है कि विरोध करने पर पिस्टल दिखाकर धमकाया गया और एक कागज पर नंबर लिखकर दिया गया। बाद में पीड़िता के भाई द्वारा उस नंबर पर कॉल करने पर जान से मारने और घर में आग लगाने की धमकी दी गई। पीड़िता ने घटना का गवाह टेंपो चालक को बताया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर रही थी इसी क्रम में आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर लिया है।

## चार साल बाद भी जल-जमाव से बेहाल पालीगंज, नगरवासियों ने कहा- 'नरक पंचायत'





**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत गठन के करीब चार साल बाद भी पालीगंज में जलनिकासी की समस्या का समाधान नहीं हो सका है। नगर बाजार के बिहटा मोड़, प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय, लाला जी की मिल, बाबा बोरिंग रोड समेत कई इलाकों में नाली और बारिश का पानी सड़कों पर जमा है। वार्ड 12 के बाबा बोरिंग रोड की गलियों में एक से दो फीट तक पानी जमा रहने से लोग गंदे पानी के बीच आने-जाने को मजबूर हैं। वार्ड 16 में भी जलजमाव की स्थिति बनी हुई है, जबकि वार्ड 8 में पूर्व विधायक दीनानाथ सिंह यादव के घर के दरवाजे तक करीब दो फीट पानी जमा है। नगर वासियों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा होल्डिंग टैक्स की वसूली की जा रही है लेकिन कोई सुविधा नहीं मिल पा रहा है।नगर पंचायत नरक पंचायत में तब्दील हो चुका है।कोई सुधि लेने वाला नहीं है।नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी भावना कभी भी मुहल्ले में जमा पानी का मुआयना करने भी नहीं आई है। स्थानीय निवासी शत्रुध्न पासवान का कहना है कि सरकार द्वारा नगर पंचायत के विकास के लिए लाखों-लाख रुपया प्रति वर्ष आवंटित किया जा रहा है । इसके बावजूद भी राशि सही सदुपयोग नहीं नहीं किया जा रहा है। अधिकारियों और जनप्रतिनिधि के मिली भगत से सिर्फ लुट खसोट की योजना बनाई जा रही है। कई जगह नाले सड़क से ऊंचे हैं और उनका उचित निकास नहीं होने के कारण सड़क का पानी नाले में जाने के बजाय सड़क पर जमा रहता है। कुछ नाले बनाए भी गए हैं, लेकिन अधूरे होने अथवा मुख्य नाले से नहीं जुड़ने के कारण उनका लाभ नहीं मिल रहा है। लंबे समय से पानी जमा रहने से दुर्गंध फैल रही है और बीमारी की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासी जवाहर प्रसाद गुप्ता,विनोद कुमार वर्मा,राजेश कुमार, श्याम बाबू गुप्ता, विजय कुमार सिन्हा, अनिल कुमार और पप्पू कुमार ने कहा कि नगर पंचायत बनने के बाद लोगों को जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था की उम्मीद थी, लेकिन चार साल बाद भी स्थिति जस की तस है। लोगों ने नगर प्रशासन से जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराने, अधूरे नालों को मुख्य नाले से जोड़ने और जलजमाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### दोपहर बाद पुनपुन घाट का 50.80 मीटर पर स्थिर हुआ जलस्तर



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिछले तीन दिनों से कहर बरपा रही पुनपुन नदी का जलस्तर आखिरकार सोमवार दोपहर 1 बजे के बाद स्थिर हो गया। लगातार प्रति घंटे ढाई से 3 सेंटीमीटर की रफ्तार से बढ़ रही नदी ने पुनपुनवासियों की धड़कनें बढ़ा दी थीं, लेकिन अब पुनपुन घाट का 50.80 मीटर पर जलस्तर के स्थिर होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। वही श्रीपालपुर का 53.55 जलस्तर पर स्थिर हुआ है। दरअसल पिछले तीन दिनों से लगातार बढ़ रहे जलस्तर से पूरे इलाके में त्राहिमाम मचा हुआ था। प्रखंड के 5 पंचायत पूरी तरह बाढ़ की चपेट में हैं, वहीं पुनपुन के पश्चिमी इलाकों में भी पानी फैलने लगा था। नेशनल हाईवे की सड़कें टूट रही थीं और पुराने तटबंधों पर दबाव बढ़ गया था। सबसे बड़ा संकट पुनपुन घाट रेलवे ब्रिज को लेकर था, जहां बाढ़ का पानी ब्रिज को छू रहा था और 2-3 इंच ऊपर चढ़ने का प्रयास कर रहा था, जिससे प्रशासन और स्थानीय लोगों में टेंशन बढ़ गई थी।फिलहाल सोमवार दोपहर बाद जलस्तर में कोई बदलाव नहीं हुआ है और वह स्थिर बना हुआ है। प्रशासन का अनुमान है कि यदि यही स्थिति रही तो मंगलवार से पानी धीरे-धीरे घटना शुरू हो जाएगा।

### सांप काटने से महिला की मौत



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रेवां गांव में सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई है, मृतका की पहचान रीना देवी, पति रामजी राम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, 1 सितंबर 2026 की सुबह रीना देवी घर में झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान घर में छिपे गोहूंमन सांप ने उन्हें काट लिया। आनन-फानन में परिजन उन्हें स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें रेफर कर दिया गया। बाद में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति में थोड़ा सुधार भी दिखा था। लेकिन 3 सितंबर 2026 को सुबह करीब 8:50 बजे अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और दिल की धड़कन रुकने से उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आपदा के तहत मुआवजे की मांग की है।

### टॉप-10 अपराधियों में शामिल अजय कुमार उर्फ भाजो गिरफ्तार



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मरांची थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के टॉप-10 अपराधियों में शामिल अजय कुमार उर्फ भाजो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सोनुआ टोला निवासी स्व. वसंत सिंह के पुत्र अजय कुमार उर्फ भाजो के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, अजय कुमार उर्फ भाजो मारांची थाना कांड संख्या 18/24, दिनांक 2 अगस्त 2024, धारा 379/461 आईपीसी तथा कांड संख्या 19/24, दिनांक 2 अगस्त 2024, धारा 379/461 आईपीसी में फरार चल रहा था।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व से भी कई आपराधिक मामलों में इतिहास रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई को थाना क्षेत्र में वांछित एवं टॉप-10 अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है।

### कमर में पिस्टल लहराकर गांव में बन रहा था हीरो, पुलिस ने देसी कट्टा के साथ दबोचा




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के छाता ओपी क्षेत्र के गोढना गांव में हाथ में पिस्टल लहराकर दबंगई दिखा रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान अनीश कुमार (28 वर्ष), पिता इंग्लिश प्रसाद सिंह, निवासी गोढना,छाता ओपी के रूप में हुई है।ओपी थानाध्यक्ष श्रवण कुमार मंडल ने बताया कि दोपहर में सूचना मिली कि गोढना गांव में एक युवक हाथ में देसी पिस्टल लेकर लहरा रहा है और गांव में हीरो बन रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने टीम गठित कर छापेमारी की। पुलिस को देखकर युवक भागने लगा, जिसे खदेड़कर पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास से एक देसी कट्टा और कारतूस जब्त किया गया है।पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

### गंगा के पानी में डूबी एफसीआई की रेलवे लाइन




**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा के बढ़े जलस्तर का असर अब मोकामा रेलवे स्टेशन से एफसीआई जाने वाली रेलवे लाइन पर भी दिखाई देने लगा है। रेलवे स्टेशन के पश्चिमी-पूर्वी रेल समपार फाटक के पास एफसीआई जाने वाली रेलवे लाइन पर गंगा का पानी पहुंच गया, जिससे ट्रैक पूरी तरह जलमग्न हो गया।ट्रैक पर पानी भरने के कारण गेहूं से लदी एक मालगाड़ी को एफसीआई के रैक गोदाम तक नहीं भेजा जा सका। मालगाड़ी सोमवार सुबह करीब 11 बजे से मोकामा रेलवे स्टेशन पर ही खड़ी रही। मालगाड़ी को एफसीआई गोदाम में गेहूं उतारने के लिए भेजा जाना था।बताया गया कि मोकामा नगर परिषद क्षेत्र में बुड़को द्वारा निर्मित नाला से गंगा का पानी निकलकर रेलवे ट्रैक की ओर पहुंच गया, जिसके कारण रेलवे लाइन डूब गई। पानी अधिक होने की वजह से रेलवे अधिकारियों ने मालगाड़ी को आगे भेजना उचित नहीं समझा।मोकामा स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर पानी आ जाने के कारण मालगाड़ी को एफसीआई के गोदाम तक नहीं भेजा गया है। ट्रैक पर पानी कम होने के बाद ही मालगाड़ी को आगे भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# गंगा का जलस्तर घटा लेकिन मोकामा में बाढ़ की त्रासदी बरकरार

## हाथीदह एन एच-80 का नया रेल अंडरपास जलमग्न, जंजीरा दियारा में प्रशासनिक व्यवस्था का जायजा





**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गंगा नदी के जलस्तर में सोमवार को करीब एक से डेढ़ इंच की कमी दर्ज की गई, लेकिन मोकामा और आसपास के बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। कई क्षेत्रों में अब भी बाढ़ का पानी लगातार बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाथीदह में एन एच-80 स्थित नए रेल अंडरपास में करीब तीन फीट तक गंगा का पानी जमा है। सड़क पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित है और पानी के बीच से गुजरने वाले वाहनों में खराबी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए सोमवार को बाढ़ एसडीएम कृष्णा जोशी नाव के सहारे जंजीरा दियारा पहुंचीं। उनके साथ मोकामा बीडीओ रवि कुमार और सीओ लवली कुमारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने दियारा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सामुदायिक रसोई, पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था, मेडिकल कैंप और नावों की उपलब्धता का जायजा लिया गया। इधर, हाथीदह में एन एच-80 पर महेंद्रपुर के समीप रात के समय बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो जा रही है। बाढ़ का पानी हाथीदह जंक्शन के आसपास तक पहुंचने की बात सामने आ रही है। स्थानीय लोगों ने रात में अंधेरा रहने के कारण दुर्घटना की आशंका जताते हुए प्रशासन से पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था कराने की मांग की है।मोकामा अंचल कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में बाढ़ प्रभावित परिवार शरण लिए हुए हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से व्यवस्था किए जाने के बावजूद कई मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है। खासकर महिलाओं के लिए पर्याप्त शौचालय नहीं होने की शिकायत है। पशुपालकों ने पशुओं के लिए पर्याप्त चारा उपलब्ध नहीं होने की बात कही है।वहीं, राहत शिविर में रह रहे बच्चों को दोपहर में भोजन तो मिल रहा है, लेकिन सुबह के नाश्ते की व्यवस्था नहीं होने से भी परेशानी हो रही है। बाढ़ पीड़ितों ने अधिकारियों से इन समस्याओं का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।मोकामा नगर परिषद क्षेत्र में भी बाढ़ का असर बना हुआ है। भगवती स्थान के समाजसेवी पंकज कुमार उर्फ साचो ने बाढ़ से विस्थापित सैकड़ों लोगों और उनके पशुओं को अपने स्तर से शरण दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां शरण लिए लोगों को सरकारी स्तर पर पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिससे विस्थापित परिवारों में नाराजगी है।बाढ़ प्रभावित लोगों ने प्रशासन से राहत शिविरों में भोजन, पेयजल, शौचालय, पशु चारा, चिकित्सा सुविधा और प्रकाश व्यवस्था को बेहतर करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि गंगा का जलस्तर भले ही थोड़ा घटा हो, लेकिन जमीनी स्तर पर बाढ़ की स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

## 71 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एवं बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 1.005 किलोग्राम चरस बरामद

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 71वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, मोतिहारी के सीमा चौकी चंद्रमण द्वारा प्राप्त आसूचना के आधार पर बिहार पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 1.005 किलोग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। प्राप्त सूचना के अनुसार नेपाल से भारत की ओर चरस की तस्करी की जाने वाली थी। सूचना को बिहार पुलिस के साथ साझा करते हुए सशस्त्र सीमा बल एवं बिहार पुलिस के कुल 03 पुलिसकर्मियों को सम्मिलित कर संयुक्त नाका दल का गठन किया गया। नाका दल द्वारा सैनिक रोड के समीप नाका लगाया गया। नाका दल ने नेपाल की ओर से मोटरसाइकिल पर भारत की तरफ आते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा, जिसके पास नारंगी रंग का नायलॉन कैरी बैग था। संदिग्ध व्यक्ति ने नाका दल को देखकर मोटरसाइकिल की गति बढ़ाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन नाका दल ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उसे कुछ ही दूरी पर रोक लिया। पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम मेवालाल राम, पिता स्वर्गीय भगवत राम, ग्राम झिटकहिया, वार्ड संख्या-01, थाना अदापुर, जिला पूर्वी चंपारण, बिहार बताया। उसके पास मौजूद नारंगी रंग के नायलॉन बैग के संबंध में पूछताछ करने पर वह घबरा गया। पुनः पूछताछ करने पर उसने बैग में चरस होने की बात स्वीकार की। इसके पश्चात संदिग्ध व्यक्ति की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान नारंगी रंग के नायलॉन कैरी बैग से नीले रंग की प्लास्टिक में लिपटे दो पैकेट बरामद हुए। जांच करने पर दोनों पैकेटों में चरस जैसा मादक पदार्थ पाया गया। वजन करने पर प्रथम पैकेट में 0.500 किलोग्राम तथा द्वितीय पैकेट में 0.505 किलोग्राम, कुल 1.005 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में गिरफ्तार व्यक्ति ने बताया कि वह उक्त चरस सतगंज, नेपाल से लेकर भारत आया था तथा इसे बलराम गिरि(50 वर्ष), पिता भूटन गिरि, ग्राम झिटकहिया, ,थाना अदापुर निवासी को सुपुर्द करने वाला था। वहीं गिरफ्तार व्यक्ति, मोटरसाइकिल एवं जब्त मादक पदार्थ को अग्रेतर कानूनी कार्रवाई हेतु थाना महुआवा को सुपुर्द करने की प्रक्रिया जारी है।

**एक तस्कर गिरफ्तार**



## मुंशी सिंह महाविद्यालय में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 25 बिहार बटालियन एन.सी.सी., मोतिहारी के दिशानिर्देश में (एन.सी.सी.) 1/25 कंपनी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के तत्वावधान में 07 सितंबर 2026 को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के साथ-साथ महाविद्यालय परिसर को अधिक हरा-भरा एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाना था। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के एन.सी. सी. पदाधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. नरेंद्र सिंह ने किया। उनके मार्गदर्शन में एन.सी.सी. कैडेटों द्वारा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया। कैडेटों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए वृक्षों के संरक्षण और संवर्धन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। वृक्ष वायु की गुणवत्ता को बनाए रखने, जलवायु संतुलन स्थापित करने तथा जैव-विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' जैसी पहल लोगों को प्रकृति के प्रति भावनात्मक रूप से जोड़ने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को जन -अभियान का स्वरूप प्रदान करती है। प्राचार्य ने एन.सी.सी. कैडेटों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता का विकास राष्ट्र के सतत एवं संतुलित विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया।कार्यक्रम में उपस्थित एन.सी.सी. कैडेटों साक्षी कुमारी, मनीषा कुमारी, मो. लुकमान, रजनीश कुमार, आदर्श कुमार आदि ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने तथा अधिकाधिक पौधारोपण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को प्रकृति संरक्षण, हरित पर्यावरण एवं स्वच्छ परिसर के महत्व का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एन.सी.सी. 1/25 कंपनी के कैडेटों की सक्रिय एवं अनुशासित सहभागिता रही।

## बकाया मानदेय और एनजीओ को हटाने की मांग पर रसोइयों ने बीआरसी पर किया प्रदर्शन

**6 अक्टूबर को सीएम के समक्ष होगा विशाल आंदोलन**




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकाया मानदेय के भुगतान, मध्याह्न भोजन योजना से एनजीओ को बाहर करने और न्यूनतम मजदूरी की गारंटी सहित 8 सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ ने सोमवार को बीआरसी कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद बीईओ की अनुपस्थिति में क्लर्क को 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व संघ की प्रखंड संयोजक जुलेखा खातून ने किया। मौके पर भाकपा माले के राज्य कमेटी सदस्य कमलेश कुमार ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार रसोइया विरोधी नीतियों पर काम कर रही है। 3 महीने से रसोइयों का मानदेय बकाया है, पर्व-त्योहार गुजर गया लेकिन भुगतान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना का तेजी से निजीकरण किया जा रहा है। बिहार के 29 जिलों के 11 हजार विद्यालयों में एनजीओ के माध्यम से भोजन दिया जा रहा है, जिसमें मसौढ़ी शहरी क्षेत्र भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनजीओ के खाने में सांप, कीड़ा, छिपकली और बासी भोजन मिल रहा है, जिसे बच्चे फेंक दे रहे हैं और बीमार पड़ रहे हैं। एनजीओ गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं दे रही है। मांगों में रसोइयों की 8 सूत्री मांगें में बकाया मानदेय का अविलंब भुगतान आदी है।। संघ ने ऐलान किया कि इन मांगों को लेकर 6 अक्टूबर को पटना में मुख्यमंत्री के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया जाएगा।प्रदर्शन में जुलेखा खातून, सरस्वती देवी, लीला देवी, संजू देवी, शकुंतला देवी, मुन्नी देवी, सोमारी देवी, सुनीता देवी, शांति देवी, रिंकी देवी, पूजा कुमारी, उषा देवी, ममता देवी सहित दो दर्जन से अधिक रसोइया शामिल थीं।

### मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर आधारित तीनों नाटकों 'अनुभव, प्रेरणा और बड़े घर की बेटी' का मंचन प्रासंगिक : डॉ. अस्थाना

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंबई के आदर्श नगर गोरेगांव स्थित शकुन्तला रंगशाला में कलम के जादूगर मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर आधारित तीनों नाटकों 'अनुभव, प्रेरणा और बड़े घर की बेटी' का शानदार मंचन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में फि ल्म अभिनेता निर्देशक डा राजेश अस्थाना, निर्देशक मेहंदी कमाल एवं कास्टिंग निर्देशक राजेश कुमार राजन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत इन नाटकों के निर्देशक मो. मुजीब ने बताया कि उनकी संस्था आइडिया द्वारा मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर आधारित नाटकों का 22 भाषाओं में मंचन किया जा चुका है। इस वजह से उनकी संस्था आइडिया का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्डस रिकार्ड में दर्ज है।इस अवसर पर डा राजेश अस्थाना ने बताया कि वे खुद रंगकर्म से जुड़े रहे हैं और प्रेमचंद की कहानियों पर नाटकों का मंचन किया है, वह सब आज जीवन्त हो गया। उन्होंने कहा कि मुंशी प्रेमचंद की कहानियों पर आधारित तीनों नाटकों का मंचन प्रासंगिक है। उन्होंने आयोजक मंडल को बधाई देते हुए कहा कि आज की भागमभाग भरी जिंदगी में इन कलाकारों द्वारा जीवन्त अभिनय से सुकून का एहसास हुआ।

## राष्ट्रपति से सम्मानित प्रधानाध्यापक नागेश्वर प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद क्षेत्र स्थित श्रीकृष्ण मारवाड़ी बहुद्देशीय उच्च विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित रहे विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक स्वर्गीय बाबू नागेश्वर प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। विद्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम में नगर परिषद के सभापति निलेश कुमार, नगर परिषद के ब्रांड एंबेसडर छितेंद्र सिंह, पूर्व शिक्षक श्यामचंद्र सिंह, पूर्व व्याख्याता विजय कुमार सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरारी प्रसाद सिंह, शिक्षक जेपी सर, शिक्षक गोपाल प्रसाद, विजय कुमार, समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। सभी ने स्वर्गीय नागेश्वर प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके शिक्षा और अनुशासन के क्षेत्र में किए गए योगदान को याद किया।वक्ताओं ने कहा कि नागेश्वर प्रसाद सिंह के कार्यकाल में मालीराम खेतान अनुदानित श्रीकृष्ण मारवाड़ी बहुद्देशीय उच्च विद्यालय ने पटना जिले के प्रतिष्ठित विद्यालयों में अपनी पहचान बनाई। उनके कठोर अनुशासन, समर्पण और बेहतर शिक्षण व्यवस्था का प्रभाव विद्यालय के विद्यार्थियों पर लंबे समय तक रहा।बताया गया कि विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाले कई छात्र आगे चलकर आईएएस, आईपीएस सहित देश-विदेश में महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचे। वक्ताओं ने कहा कि नागेश्वर बाबू का शिक्षा के प्रति समर्पण और विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण पर जोर आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों और शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता,जिलास्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में सर्वप्रथम नीलामपत्र वाद की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले दो माह में इसमें काफी प्रगति आई है। सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी इसी मोमेंटम को बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि वारंट अथवा नोटिस से संबंधित तामिला को प्रॉपर रूप से संबंधित व्यक्ति को हस्तगत कराएं और इसका रिकॉर्ड रखें। इस मामले में नीलाम पत्र पदाधिकारी को बॉडी वारंट को अधिक गंभीरता से लेने का निर्देश दिया गया। राजस्व महाभियान की समीक्षा करते हुएजिलाधिकारी ने सभी राजस्व पदाधिकारी एवं अंचलों के अंचल अधिकारी से म्यूटेशन, परिमार्जन, मापी जैसे मामलों को समय सीमा के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया। राजस्व महाभियान से संबंधित डैशबोर्ड बनाने का निर्देश दिया गया एवं प्रतिदिन की उपलब्धि से संबंधित डाटा अपलोड करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला में जो भी कंप्लेंट्स आ रहे हैं उसमें अधिकतर मामले म्यूटेशन परिमार्जन और माफी से संबंधित होते हैं। अतः अंचल अधिकारी इस पर ध्यान केंद्रित करें और इसका ससमय निष्पादन करें। अनावश्यक रूप से लोगों को परेशान नहीं किया जाए। सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य सभी पदाधिकारी आमजन का फोन रिसीव करें और उनकी बातों को सुने। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रतिदिन आम लोगों से मिलने का समय निर्धारित करें एवं उस अवधि में कार्यालय में निश्चित रूप से उपलब्ध रहें। लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुने और उसका निराकरण करें। क्षेत्रीय पदाधिकारी को क्षेत्र भ्रमण के दौरान विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का भौतिक रूप से निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए जमीन की जहां कहीं भी आवश्यकता है क्षेत्रीय पदाधिकारी भ्रमण के दौरान इसको भी ध्यान में रखें। जिलाधिकारी के द्वारा क्षेत्रीय पदाधिकारियों को नव स्थापित डिग्री कॉलेज का नियमित रूप से भ्रमण करने का निर्देश दिया गया।

## पुनपुन में बढ़ते जलस्तर को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण, सामुदायिक किचन का लिया जायजा





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पुनपुन नदी के बढ़ते जलस्तर और बाढ़ राहत कार्यों का जायजा लेने सोमवार को पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा पुनपुन पहुंचे। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के लिए चलाए जा रहे सामुदायिक रसोई घर का निरीक्षण किया उसके बाद पुनपुन घाट और श्रीपालपुर का जायजा लिया और अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम धनराज कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि पुनपुन प्रखंड के सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर राहत कार्य चलाए जा रहे हैं। जरूरतमंदों के बीच पॉलिथीन शीट का वितरण किया गया है। मसौढ़ी में तिन, जबकि पुनपुन में चार सामुदायिक रसोई घर शुरू कर दिए गए हैं,जहां बाढ़ पीड़ितों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ पीड़ितों के लिए हरसंभव राहत कार्य किए जा रहे हैं। सभी अंचलाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारियों को अलर्ट पर रहने और राहत में कोई कोताही न बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## एक नजर

### एनबी वारंटी रामस्वरूप साव गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड के कासमा थाना पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक एनबी वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने बताया कि बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के अरथुआ गांव में छापेमारी की। इस दौरान एनबी वारंटी रामस्वरूप साव, पिता स्व. मुंशी साव, निवासी अरथुआ को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार आरोपितों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस की कार्रवाई से वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### डायवर्सन चालू नहीं होने से लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। जिले में नदियों का जलस्तर घटने के बाद प्रशासन भले ही बाढ़ की स्थिति सामान्य होने का दावा कर रहा हो, लेकिन ग्रामीण इलाकों में अब भी हालात गंभीर बने हुए हैं। सकरी और मुहाने नदी पर बने डायवर्सन अब तक चालू नहीं हो सके हैं। संपर्क पथ टूटने से नालंदा और शेखपुरा जिले के दर्जनों गांवों के लोगों को पिछले एक सप्ताह से आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। बिहारशरीफ-कतरीसराय मार्ग पर दरियापुर के पास जर्जर पुल से पहले ही आवागमन बंद है। वहीं सकरी नदी का डायवर्सन भी पानी में डूबा है। इससे मानपुर, पलनी, रहिंचा, कबीरपुर, मैरा और बरीठ समेत कई गांवों का जिला मुख्यालय से सीधा संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों को 12-15 किलोमीटर की दूरी के बजाय गिरियक-पावापुरी होकर 35-40 किलोमीटर या अस्थावां होकर करीब 25 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। इसी तरह चंडी प्रखंड के सतनाग के पास मुहाने नदी का डायवर्सन बह जाने से सतनाग, मलबिगहा, नोनिया बिगहा, अमरौरा, द्वारिका बिगहा और सुमका गांवों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क बाधित है। ग्रामीणों ने टूटे हिस्से पर बिजली का पोल रखकर अस्थायी पुल बना लिया है। इसी जोखिम भरे रास्ते से बच्चे, बुजुर्ग और मरीज नदी पार कर रहे हैं।अस्थावां के ओंदा में जिरायन नदी का तटबंध दुरुस्त होने के बावजूद खेतों में जलजमाव की समस्या बनी हुई है। ओंदा, नेरुत, गोमचक, मौलाना बिगहा और भिखनी बिगहा के खेतों से पानी की निकासी धीमी होने से किसानों की फसल बर्बाद होने का खतरा है।

### शादी की नीयत से युवती को भगाने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हरनौत**। थाना क्षेत्र के एक गांव के महादलित टोला से 19 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने वेना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवक पर शादी की नीयत से उनकी बेटी को भगाने का आरोप लगाते हुए हरनौत थाना में लिखित आवेदन दिया है। पुलिस ने फिलहाल युवती के लापता होने का सनहा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवती का अब तक कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन काफी चिंतित हैं।परिजनों के अनुसार, युवती तीन सितंबर को हरनौत बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। देर शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने हरनौत थाना पहुंचकर घटना की सूचना दी।आवेदन में परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवती उक्त युवक से अक्सर बातचीत करती थी। परिजनों को जानकारी मिली है कि दोनों ने मंदिर में शादी कर ली है। हालांकि, परिवार के लोगों का कहना है कि वे दोनों की विधिवत न्यायालय में शादी चाहते हैं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो।हरनौत थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने सोमवार को बताया कि युवती के लापता होने का सनहा दर्ज किया गया है। पुलिस युवती की बरामदगी के प्रयास में जुटी है।

# देवदतपुर में अतिक्रमण पर चलाया गया बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। एमजेसी के तहत सोमवार को देवदतपुर में अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई की। अंचल प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया और कुछ अतिक्रमित हिस्सों को हटाया। वहीं, कुछ स्थानों पर अतिक्रमण को चिन्हित कर जल्द हटाने का निर्देश दिया गया। कार्रवाई अंचल अधिकारी सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई। मौके पर राजस्व अधिकारी रोहित कुमार, एएसआई मुकेश कुमार शर्मा सहित पुलिस बल मौजूद था। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए औरंगाबाद से अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया था। प्रशासनिक टीम ने जेसीबी की मदद से चिन्हित अतिक्रमित हिस्सों को हटाया। कार्रवाई के दौरान कुछ अतिक्रमण तत्काल हटाए गए, जबकि शेष अतिक्रमण को चिन्हित कर संबंधित लोगों को उसे हटाने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चिन्हित अतिक्रमण को जल्द हटाया जाएगा। एमजेसी के तहत प्राप्त निर्देश के आलोक में यह कार्रवाई की गई है। प्रशासन का उद्देश्य सार्वजनिक रास्ते एवं सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना है। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही, हालांकि पुलिस बल की मौजूदगी में स्थिति सामान्य बनी रही। अंचल प्रशासन ने कहा कि सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चिन्हित किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई जल्द पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

# रील्स बनाने से मना करने पर युवक से मारपीट




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। थाना क्षेत्र के भादवा पथ स्थित माड़ीपुर गांव के समीप हनुमान मंदिर के पास सड़क पर रील्स बनाने से मना करने पर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में माड़ीपुर गांव निवासी राकेश यादव के पुत्र बबलू कुमार ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बबलू कुमार ने पुलिस को बताया कि 5 सितंबर को मिशन कुमार चार-पांच साथियों के साथ मंदिर के समीप सड़क पर रील्स बना रहा था। इसी दौरान कुछ बच्चियां सड़क पार कर रही थीं। सड़क पर रील्स बनाने से मना करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की। हालांकि, उस समय मामला शांत हो गया। आरोप है कि रविवार को रफीगंज से घर लौटने के दौरान मिशन कुमार, गोलू कुमार समेत करीब 10 युवकों ने रास्ते में रोक लिया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की गई। पीड़ित के बयान पर मिशन कुमार, गोलू कुमार समेत पांच लोगों को नामजद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पीड़िता की पढ़ाई, मुआवजा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन से बनी सहमति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)**। कुटुंबा थाना क्षेत्र की बहुचर्चित घटना को लेकर राजद की उच्चस्तरीय जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष को सौंप दी है। पूर्व मंत्री डॉ. सुरेश पासवान के संयोजन में गठित टीम ने घटनास्थल का जायजा लेने के साथ पीड़ित परिवार और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद औरंगाबाद परिसदन में जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्रवाई की जानकारी ली।

टीम में विधायक अमरेंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक समता देवी, पूर्व विधायक सतीश दास समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। प्रशासन ने टीम को बताया कि घटना में नामजद तीनों आरोपित गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजे जा चुके हैं। जांच टीम ने मामले में शीघ्र चार्जशीट दाखिल कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में स्पीडी ट्रायल कराने और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने की मांग की। साथ ही पीड़िता का सरकारी आवासीय विद्यालय में नामांकन, नियमानुसार मुआवजा व अनुदान का त्वरित भुगतान तथा पीड़िता के गांव में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था की मांग रखी। राजद नेताओं ने कहा कि पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए पार्टी सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

# बारिश और जल-जमाव से प्रभावित परिवारों को मिली राहत, 20 पॉलीथिन शीट वितरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा/औरंगाबाद**। प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही अत्यधिक बारिश और जलजमाव से प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन ने राहत कार्य तेज कर दिया है। हसपुरा प्रखंड में अब तक प्रभावित परिवारों के बीच 20 पॉलीथिन शीट का वितरण किया गया है।

अंचलाधिकारी सुनील कुमार के निर्देश पर प्रभावित परिवारों को पॉलीथिन शीट उपलब्ध कराई गई, ताकि बारिश के दौरान उन्हें अस्थायी रूप से राहत मिल सके। प्रशासन की ओर से जलजमाव और बारिश से प्रभावित इलाकों में लगातार स्थिति की निगरानी की जा रही है। अंचलाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिले में लगातार हो रही बारिश और बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को जलजमाव और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने तथा जल निकासी के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने बताया कि हसपुरा प्रखंड के प्रभावित क्षेत्रों से जलजमाव की जानकारी जुटाई जा रही है। जरूरत के अनुसार प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की कार्रवाई की जा रही है।

प्रशासन ने संबंधित कर्मियों और पदाधिकारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेने का निर्देश दिया है। साथ ही जल निकासी की समस्या वाले स्थानों को चिह्नित कर तत्काल कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# सोन के बाढ़ मार्ग में दाउदनगर के बाद बढ़ता है फैलाव

## दो बांधों के बाद सबसे अधिक सोन का फैलाव क्षेत्र, सोन का पाट चौड़ा, बाढ़ का प्रभाव अधिक

**डॉ. उपेंद्र कश्यप**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । सोन की बाढ़ के संदर्भ में भौगोलिक दृष्टि से दाउदनगर सोन नदी के किनारे बसा प्रमुख शहर है। हालांकि, इससे बड़ा शहर रोहतास जिले का डिहरी-आन-सोन है। मध्य प्रदेश के शहडोल में सोन पर पहला बांध है, जबकि बिहार में इंद्रपुरी बराज है। इसके बाद सोन पर कोई बांध नहीं है। इंद्रपुरी के बाद गंगा में मिलने तक सोन का मैदानी क्षेत्र बाढ़ से अधिक प्रभावित होता है। इसका कारण नदी का लगातार फैलते हुए आगे बढ़ना और घुमावदार होते जाना है। डिहरी सोन किनारे बसा सबसे बड़ा शहर है, लेकिन इंद्रपुरी के नजदीक और सोन के बाएं किनारे पर होने के कारण यहां कटाव की समस्या अधिक रहती है। वहीं, सोन की बाढ़ का फैलाव नदी के दाहिने किनारे वाले क्षेत्र में अधिक होता है। बिहार सरकार के सोन बेसिन विवरण के अनुसार, दाउदनगर के नीचे सोन दाहिने किनारे से तटों के ऊपर फैलना शुरू करता है। रोहतास में नासरीगंज के नीचे बाएं किनारे और फिर कोइलवर के नीचे बाढ़ का फैलाव अधिक गंभीर हो जाता है। इंद्रपुरी बराज से मनेर तक सोन नदी के बाढ़ मार्ग को समझने के लिए बिहार सरकार के फ्लड मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम के अनुसार, सोन में बाढ़ की समस्या मुख्यतः निचले मैदानी हिस्से में शुरू होती है। सोन दाउदनगर के नीचे दाहिने किनारे और भोजपुर में नानसागर के नीचे बाएं किनारे से फैलने लगता है। कोइलवर पुल के नीचे बाढ़ का फैलाव अधिक गंभीर हो जाता है। फ्लड मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम के अनुसार, सोन नदी सामान्यतः दाउदनगर के नीचे दाहिने किनारे से तटों के बाहर फैलना शुरू करती है। इसका अर्थ है कि बहुत बड़े प्रवाह की स्थिति में दाउदनगर के बाद नदी का पानी आसपास के निचले क्षेत्रों में फैलने की संभावना बढ़ जाती है। इसी कारण यह क्षेत्र बाढ़ के दृष्टिकोण से खासा महत्वपूर्ण है।

# रफीगंज पुलिस ने चंदौल गांव से वारंटी को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज**। थाना पुलिस ने चंदौल गांव से एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान चंदौल गांव निवासी योगी यादव के पुत्र प्रमोद कुमार यादव उर्फ बबनी यादव के रूप में हुई है। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि औरंगाबाद न्यायालय द्वारा प्रमोद कुमार यादव के खिलाफ वारंट जारी किया गया था। वारंट के आधार पर एसआई उमेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

# सेवा पखवारा को सफल बनाने की रणनीति पर भाजपा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा**। भारतीय जनता पार्टी हसपुरा दक्षिणी मंडल की बैठक सोमवार को कैथी बनकट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने की, जबकि संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने किया। बैठक में संगठन विस्तार के साथ आगामी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवारा संकल्प अभियान को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंदिर परिसर की सफाई, लाभार्थी सूची के आधार पर संपर्क अभियान, बूथ सशक्तीकरण, ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता, नमो सेवा गाथा और नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा 'आंगन के उत्सव' कार्यक्रम के तहत पिछले 25 वर्षों से सेवा दे रहीं आंगनबाड़ी सेविकाओं को सम्मानित करने, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित करने तथा प्रधानमंत्री द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने की योजना बनाई गई। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष चितरंजन सिंह, सुनील सिंह, संतोष शर्मा, मंडल मंत्री सतीश पटेल, मुकेश शर्मा सहित विभिन्न पंचायतों के अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर नवीन कुमार, विमलेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, श्रीकांत शर्मा, रणधीर सिंह, अतुल कुमार, सुजीत कुमार, विवेक कुमार, शासक कुमार, छोटू कुमार, जितेंद्र कुमार, वरिष्ठ जनसंघ काल के सामाजिक कार्यकर्ता कपिल देव नारायण सिंह और उपेंद्र दुबे समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# गणेश कुशवाहा की 9वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा के पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह शिक्षाविद गणेश कुशवाहा उर्फ गुप्ता की 9वीं पुण्यतिथि सोमवार को अहियापुर में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया।

पुण्यतिथि समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अम्बुज कुमार ने की, जबकि संचालन रालोमो के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गणेश कुशवाहा के सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदान को याद करते हुए कहा कि वे विचारों से समृद्ध और समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे।

वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने वकालत के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई। वे दो बार कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रहे। समाज के हित और गरीबों के अधिकार की लड़ाई में वे जीवनभर सक्रिय रहे। उनके व्यक्तित्व में संघर्षशीलता और समाजसेवा की भावना हमेशा दिखाई देती थी। शिक्षक मनोज कुमार, समाजसेवी श्रीकांत प्रसाद, रंजीत कुमार सिन्हा, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, इंद्रदेव प्रसाद, ब्रजेश कुमार, जयराम प्रसाद, संजना, नंदनी, रुपाली एवं जुली समेत अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि गणेश कुशवाहा आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, कृतित्व और सामाजिक योगदान को लोग आज भी याद करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रेम कुमार एवं रोहित कुमार ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिलास्तरीय 'शिक्षक सम्मान समारोह' 10 सितंबर को

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अंबा (औरंगाबाद)**। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आगामी 10 सितंबर को आयोजित होने वाले जिलास्तरीय 'शिक्षक सम्मान समारोह' की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। आयोजन को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला कार्यकारिणी कमेटी सहित सभी प्रखंड इकाईयां पूरी ताकत से जुट गई हैं। इसी सिलसिले में रविवार को कुटुंबा प्रखंड इकाई की एक अहम बैठक स्थानीय प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार ने की, जबकि मंच संचालन प्रोग्रेसिव शिक्षण संस्थान के संस्थापक वेद प्रकाश तिवारी ने किया। बैठक में अध्यक्ष ने कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए विभिन्न संघीय विद्यालयों को अलग-अलग दायित्व सौंपे। सभी सदस्य विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने जिम्मेदारियों को सहर्ष स्वीकार किया और संकल्प दोहराया कि इस वर्ष का समारोह पिछले सभी आयोजनों से अधिक भव्य और सफल होगा।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरेश प्रसाद सिन्हा ने कहा कि शिक्षक समाज के सच्चे पथ-प्रदर्शक और नेतृत्वकर्ता होते हैं। उनके कंधों पर समाज निर्माण की महती जिम्मेदारी होती है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके निःस्वार्थ समर्पण को मान्यता देने और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिला महासचिव सत्येंद्र नारायण ने जानकारी दी कि कार्यक्रम को लेकर शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह है और अब तक जिलेभर से 1000 से अधिक शिक्षकों का सम्मान हेतु निबंधन हो चुका है।

जिला सचिव वीरेन्द्र कुमार सिंह के अनुसार, समारोह में एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद, बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश सहित कई उच्चस्तरीय प्रशासनिक पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि शिरकत करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजित बैठक में मुख्य संरक्षक बैजनाथ मेहता, संरक्षक डी. के. पाण्डेय, सचिव दिनेश प्रसाद, मीडिया प्रभारी संजय कुमार, कोषाध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार सिंह, सच्चिदानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक धनेश कुमार, आर्यभट पब्लिक स्कूल के निदेशक विनय कुमार मेहता, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल सिमरा के निदेशक धनंजय कुमार, शिवम पब्लिक स्कूल के संस्थापक कुमार बिजेंद्र, देव वैली ग्लोबल स्कूल के प्राचार्य एन. के. सिंह, सतीश कुमार मिश्रा, उदयन पब्लिक स्कूल के निदेशक नीरज पाण्डेय, अडानी इंटरनेशनल स्कूल से धीरेन्द्र कुमार सिंह, सन राईज इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक सुरेश कुमार दुबे, ज्ञानदीप सक्सेस अकैडमी के सचिव विनोद मेहता, अजय कुमार, शिवम कुमार और रोहित कुमार सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

# निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण होगा पंचायत परिसीमन कार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद**। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला पंचायत राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद द्वारा आज ओबरा प्रखंड अंतर्गत रतनपुर पंचायत परिसीमन से संबंधित चल रहे कार्यों का अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर नए सिरे से पंचायतों के परिसीमन के तहत किए जा रहे ईबी (एन्यूमरेशन ब्लॉक) वाइज डेटा की मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रविष्टि के कार्य की जांच की गई। इस दौरान संबंधित कर्मियों द्वारा की जा रही डेटा एंट्री की प्रगति एवं प्रविष्टियों की शुद्धता का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयोग के निर्देशानुसार ईबी वाइज डाटा की प्रविष्टि का कार्य 10 सितंबर 2026 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित है। जिला में कुल 4413 ईबी की एंट्री की जानी है जिसमे से अब तक 2800 की एंट्री की जा चुकी है। विभिन्न जिलों में डेटा प्रविष्टि की प्रगति एवं उसमें पाई जा रही त्रुटियों को देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के स्तर से लगातार इसकी समीक्षा की जा रही है। जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया गया कि परिसीमन एवं ईबी वाइज डाटा एंट्री का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करते हुए सभी प्रविष्टियों की सावधानीपूर्वक जांच सुनिश्चित करें, ताकि डेटा में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।

# झंडा दिवस कोष के लिए 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। झंडा दिवस कोष में धन संग्रह के उद्देश्य से रविवार को के.एल.एस. कॉलेज, नवादा में 'एक शाम शहीदों के नाम' सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा था। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता, नवादा मनोज कुमार एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान अतिथियों, पदाधिकारियों, कलाकारों एवं आमजनों ने देश की सुरक्षा, संप्रभुता एवं अखंडता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में कलाकारों ने देशभक्ति गीत, संगीत, नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति तथा वीर शहीदों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना व्यक्त की गई। प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और प्रबल किया। उपस्थित लोगों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए वीर शहीदों के त्याग एवं बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम का वातावरण देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा। उल्लेखनीय है कि सैनिक कल्याण निदेशालय, बिहार के कार्यक्रम के अनुसार 07 सितंबर 2026 को रजौली अनुमंडल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं।

# जलजमाव से घबराने की बजाय प्रशासन द्वारा जारी तकनीकी सुझावों का करें पालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। जिले में लगातार हो रही बारिश एवं जलजमाव की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में फसलों की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण एवं आकलन किया जा रहा है। इसी क्रम में दाउदनगर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी एवं गोह प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा दाउदनगर एवं गोह प्रखंड अंतर्गत स्थलीय निरीक्षण कर जलजमाव से प्रभावित धान की फसल की स्थिति का जायजा लिया गया। यह निरीक्षण पानी उतरने के बाद किया गया है ताकि प्रभावित रकबा का सही आकलन लगाया जा सके। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने बताया कि वर्तमान स्थिति में जलस्तर कम होने की प्रक्रिया जारी है। आवश्यक आकलन के आधार पर फसल की वास्तविक स्थिति का समुचित मूल्यांकन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान किसानों को जलजमाव से प्रभावित धान की फसल के संरक्षण एवं उचित पोषण प्रबंधन के संबंध में आवश्यक तकनीकी जानकारी भी दी गई। किसानों को सलाह दी गई कि जलजमाव की स्थिति में खेतों में तत्काल उर्वरक का प्रयोग न करें। सबसे पहले खेत से अतिरिक्त पानी की निकासी सुनिश्चित करें तथा पानी निकलने के बाद ही फसल की स्थिति के अनुरूप उर्वरक एवं पोषक तत्वों का प्रयोग करें। कृषि विभाग द्वारा किसानों को बताया गया कि पानी निकलने के बाद फसल की स्थिति एवं स्थानीय कृषि अनुशंसाओं के अनुरूप प्रति बीघा लगभग 10 से 12 किलोग्राम यूरिया तथा 5 से 6 किलोग्राम पोटाश का प्रयोग किया जा सकता है। यूरिया नाइट्रोजन की पूर्ति में सहायक है, जबकि पोटाश फसल की मजबूती एवं बेहतर विकास में उपयोगी होता है।

# गोवा से उठा विकसित बिहार का संकल्प, विकास और निवेश पर मंथन

## उद्योग जगत ने बिहार की विकास यात्रा से जुड़ने की दिखाई प्रतिबद्धता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गोवा/रोहतास।** 'आइए प्रेरित करें बिहार' अभियान के तहत वास्कोडिगामा स्थित रवींद्र भवन में बिहार विकास सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बिहार के औद्योगिक विकास, निवेश, रोजगार और उद्यमिता की संभावनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में बिहार सरकार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि तथा वास्को के विधायक कृष्णा दाजी सालकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में गोवा के उद्योग जगत से जुड़े उद्यमियों, प्रबुद्ध नागरिकों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बिहार में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और युवाओं को उद्यमिता से जोड़ने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार की सकारात्मक और संभावनाओं से भरी तस्वीर को देश के विभिन्न हिस्सों में सामने लाना तथा उद्योग जगत और बिहार के बीच संवाद एवं सहयोग को मजबूत करना रहा। सम्मेलन में आईजी विकास वैभव ने आईपीएस के संकल्प और 'आइए प्रेरित करें बिहार' अभियान की विचारधारा को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि बिहार के विकास की जिम्मेदारी केवल सरकार तक सीमित नहीं है। समाज, उद्योग जगत, युवा, पेशेवर, प्रवासी बिहारी और आम नागरिक अपनी-अपनी भूमिका निभाकर बिहार की विकास यात्रा को नई गति दे सकते हैं। सम्मेलन में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में विकसित बिहार की मजबूत भूमिका सुनिश्चित करने का संकल्प भी दोहराया गया।

**डिहरी में बनेगी ग्लोबल स्टेम-सेल डायबिटीज क्योर प्रयोगशाला**

रोहतास जिले के लिए गर्व की खबर है। डिहरी-ऑन-सोन में ग्लोबल स्टेम-सेल डायबिटीज क्योर प्रयोगशाला की स्थापना की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। गोवा के रवींद्र भवन, वास्को दा गामा में आयोजित बिहार डेवलपमेंट समिट 2026 में डिहरी की बेटी एवं प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. रीना सिंह ने बिहार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह को प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) का प्रारूप सौंपा। प्रस्तावित केंद्र में अत्याधुनिक बायोटेक रिसर्च एंड डेवलपमेंट सुविधा विकसित की जाएगी। डॉ. रीना सिंह ने बताया कि प्रयोगशाला में स्टेम-सेल आधारित तकनीक के माध्यम से मधुमेह के उपचार की दिशा में शोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य पैंक्रियाज के प्राकृतिक कार्य को बहाल करने की संभावनाओं पर काम करना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह पहल भविष्य में मधुमेह के उपचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने परियोजना के लिए डेहरी में भूमि उपलब्ध कराने समेत हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। डॉ. रीना सिंह के पति एवं को-फाउंडर डॉ. शशिकांत भी मौजूद रहे।

### गोवा के मंच पर रोहतास का गौरव बनीं नूतन पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** 'आइए प्रेरित करें बिहार' अभियान के अंतर्गत आयोजित बिहार विकास सम्मेलन 2026 में रोहतास की नूतन पाण्डेय ने शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में अपने अनुभव साझा किए। सम्मेलन में बिहार की उद्योग एवं खेल मंत्री श्रेयसी सिंह मुख्य अतिथि रहीं जबकि अभियान के मुख्य संरक्षक एवं मगध क्षेत्र के आईजी विकास वैभव की उपस्थिति रही। सासाराम की बेटी एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तिलौथू की शिक्षिका नूतन पाण्डेय ने कहा कि विकसित बिहार का सपना केवल आर्थिक प्रगति से पूरा नहीं होगा। इसके लिए शिक्षा, संस्कार, कौशल और समान अवसरों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने जरूरतमंद एवं शिक्षा से वंचित बच्चों के लिए संचालित गार्गी पाठशाला की पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि मातृशक्ति यदि शिक्षा और सामाजिक बदलाव की जिम्मेदारी अपने हाथों में लें तो आने वाली पीढ़ी को नई दिशा दी जा सकती है। पैनल चर्चा के दौरान शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में नूतन पाण्डेय के कार्यों तथा गार्गी पाठशाला की पहल की सराहना करते हुए आईजी विकास वैभव ने उन्हें अंगवस्त्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। नूतन पाण्डेय ने यह सम्मान शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन से जुड़े सभी सहयोगियों, बच्चों और महिलाओं को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि गार्गी पाठशाला जैसी पहल रोहतास के अधिक से अधिक प्रखंडों तक पहुंचे, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक या सामाजिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे।

### डीएम ने की जिला जनता दरबार में फरियादियों के समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिया निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें कुल 81 आवेदन प्राप्त किया गया। आवेदक सत्यदेव भगत पिता स्वर्गीय लोहड़ी भगत ग्राम अजूबा बिहार पंचायत दहाउर थाना डिहरी के द्वारा सेवानिवृत होने के बाद पीएफ इएसआई एवं अन्य बकाया भुगतान नहीं करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे जांच कर अग्रसर कार्रवाई करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी रोहतास को निर्देशित किया गया। आवेदक सुदामा सिंह ग्राम जिगना पोस्ट बरारी थाना-अगरेर के द्वारा भूमि विवाद से संबंधित विवाद को निराकरण करने हेतु अंचलाधिकारी सासाराम को निर्देशित किया गया। आवेदक रामानंद दुबे पिता स्व शिवपूजन दुबे ग्राम सोहलिया पोस्ट पिपरा थाना करगहर के द्वारा भूमि पर जबरन कब्जा हेतु शिकायत किया गया जिसे शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई करने हेतु अंचलाधिकारी करगहर को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार सभी आवेदन पत्रों को उससे संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया।

# डीएम की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय समिति की बैठक

## न्यूनतम 30 मामलों में प्रति शपथ दायर कर जिला विधि शाखा को सूचित करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** डीआरडीए सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में उपस्थित सभी विभाग के पदाधिकारी से क्रमानुसार उनके विभाग में लंबित कार्य के निष्पादनार्थ अंतर्विभागीय सहयोग हेतु चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी के द्वारा उक्त समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम विधि शाखा से प्राप्त प्रतिवेदन में लंबित सीडब्लूजेसी/एमजेसी वादों के निष्पादन की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि गत सप्ताह सीडब्लूजेसी में कुल 15 ओथ न्यायालय में दायर किए गए और एमजेसी में कुल 2 ओथ दायर किया गया। समीक्षा के क्रम में सर्वाधिक लंबित मामलों में अंचल अधिकारी, सासाराम/कोचस/डिहरी/शिवसागर/दिनारा/बिक्रमगंज/शिवसागर, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी, जिला खनिज विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम/बिक्रमगंज, जिला सहकारिता पदाधिकारी रोहतास, अपर समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी आदि से लंबित उक्त सीडब्लूजेसी /एमजेसी वादों में न्यायालय में प्रति शपथ दायर करने हेतु निर्देशित किया गया। इस संदर्भ में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस सप्ताह में न्यूनतम 30 मामलों में प्रति शपथ दायर कर जिला विधि शाखा को सूचित किया जाय। तदोपरांत जिलाधिकारी, रोहतास के द्वारा सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा की गई और सभी पदाधिकारियों को ससमय व गुणवत्तापूर्ण निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सहयोग पोर्टल पर 20 दिन से अधिक लंबित वाद को निष्पादित करने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया गया। साथ ही विभाग स्तर से जिन पदाधिकारी को कारण पृच्छा की गई है उसका जबाब ससमय पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु बैंक प्रबंधकों के साथ प्रधान जिला जज ने की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के पत्र के आलोक में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रोहतास अनुज कुमार जैन के निर्देशानुसार 12 सितंबर 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर सासाराम, अनुमडलीय न्यायालय, बिक्रमगंज एवं डिहरी ऑन-सोन में होना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रोहतास, सासाराम के प्रकोष्ठ में वरीय अधिवक्ताओं के साथ एवं सभी बैंक प्रबंधकों एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक के साथ बैठक की गयी जिसमें उन्होंने निर्देश दिया कि आप सभी अपने मुख्य बैंक एवं अधीनस्थ शाखाओं से ऋण धारकों को अधिक से अधिक नोटिस निर्गत कराये एवं पक्षकारों के साथ सहानभुति पूर्वक व्यवहार करते हुए अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन में अपना सहयोग करें। मौके पर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूको बैंक, इण्डियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इण्डिया के प्रबंधक सहित कई अन्य बैंकों के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने सीखे तकनीक के गुण, अब एआई से स्मार्ट होगी पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रोहतास।** प्रखंड के प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में सोमवार को शिक्षकों के लिए 'माइक्रोसॉफ्ट एलीवेट फॉर एजुकेटर्स' कार्यक्रम के तहत एआई आधारित विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पीरामल फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में क्षेत्र के करीब 40 शिक्षकों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर कक्षा शिक्षण को अधिक सरल, रोचक और प्रभावी बनाना है। प्रशिक्षण का संचालन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह मास्टर फैसिलिटेटर गुफरान अहमद सिद्दीकी तथा पीरामल फाउंडेशन के एआई एंबेसडर राघवेंद्र ने संयुक्त रूप से किया। कार्यशाला के दौरान 'माइक्रोसॉफ्ट लर्न' के विभिन्न पाठ्यक्रमों और एलीवेट फॉर एजुकेटर्स मॉडल के माध्यम से शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी व व्यावहारिक जानकारी दी गई। शिक्षकों ने एआई टूल्स का व्यावहारिक अभ्यास करते हुए डिजिटल लेसन प्लान, विषयवार आरेख (डायग्राम), रोचक शिक्षण-अधिगम सामग्री और प्रश्न पत्र तैयार करना सीखा। प्रशिक्षकों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि एआई का उपयोग केवल तकनीकी ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसका असली मकसद कक्षा में विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव को बेहतर बनाना है। आधुनिक एआई टूल्स की मदद से कठिन विषयों को आसान बनाकर छात्रों की सहभागिता बढ़ाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान सभी सहभागी शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और डिजिटल युग की इस नई पहल की सराहना की।

# बाढ़ से बेअसर रहता है कैमूर पठारी और ऊंचे भूभाग के कारण अपेक्षाकृत सुरक्षित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बिहार में हर साल बाढ़ से बड़े पैमाने पर जानमाल का नुकसान होता है। नेपाल से आने वाली नदियां उत्तर बिहार के कई जिलों में तबाही मचाती हैं। हालांकि राज्य का कैमूर जिला अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण बाढ़ के लिहाज से अपेक्षाकृत सुरक्षित माना जाता है। बिहार में कुल 38 जिले हैं जो नौ प्रमंडलों में विभाजित हैं। क्षेत्रफल की दृष्टि से पश्चिमी चंपारण सबसे बड़ा और शिवहर सबसे छोटा जिला है। वहीं कैमूर दक्षिण-पश्चिम बिहार में स्थित है और इसका बड़ा हिस्सा पठारी क्षेत्र में आता है। कैमूर विंध्याचल पर्वत श्रृंखला के पूर्वी हिस्से में स्थित है जिसे कैमूर की पहाड़ियों के नाम से जाना जाता है। यहां का भूभाग समुद्र तल से लगभग 300 से 450 मीटर तक ऊंचा बताया जाता है। पहाड़ी और ढलानदार भूभाग होने के कारण बारिश का पानी यहां लंबे समय तक जमा नहीं रहता। पानी तेजी से बहकर कर्मनाशा और दुर्गावती जैसी नदियों के जरिए मैदानी क्षेत्रों की ओर निकल जाता है। उत्तर बिहार के दरभंगा, मधुबनी, सहरसा और सुपौल जैसे जिलों में नेपाल से आने वाली कोसी, गंडक और बागमती जैसी नदियां बाढ़ का प्रमुख कारण बनती हैं। इसके विपरीत कैमूर दक्षिण-पश्चिम बिहार में होने के कारण इन नदियों के सीधे प्रभाव से बाहर है। अक्सर पश्चिमी चंपारण को भी ऊंचाई के कारण बाढ़-मुक्त समझ लिया जाता है। वहां बिहार की सबसे ऊंची चोटी सोमेश्वर की पहाड़ी है, लेकिन गंडक और नेपाल से आने वाली अन्य पहाड़ी नदियों के कारण जिले के मैदानी और निचले इलाके बाढ़ की चपेट में आते हैं। कैमूर का पठारी भूभाग और ऊंचाई उसे बाढ़ के खतरे से काफी हद तक सुरक्षित रखता है।

### जदयू जिला कमेटी में पदाधिकारी बनने पर कोल परिवहन सेवा संघ के पदाधिकारियों का स्वागत

#### व्यवसायियों ने माला पहनाकर जताई खुशी, संगठन और पार्टी को मजबूत करने का लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** कोल परिवहन सेवा संघ कार्यालय में सोमवार को कोल डिपो अध्यक्ष रवींद्रनाथ सिंह एवं पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह के जदयू जिला कमेटी में पदाधिकारी बनाए जाने पर व्यवसायियों ने स्वागत किया। रवींद्रनाथ सिंह को जदयू का जिला उपाध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह को जिला महामंत्री बनाए जाने पर संघ के व्यवसायियों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने दोनों पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया और उनके मनोनयन पर खुशी जताई। नवनियुक्त जदयू जिला उपाध्यक्ष रवींद्रनाथ सिंह ने जदयू जिलाध्यक्ष बिन्दा चन्द्रवंशी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास पुरुष नीतीश कुमार द्वारा किए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही कोल परिवहन व्यवसायियों के हितों के लिए भी लगातार काम किया जाएगा। वहीं जदयू के जिला महामंत्री विनोद कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए नीतीश कुमार के बाद अब निशांत युग की शुरुआत हुई है। निशांत कुमार के नेतृत्व में पार्टी चहुंमुखी विकास के फार्मूले पर काम करेगी। स्वागत समारोह में सुदर्शन सिंह, सचिन संतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, उपसचिव सह कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य उपेंद्र ओझा, पिंटू सिंह, जितेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, मनोज ओझा, बबलू दुबे सहित अन्य व्यवसायी एवं संघ के सदस्य मौजूद रहे।

### सफाई मजदूर संघ ने राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की उठाई मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** सफाई मजदूर संघ बिहार के अध्यक्ष एवं राज्य महादलित आयोग के पूर्व सदस्य तूफानी राम तथा महामंत्री मोहन राम ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शीघ्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन की मांग की है। संघ के नेताओं ने कहा कि आयोग के गठन को लेकर करीब एक वर्ष पूर्व कैबिनेट में फैसला होने के बावजूद अब तक इसका गठन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी समाज के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए अलग आयोग का गठन आवश्यक है। उन्होंने सफाई कर्मियों के लिए एक लाख स्थायी नियुक्तियां, भूमिहीन परिवारों को जमीन का पर्चा, पक्के मकान तथा शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता देने की मांग की। साथ ही राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा और राज्यसभा में प्रतिनिधित्व देने की भी मांग उठाई। संघ नेताओं ने कहा कि प्रस्तावित सफाई कर्मचारी आयोग में सफाई कर्मी समाज के प्रतिनिधियों को ही शामिल किया जाए। उन्होंने अनुसूचित जाति एवं महादलित आयोग में भी सफाई कर्मी समाज का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग की।

# अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई, फुटपाथी दुकानदारों में हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र में सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी कोमल कुमारी के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान सासाराम मुख्य सड़क के दोनों ओर लगे छोटे-छोटे फुटपाथी दुकानों और ठेलों को हटाया गया जबकि कई दुकानदारों को चेतावनी दी गई और कुछ का चालान भी काटा गया। अभियान के दौरान अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर और ट्रैक्टर का भी इस्तेमाल किया गया जिससे सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया। नगर परिषद की इस कार्रवाई को लेकर छोटे दुकानदारों में नाराजगी देखी गई और इस संबंध में उन्होंने भेदभाव का आरोपी लगाया। सासाराम रोड पर दुकान लगाने वाले एक दुकानदार ने बताया कि नगर परिषद द्वारा दुकान लगाने के लिए कहीं अन्य वैकल्पिक जगह की व्यवस्था नहीं की जा रही है, इसके बावजूद सड़क किनारे दुकान लगाने पर पदाधिकारियों द्वारा चालान काटा जाता है और सामान जब्त कर लिया जाता है। दुकानदारों का कहना है कि रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है और प्रशासन को पहले वेंडिंग जोन या वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराना चाहिए। वहीं इस संबंध में जब कार्यपालक पदाधिकारी कोमल कुमारी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब देने से परहेज किया और कहा कि इस तरह का सवाल उनसे न किया जाए, इसके लिए वह अधिकृत नहीं हैं और इस बारे में अनुमंडल पदाधिकारी से बात की जा सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अतिक्रमण हटाना जरूरी है ताकि यातायात सुगम हो सके, लेकिन गरीब दुकानदारों के पुनर्वास की भी व्यवस्था होनी चाहिए। फिलहाल नगर परिषद ने संकेत दिया है कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### जदयू जिला उपाध्यक्ष पद से धर्मेंद्र कुशवाहा ने दिया इस्तीफा, जिलाध्यक्ष पर लगाया मनमानी का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** जेडीयू के कद्दावर नेता और चेनारी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा ने जेडीयू जिला उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। सोमवार 7 सितंबर को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष बिंदा चंद्रवंशी ने बिना उनकी सहमति के उनका नाम जिला उपाध्यक्ष की सूची में डाल दिया था जिसके विरोध में उन्होंने इस्तीफा दे दिया।

धर्मेंद्र कुशवाहा ने जिला अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिला अध्यक्ष पार्टी के सिद्धांत और संविधान को अपनी मुट्ठी और पॉकेट में रखकर मनमानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चेनारी प्रखंड अध्यक्ष के चुनाव में पार्टी का स्पष्ट नियम था कि जो सबसे अधिक क्रियाशील सदस्य बनाएगा वही प्रखंड अध्यक्ष बनेगा। मैंने चेनारी प्रखंड में लगभग 450 क्रियाशील सदस्य बनाए। चुनाव के दिन सभी क्रियाशील सदस्यों ने सदस्य रसीद दिखाकर मेरे पक्ष में मतदान किया और हस्ताक्षर किए। वहां मौजूद जिला पर्यवेक्षक मनोज पटेल और प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी अक्षय पासवान ने मुझे चेनारी का प्रखंड अध्यक्ष घोषित कर लिखित रूप से जिला को सौंप दिया था।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरुकता शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन एवं बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरस्वती विद्या निकेतन (मॉडल स्कूल), प्रेमनगर, अकोढ़ीगोला में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों, शिक्षा के महत्व, बालिकाओं के अधिकार, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को बाल विवाह के विरुद्ध आवाज उठाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रम के तहत 'सखी वार्ता' के माध्यम से भी बालिकाओं को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं ने बाल विवाह को रोकने तथा बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। जिला परियोजना प्रबंधक, रोहतास मोहम्मद शमीम अंसारी ने कहा कि बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में शिक्षा, जागरूकता और सामूहिक भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका है। बाल विवाह को समाप्त करने के लिए परिवार, विद्यालय और समाज को मिलकर प्रयास करना होगा।

### जतिन दास की शहादत के 100 वर्ष पर डिहरी में नागरिक पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अमर क्रांतिकारी जतिन दास की शहादत के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2029 में शताब्दी समारोह की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में 13 सितंबर 2026 को डिहरी में नागरिक कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की जा रही है। बंदी अधिकार आंदोलन के संयोजक संतोष उपाध्याय ने बताया कि कार्यक्रम में जतिन दास के संघर्ष और आज के बंदियों के अधिकारों को जोड़ते हुए मानवीय गरिमा, कानूनी सहायता, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवार से संपर्क और सम्मानजनक व्यवहार जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि जतिन दास ने 1929 में लाहौर जेल में राजनीतिक बंदियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में 63 दिनों तक अनशन किया और 13 सितंबर 1929 को शहादत दी थी। उनकी शहादत को वर्तमान संदर्भ से जोड़ना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को व्यापक नागरिक पहल का रूप देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और युवाओं को जोड़कर नागरिक समिति गठित करने की तैयारी है।

# प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** दावथ प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित मनरेगा भवन में सोमवार को प्रखंड कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति बीस सूत्री की बैठक अध्यक्ष अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने किया। बैठक में बीस सूत्री सदस्य कृष्णा मिश्रा ने विद्युत विभाग के कनीय अभियंता पर मनमानी और घोर लापरवाही का आरोप लगाया। बैठक में स्कूल व्यवस्था पर कई तरह के सवाल उठाए गए, उपस्थित बीइओ इस पर जानकारी दिया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नीतू कुमारी ने श्रम विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि बीमारी से श्रमिक की मृत्यु पर 50 हजार रुपये और दुर्घटना में मृत्यु पर दो लाख रुपये तक सहायता का प्रावधान है तथा ई श्रम कार्ड या जॉब कार्ड न होने पर अंचल कार्यालय से वंशावली के आधार पर लाभ दिया जा सकता है। प्रभारी बीपीआरओ अभय कुमार सिंह ने पंचायती राज विभाग के विकास कार्यों की जानकारी दी। सदस्यों ने पीएचईडी के जेई से दावथ मुख्य बाजार और शाहपुर में महीनों से बंद नल जल योजना को तत्काल चालू करने की मांग की। जीविका के बीपीएम ने बताया कि प्रखंड में 15 हजार 333 लाभुकों को दस दस हजार रुपये की पहली किस्त दी गई थी जिसमें से 62 लाभुकों को 27 अगस्त को बीस-बीस हजार रुपये की दूसरी किस्त भेज दी गई है। अध्यक्ष ने अंचल सीओ गौरव कुमार से परिमार्जन प्लस पर सवाल पूछा। अंत में अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि बैठक में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई के लिए जिला को रिपोर्ट भेजी जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष कमलेश कुमार चंद्रवंशी, राजस्व पदाधिकारी विकास पंडित, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राणा प्रताप सिंह, बीपीएम मुन्ना राम, पीओ पंकज पाल, बीएओ हरिओम दूबे, शिवाधार पांडे, प्रवीण कुमार तिवारी, प्रियंका कुमारी, अयोध्या पासवान, अंसारी हक खान और एलईओ नीलू कुमारी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### जनता दरबार: 123 शिकायतों की सुनवाई, भूमि विवाद के 86 मामले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 123 परिवादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई। जनता दरबार में आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत किए जिनमें भूमि विवाद से संबंधित 86 परिवाद, आपूर्ति से संबंधित 11 परिवाद तथा अन्य मामलों से संबंधित 26 परिवाद शामिल थे। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने परिवादियों को आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी, ताकि किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाना है सरकार की प्राथमिकता : रामकृपाल यादव

## सामुदायिक रसोई का निरीक्षण कर गुणवत्ता की जांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के प्रभारी मंत्री राम कृपाल यादव ने रविवार को शाम्हो प्रखंड के सलहा सैदपुर बरारी पंचायत के वार्ड 3 और 4 में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ डीएम रिची पांडेय, एसपी मनीष, एसडीओ अश्विनी कुमार, सीओ और मुखिया मौजूद थे। मंत्री ने बांध पर रह रहे पीड़ित परिवारों से मिलकर समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। सामुदायिक रसोई का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता देखी और निर्देश दिया कि मेन्यू के अनुसार भोजन मिले तथा बच्चों के लिए रोज दूध की व्यवस्था हो। मेडिकल कैंप में दवाओं की उपलब्धता की जांच कर पर्याप्त दवा रखने का निर्देश दिया। डीएम रिची पांडेय ने बताया कि जिले में 253 नावें (230 सरकारी, 23 निजी) चल रही हैं। मटिहानी में 70, बलिया में 52, बछवाड़ा में 45 और शाम्हो में 41 नावें सक्रिय हैं।सामुदायिक कुल 165 रसोई केंद्र चल रहे हैं। अब तक 89,667 लोगों को भोजन कराया गया। शाम्हो में 50, बलिया में 30 और मटिहानी में 25 रसोई सक्रिय हैं। 55 मेडिकल कैंप और शाम्हो दियारा के लिए विशेष बोट एम्बुलेंस तैनात, अब तक 8,714 मरीजों का इलाज। 8 पशु चिकित्सा शिविर, 1,999 पशुओं का उपचार और 692.15 क्विंटल पशुचारा वितरित। अब तक 6,275 शीट वितरित - बलिया 2,560, मटिहानी 1,800, तेघड़ा 1,640, बेगूसराय 275। प्रभारी मंत्री ने कहा बाढ़ पीड़ितों को राहत देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों के साथ-साथ पशुओं के लिए भी चारा, दवा और स्वास्थ्य सुविधा में कमी न हो और पूरी संवेदनशीलता से काम करें।



# श्रीकृष्ण पूजा समारोह में शामिल हुए डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के फुलवरिया तारा अड्डा, बरौनी स्थित चंद्रवंशी चौक पर श्रीकृष्ण पूजा समिति की ओर से आयोजित भव्य मेला एवं धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण को नमन कर पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं को संबोधित किया। इसके अलावा डॉ. प्रेम कुमार फुलवरिया स्थित श्रीराम-जानकी ठाकुरबाड़ी में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में भी पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान श्रीराम और माता जानकी का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। मेला परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही तथा विभिन्न धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेशों को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। श्रीकृष्ण पूजा समिति और श्रीराम-जानकी ठाकुरबाड़ी से जुड़े आयोजकों एवं स्थानीय लोगों ने डॉ. प्रेम कुमार का स्वागत किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी रही।




## पैर फिसलने से युवक की मौत

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के बाढ़ग्रस्त ताजपुर पंचायत के शादीपुर ताती टोल में रविवार रात बाढ़ के पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 65 वर्षीय रामबरन तांती के रूप में हुई है।जो ट्रैक्टर चालक थे।परिजनों ने बताया कि रविवार रात पास में श्राद्ध का भोज था, परिवार के लोग वहीं गए थे। रामबरन घर के पास बने शौचालय में शौच के लिए जा रहे थे, तभी पैर फिसलने से शौचालय के बगल में भरे गंगा के गहरे पानी में गिर गए और डूब गए। भोज से लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की तो गड्ढे में शव मिला। सोमवार सुबह शव को नाव से सनहा-गोरगामा बांध पर लाया गया। सूचना पर एसडीओ अजय यादव मौके पर पहुंचे।

# महेशवाड़ा ठाकुरबाड़ी के समीप शव मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के महेशवाड़ा ठाकुरबाड़ी के समीप बूढ़ी गंडक नदी में रविवार की सुबह एक अज्ञात महिला की तैरती हुई लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन काफी प्रयास के बावजूद महिला की पहचान नहीं हो सकी। बताया गया कि रविवार की सुबह कुछ किसान पशुचारा लाने के लिए खेत की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर बूढ़ी गंडक नदी में तैरते शव पर पड़ी। किसानों ने इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी। इसके बाद ग्रामीणों ने नावकोठी थाने को घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मो फिरदौस पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और नदी किनारे पानी में पड़े शव को बाहर निकलवाया। प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा था कि महिला का शव नदी की तेज धारा में बहकर वहां पहुंचा है। महिला की उम्र करीब 30 से 32 वर्ष बताई जा रही है।

## अपहृत महिला बरामद

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भगवानपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहरण के एक मामले में अपहृता को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भगवानपुर थाना में दर्ज कांड संख्या 226/26 के पुलिस ने अपहरण का एक मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा लगातार छापेमारी व तकनीकी अनुसंधान किया जा रहा था। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उक्त अपहृता महिला को भगवानपुर बस स्टैंड चौक के समीप से सकुशल एवं विधिवत बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि बरामद महिला को नियमानुसार मेडिकल जांच व न्यायालय में बयान के लिए ले जाया जा रहा है।

# करंट की चपेट में आने से दो की मौत, सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बरौनी प्रखंड के केसावे पंचायत के सिसवा वार्ड 11 में बिजली के तार की चपेट में आने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान कैलाश मोची (50 वर्ष) और संतोष मोची (25 वर्ष) के रूप में हुई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और 2 घंटे से अधिक समय तक सड़क जाम रहा। सूचना पर मटिहानी विधायक नरेंद्र कुमार उर्फ बोगो सिंह, बीडीओ अनु रंजन कुमार, रिफाइनरी थानाध्यक्ष सुभाष कुमार, सहायक विद्युत अभियंता लक्ष्मी कुमारी, मुखिया गोपाल सिंह और सरपंच मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे।विधायक और प्रशासन के समझाने के बाद जाम हटाया गया। विद्युत विभाग से दोनों परिवारों को 4-4 लाख यानी कुल 8 लाख रुपये मुआवजा दिया गया। प्रखंड प्रशासन से पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये दिए गए।पंचायत से 3 हजार रुपये तत्काल सहायता दिया गया। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना से गांव में मातम पसरा है।

# बाढ़ की तैयारियों का प्रभारी सचिव ने लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**लखीसराय।** बाढ़ की संभावित स्थिति को देखते हुए सोमवार को लखीसराय के प्रभारी सचिव कंवल तनुज ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिले में बाढ़ से निपटने की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सूर्यगढ़ा और सामहो पुल का भ्रमण कर बाढ़ की तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान प्रभारी सचिव ने नदी के जलस्तर, जलजमाव और जनजीवन की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही बाढ़ संभावित क्षेत्रों में नावों की उपलब्धता और आवश्यकता का भी आकलन किया। उन्होंने उपलब्ध नावों की संख्या, उनकी स्थिति तथा जिन क्षेत्रों में नावों की आवश्यकता है, उसके संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। प्रभारी सचिव ने निर्देश दिया कि संवेदनशील और संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में नावों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में कठिनाई न हो। उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखने तथा निचले और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पहले से पूरी रखी जाएं। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, अपर समाहर्ता नीरज कुमार, उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



# डीएमसीएच में गहन चिकित्सा कक्ष व तंत्रिका शल्य कक्ष शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** दरभंगा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अति विशिष्ट चिकित्सा अस्पताल में सोमवार को गहन चिकित्सा कक्ष एवं तंत्रिका शल्य चिकित्सा विभाग के शल्य कक्ष का शुभारंभ हुआ। आयुक्त हिमांशु कुमार राय एवं जिलाधिकारी कौशल कुमार ने फीता काटकर दोनों सुविधाओं की शुरुआत की।

इससे गंभीर सिर की चोट वाले मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उपचार एवं शल्य चिकित्सा की सुविधा मिल सकेगी। इससे मरीजों को इलाज के लिए बाहर भेजने की जरूरत कम होगी। शुभारंभ के दिन ही सड़क दुर्घटना में घायल घनश्यामपुर के नवटोल निवासी लक्ष्मण शर्मा की तंत्रिका शल्य चिकित्सा विभाग में सफल शल्य चिकित्सा की गई। इसके बाद मरीज को गहन चिकित्सा कक्ष में चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया। आयुक्त ने अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा, स्वच्छ पेयजल एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने तथा अनावश्यक रूप से मरीजों को बाहर नहीं भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों के परिजनों की सुविधाओं का भी ध्यान रखने को कहा। अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि हृदय रोग विभाग की हृदय जांच एवं उपचार प्रयोगशाला को शुरू करने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जल्द ही यह सुविधा भी मरीजों के लिए उपलब्ध होगी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. उमेश चंद्र झा, अधीक्षक डॉ. जगदीश चंद्र सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में 12 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए रविवार को जिला अधिवक्ता संघ के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के महासचिव विजयकांत झा ने की। विजयकांत झा और अध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने अधिवक्ताओं से सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि लोक अदालत से सुलहनीय मामलों का त्वरित और सरल निष्पादन संभव है। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजय कुमार, एससी-एसटी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश श्रीराम झा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मुकुंद कुमार और एसीजेएम प्रथम विवेक चंद्र वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि सुलहनीय मामलों में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम है। वे ऐसे मामलों की पहचान कर पक्षकारों को आपसी सहमति के लिए प्रेरित करें। डीएलएसए सचिव सह अवर न्यायाधीश करुणानिधि प्रसाद आर्य ने बताया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत के निर्देश पर कोई योग्य मामला न छूटे, इसके लिए 1 सितंबर से ही प्री-लिटिगेशन और प्री-सिटिंग शुरू है। डीएलएसए के एडीआर भवन में प्रतिदिन विशेष बेंच के जरिए ई-चालान, बैंक ऋण, विद्युत, नापतौल, चेक बाउंस सहित अन्य मामलों का समाधान किया जा रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता राममूर्ति प्रसाद सिंह, गोपाल कुमार, चंद्रभूषण मिश्रा, इंद्रसेन शर्मा, सौरभ कुमार, शैलेश कुमार सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# पंचायत में एक छत के नीचे मिलेंगी सरकारी सुविधाएं

## पंचायत सरकार भवन निर्माण को लेकर 2.26 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी पंचायत के लोगों को अब विभिन्न सरकारी सुविधाओं के लिए अलग-अलग कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। पंचायत में पंचायत सरकार भवन निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। जिला पदाधिकारी, बेगूसराय ने पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए 2 करोड़ 26 लाख 99 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद अब तकनीकी एवं विभागीय प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। जारी आदेश के अनुसार, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल-1, बेगूसराय से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलन के आधार पर योजना को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। योजना का क्रियान्वयन

### प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से ग्रामीणों में उत्साह

निर्धारित प्रावधानों और समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत राज नावकोठी के मुखिया को दी गई है। आदेश में योजना की तकनीकी रूप से स्वीकृत प्राक्कलित राशि का पांच प्रतिशत यानी 11 लाख 34 हजार 950 रुपये मोबिलाइजेशन एडवांस के रूप में उपलब्ध कराने का निर्देश जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बेगूसराय को दिया गया है। साथ ही योजना से संबंधित अभिलेख, विपत्र और उपयोगिता प्रमाण-पत्र समय पर जिला पंचायत कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा गया है। पंचायत सरकार भवन बनने से पंचायत स्तर पर संचालित विभिन्न सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को एक ही परिसर में मिलने की सुविधा विकसित होगी। इससे आम लोगों का समय और श्रम दोनों बचेंगे तथा पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों में भी तेजी आने की उम्मीद है।

जिला पदाधिकारी द्वारा जारी यह आदेश 2 सितंबर 2026 का है। आदेश की प्रतिलिपि नावकोठी पंचायत के मुखिया, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता तथा जिला पंचायत राज पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद ग्रामीणों में भी पंचायत सरकार भवन के निर्माण को लेकर उत्साह है।

# यूजी प्रथम सेमेस्टर में स्पॉट एडमिशन का अंतिम मौका

## 7 से 9 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, कामेश्वर नगर, दरभंगा के स्नातक (यूजी) प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2026-30 में नामांकन के लिए खाली रह गई सीटों पर राजकीय डिग्री कॉलेज, नावकोठी अध्ययन केंद्र अकहा ररिऔना ऑनलाइन स्पॉट एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। विश्वविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को 7 सितंबर से 9 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन स्पॉट एडमिशन के लिए आवेदन करने का अवसर दिया गया है। इसे यूजी प्रथम सेमेस्टर में नामांकन की अंतिम प्रक्रिया बताया गया है। प्राचार्य अंजनी कुमार ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने पूर्व में नामांकन के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक किसी कॉलेज का आवंटन नहीं हुआ है, वे स्पॉट एडमिशन के तहत अधिकतम दो कॉलेजों का विकल्प चुन सकेंगे। ऐसे विद्यार्थियों से दोबारा आवेदन के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। वहीं, जिन विद्यार्थियों ने पूर्व में आवेदन नहीं किया था, वे भी निर्धारित अवधि में ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। ऐसे नए आवेदकों को 700 रुपये शुल्क का भुगतान करना होगा और वे भी अधिकतम दो कॉलेजों का विकल्प दे सकेंगे। कॉलेजों का चयन उपलब्ध रिक्त सीटों एवं विद्यार्थियों की मेरिट के आधार पर किया जाएगा। विश्वविद्यालय के निर्देश के अनुसार पूर्व में आवेदन कर चुके विद्यार्थियों द्वारा चयनित एमजेसी विषय में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। आवेदन करते समय विद्यार्थियों को लिंग, प्राप्तांक, श्रेणी (कैटेगरी) सहित अन्य विवरण सावधानीपूर्वक भरने की सलाह दी गई है। जांच के दौरान गलत अथवा भ्रामक जानकारी पाए जाने पर आवेदन रद्द किया जा सकता है। विश्वविद्यालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि 7 से 9 सितंबर की यह प्रक्रिया यूजी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2026-30 में नामांकन का अंतिम अवसर है। इसके बाद नामांकन के लिए स्पॉट एडमिशन का यह मौका उपलब्ध नहीं होगा। प्राध्यापक डॉक्टर सुमन कुमार ने बताया कि अर्थशास्त्र और अंग्रेजी विषय में ज्यादा संख्या में सीटें खाली हैं। इन दोनों विषयों में छात्र-छात्राओं का नामांकन होने की प्रबल संभावनाएं हैं।

# शैक्षणिक कार्यक्रम में सौ से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय (एलएनएमयू) के विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग की ओर से विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों तथा पीएटी-2023 के 100 से अधिक विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के अकादमिक ज्ञान को समृद्ध करने के साथ उनकी अभिव्यक्ति, चिंतन एवं संवाद क्षमता का विकास करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली के संस्कृत एवं भारतीय अध्ययन विद्यालय के प्रो. आर.एन. झा ने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान-परंपरा, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के व्यापक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डालते हुए उच्च शिक्षा में अंतर्विषयक अध्ययन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। उनका व्याख्यान विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष एवं डीन प्रो. पुनिता झा ने की। उन्होंने कहा कि ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष के अध्ययन से आगे बढ़कर व्यापक बौद्धिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, शोध-अभिरुचि और विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभाग के डॉ. वीरेंद्र मिश्रा, डॉ. शांभवी एवं डॉ. आर्यिका पॉल सहित शिक्षक उपस्थित रहे। संस्कृत एवं भारतीय अध्ययन, दर्शनशास्त्र तथा इतिहास विभाग के विभागाध्यक्षों की सहभागिता से कार्यक्रम को बहुविषयक स्वरूप मिला। अंग्रेजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं डीन प्रो. अशोक कुमार बच्चन की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम के अंत में प्रो. पुनिता झा ने मुख्य वक्ता, पूर्व अध्यक्ष एवं डीन, सभी विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन ज्ञानवर्धक एवं अकादमिक वातावरण में हुआ।



## नाबालिग के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार

**मनीगाछी (दरभंगा) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में पुलिस ने एक नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित मधुबनी जिले के सकरी थाना क्षेत्र के विक्रम बलिया निवासी अवधेश दास का पुत्र अमरनाथ दास है। उसे गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मनीगाछी थाना में कांड संख्या 236/26 दर्ज किया गया है।

# सलुपरा मोड़ के समीप तीखा मोड़ दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या है। बता दें कि इन दिनों सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो दे रहे हैं। दुर्घटना के पीछे कई कारण हैं, जिसमें एक प्रमुख कारण सड़कों पर बने तीखा मोड़ है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। कई तीखे मोड़ तो ऐसे हैं जिनका अपना अलग इतिहास है और वे लोगों के बीच डेंजर जोन के नाम से जाने जाते हैं। शहरी सड़क पर गौर करने के बाद ग्रामीण सड़कों का हाल देखें तो तीखा मोड़ के साथ-साथ स्पीड ब्रेकर भी समस्या बन सामने खड़ी है। अक्सर स्पीड ब्रेकर के कारण इन ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है। नतीजा होता है कि दो पहिया सवार तो इन तीखे मोड़ का निशाना बन ही जाता है। जिले में ऐसे तीखे मोड़ हैं जहां अक्सर दुर्घटनाएं घट जा रही हैं। कासमा जाने वाली पथ में बलार मोड़ के समीप ऐसे तीखे मोड़ हैं जो अक्सर हादसे को निमंत्रण देते हैं और वहां हादसा होने की संभावना बनी है। इसके आगे एक पुल है। पुल के पास रात्रि में अंधेरा पसरा रहता है। रात्रि के अंधेरे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक को काफी परेशानी होती है। रात्रि के अंधेरे में वाहन पलटकर नदी में गिर जाए कहा नहीं जा सकता है। बता दें कि पुल का निर्माण वर्षो पहले सिचाई विभाग द्बारा कराया गया था। पुल पर रेलिंग का भी निर्माण कराया गया था जो अब टूट गया है। रेलिंग के टूटने से भी राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। बेरी के मुन्ना सिंह सहित ने बताया कि पुल पर रेलिंग कराने की आवश्यकता है।

# एनटीपीसी में अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव (भागलपुर)।** एनटीपीसी के कहलगांव विद्युत परियोजना में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वायु के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पर्यावरण-हितैषी पहल के तहत परिसर में कुल 50 नए पौधे रोपे गए। इस अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पटना के क्षेत्रीय अधिकारी एस.एन. ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।उनके साथ एनटीपीसी कहलगांव के परियोजना प्रमुख रविन्द्र शर्मा और संस्थान के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। जिन्होंने श्रमदान कर इस अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वच्छ वायु और हरित पर्यावरण के गंभीर होते महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराई। यह आयोजन सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने और भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और स्वास्थ्यवर्धक भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एनटीपीसी कहलगांव की निरंतर कोशिशों को रेखांकित करता है।

CMYK

# अधिक वर्षा व जल-जमाव से 4019 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र प्रभावित

**वबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अत्यधिक वर्षा एवं जलजमाव की स्थिति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न अंचलों में जलजमाव की वर्तमान स्थिति, जल निकासी, कृषि क्षेत्र पर प्रभाव, सड़क एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं की स्थिति तथा राहत एवं बचाव कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि 7 सितंबर तक जिले में कुल 835.5 मिमी वर्षापात दर्ज किया गया है जबकि सामान्य वर्षापात 873.7 मिमी है। विशेष रूप से सितंबर माह में 7 सितंबर तक सामान्य 49.5 मिमी के विरुद्ध 147.0 मिमी वर्षापात दर्ज किया गया है जो सामान्य से 196.97 प्रतिशत अधिक है। सोन नदी के जलस्तर की भी समीक्षा की गई। सात सितंबर को प्रातः 07:00 बजे सोन नदी का जलस्तर 339.50 फीट तथा जल डिस्चार्ज 1,48,943 क्यूसेक दर्ज किया गया जबकि वर्तमान में 41 गेट खुले होने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जलजमाव उत्पन्न होने के वास्तविक कारणों का विश्लेषण करें। साथ ही तत्काल किए जाने वाले उपायों के लिए अल्पकालिक कार्य योजना तथा भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए दीर्घकालिक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों अथवा संबंधित पक्षों की लापरवाही अथवा अन्य कारणों से जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हुई है उन्हें शोकॉज नोटिस जारी करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज द्वारा बताया गया कि अत्यधिक वर्षा एवं जलजमाव के कारण जिले में कुल 4,019.50 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक वर्षा से प्रभावित परिवारों को तात्कालिक राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में कुल 212 पॉलीथिन शीट वितरित की गई है।

## कार से 230 लीटर महुआ शराब जब्त, चालक गिरफ्तार

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** शराब मुक्त अभियान के तहत मदनपुर पुलिस द्वारा एनएच-19 पर घोरहत मोड़ के समीप एक बैंगनआर कार से 243 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। जानकारी के अनुसार आमस थाना क्षेत्र से एक बैंगनआर कार पुलिस को देख तेज गति से भागने लगा। उसका पीछा कर घोरहत मोड़ के पास चालक ने कार को खड़ी कर भागने का प्रयास किया तबतक पुलिस ने पकड़ लिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि चालक की पहचान गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के मंझला टोला बेला बिगहा निवासी आदित्य कुमार वर्मा के रुप में की गई है। कार को जब्त करते हुए मद्यनिषेध अधिनियम के तहत कागजी प्रक्रिया पूरी कर चालक को जेल भेज दिया गया है।

# अपहरण मामले में फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अपहरण मामले में फरार एक अभियुक्त को देवजरा थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। यह बीते तीन माह से फरार चल रहा था। इसी क्रम में सोमवार की शाम पकड़ा गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान कैमूर जिले के रामगढ़ निवासी रोहित गुप्ता उर्फ रोहित कुमार गुप्ता (26) के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष कुशो कुमार ने बताया कि 13 जून की सुबह सूचना मिली कि देवजरा-देव रोड में ग्राम बिजहर स्थित बिजली ऑफिस के सामने एक कार पर सवार पांच युवकों के द्वारा एक युवक के साथ अवैध हथियार के दम पर मारपीट कर उसे अपहरण कर ले जाया जा रहा है। सूचना के आलोक में वरीय पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुफस्सिल थाना अंतर्गत वाहन जांच शुरू किया गया। इसी क्रम में एनएच-19 पर पुलिस को देख एक कार तेज़ी से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर कार को पकड़ लिया। इसके बाद अपहृत युवक को मुक्त कराने के साथ मामले में रामगढ़ के रहने वाले पांच युवकों मनीष कुमार, सतीश कुमार, नीतीश कुमार, रोहित गुप्ता एवं कार चालक रोहितकांत तिवारी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने अन्य साथियों के नाम का खुलासा किया था जिसमें रोहित गुप्ता उर्फ रोहित कुमार गुप्ता फरार चल रहा था। इसके खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया। इसी क्रम में सोमवार की शाम यह पकड़ा गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। शेष अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

# कोयला लदे पांच हाइवा जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार-झारखंड की सीमा पर अंबा और कुटुंबा थाना क्षेत्र में कोयला का अवैध कारोबार होने का मामला सामने आया है। कोयला माफिया की ओर से बॉर्डर क्षेत्र में कथित रूप से अवैध डिपो संचालित किए जाने की सूचना के बाद खनन विभाग ने कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने बीती रात अंबा थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाकर अवैध कोयला लदे पांच हाइवा को जब्त किया है। बताया जा रहा है कि झारखंड के विभिन्न इलाकों से कोयला लाकर सीमा के आसपास संचालित डिपो में रखा जाता है। लंबे समय से इस तरह के कारोबार की शिकायतें विभाग को मिल रही थीं। खनन विभाग को सूचना मिली थी कि अवैध तरीके से कोयला लोड कर वाहनों के माध्यम से दूसरे स्थानों पर भेजा जा रहा है। सूचना के आधार पर खान निरीक्षक राजू कुमार के नेतृत्व में टीम ने अंबा में वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कोयला लदे पांच हाइवा को रोककर जांच की गई। वाहन चालकों से कोयले से संबंधित खनन विभाग के वैध कागजात और परिवहन से जुड़े दस्तावेज मांगे गए। जांच के दौरान चालक आवश्यक वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पांचों हाइवा को जब्त कर अंबा थाना पुलिस को सौंप दिया। अंबा थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि अवैध कोयला लदे पांच हाइवा जब्त किए गए हैं। खनन विभाग द्वारा निर्धारित जुर्माना वसूलने के बाद नियमानुसार वाहनों को छोड़ा जा सकता है। जुर्माना जमा नहीं करने की स्थिति में खनन अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक से विधायक प्रमोद सिंह ने की मुलाकात

**नवीनगर में निर्माणाधीन नए प्लांट की प्रगति का लिया जायजा, रफीगंज क्षेत्र के विकास पर हुई चर्चा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास के मुद्दों को लेकर क्षेत्रीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक एलके बेहेरा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नवीनगर क्षेत्र में निर्माणाधीन नए प्लांट का अवलोकन किया तथा परियोजना के कार्यों की प्रगति, स्थानीय स्तर पर होने वाले विकास और क्षेत्रवासियों से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी ली। इस दौरान रफीगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से एनटीपीसी के सीएसआर कोष के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, आधारभूत संरचना और जनहित से जुड़े विकास कार्यों को गति देने के विषय पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान परियोजना से प्रभावित स्थानीय ग्रामीणों और विस्थापित परिवारों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने तथा परियोजना से जुड़े विकास कार्यों को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाने पर भी बातचीत हुई। विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि मुलाकात का मुख्य उद्देश्य रफीगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास की संभावनाओं को और मजबूत करना तथा एनटीपीसी के माध्यम से जनहित के कार्यों को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाना है। क्षेत्र के विकास और जनता के हित से जुड़े प्रत्येक विषय को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नवीनगर परियोजना के साथ स्थानीय क्षेत्र के विकास को जोड़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल और आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में बेहतर कार्य कराया जा सकता है।

# मकान व कृषि योग्य भूमि से बेदखल करने की आशंका, सुरक्षा की गुहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मगधांचल समग्र विकास समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजवादी नेता ओबरा थाना क्षेत्र के सदीपुर डिहरी निवासी डॉ. संजय रघुवर ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को ज्ञापन भेजकर मकान एवं कृषि योग्य भूमि से बेदखल किए जाने की आशंका जताते हुए जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगायी है। ज्ञापन जिलाधिकारी, औरंगाबाद के माध्यम से भेजी गयी है। इसमें डॉ. रघुवर ने आरोप लगाया है कि उनकी तथा उनके भाइयों की संपत्ति पर कुछ लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कृषि योग्य भूमि पर पूर्व की भांति इस वर्ष भी खेती का कार्य कराया गया लेकिन मजदूरों को धमकी दिए जाने की बात सामने आई है। ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ लोग गांव में आकर जमीन को किसी दबंग व्यक्ति द्वारा खरीदे जाने की बात कहकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले एक सप्ताह से उनके घर के आसपास अनजान लोगों की आवाजाही बढ़ गई है जिससे परिवार के सदस्यों में दहशत है। डॉ. रघुवर ने पूरे मामले की जांच कर निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस महानिरीक्षक, मगध रेंज, गया को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है।

# माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, जिला शाखा औरंगाबाद की महत्वपूर्ण बैठक संगठन भवन में जिलाध्यक्ष सारंगधर सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2021 से 2025 तक चलाए गए सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे अध्यक्ष एवं सचिवों ने अपने-अपने प्रखंडों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला सचिव अमिताभ रंजन ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य शिक्षकों को जोड़ना है। उन्होंने बीपीएससी से नवनियुक्त शिक्षकों एवं चयनित प्रधानाध्यापकों की समस्याओं पर चर्चा की। राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र कुमार ने समस्याओं के तकनीकी पहलुओं की जानकारी देते हुए संघ के स्तर से समाधान के लिए पहल करने का आश्वासन दिया। बैठक में सातवें वेतन आयोग के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि इस संबंध में पत्र के माध्यम से राज्य संघ को अवगत कराया जाएगा। बैठक में हजारी सिंह मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, राजेश कुमार पंकज, रोहित कुमार, रजनीश कुमार, माधवेन्द्र कुमार, मोहन कुमार सिंह, आलोक नाथ सिंह, दामोदर प्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ सिंह, दीपक कुमार, तारकेश कुमार, प्रशांत कुमार, सतीश कुमार पाल, रघुनाथ कुमार दुबे, नरेन्द्र प्रसाद सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

# विशेष अभियान के तहत 47 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने रविवार की रात सघन अभियान चलाया। इस क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से 47 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 34 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के अनुसार हत्या के प्रयास में सात, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 21 तथा अन्य मामलों में 19 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वहीं 383.20 लीटर देसी शराब, 27.125 लीटर विदेशी शराब, दो कार, एक ट्रक, एक ऑटो, एक बाइक, एक 800 सीएफटी कोयला एवं 70 किलोग्राम महुआ फूल जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1025 वाहनों से 57500 रूपये की वसूली की गई। इसके अलावा छह वारंटों का निष्पादन किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ-साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दे ताकि समय के साथ कार्रवाई की जा सके।

# चयनित मॉडल स्कूल में छात्राओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह द्वारा सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित अनुग्रह कन्या उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस विद्यालय का चयन मॉडल स्कूल के रूप में किया गया है। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने विद्यालय की छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति, अध्ययन-अध्यापन की स्थिति तथा भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान छात्राओं से कौशल विकास (कौशल विकास) के संबंध में भी चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने छात्राओं को नियमित अध्ययन के साथ-साथ विभिन्न कौशलों के विकास पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित पदाधिकारियों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने कहा कि मॉडल स्कूल के रूप में चयनित विद्यालय में छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि छात्राएं भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकें। इस निरीक्षण के क्रम में डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार उपस्थित थे।

# जनता की हर शिकायत को गंभीरता से लें : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान के तहत जनता दरबार लगाकर लोगों की फरियाद सुनी। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 39 आगंतुकों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। जमीन विवाद, पारिवारिक झगड़े, मारपीट, धोखाधड़ी, लंबित कांड, थाना स्तर पर कार्रवाई में देरी सहित कई तरह की शिकायतें सामने आयी। जनता दरबार के दौरान पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने प्रत्येक फरियादी की बातों को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से थानों का चक्कर न लगाना पड़े। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान का उद्देश्य आम लोगों के जीवन को सरल बनाना है ताकि वे अपनी शिकायतें सीधे वरीय अधिकारियों तक पहुंचा सके। जनता दरबार के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत होता है। उन्होंने पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जनता से संवेदनशील व्यवहार रखें और हर शिकायत को गंभीरता से लें। जनता दरबार में कई मामलों में मौके पर ही समाधान का रास्ता निकाला गया। वहीं कुछ मामलों में संबंधित थानों को निश्चित समय-सीमा के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया। फरियादियों ने पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यक्तिगत रूप से उनकी बात सुनने और कार्रवाई का भरोसा देने पर संतोष जताया। जनता दरबार के सफल आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि औरंगाबाद पुलिस प्रशासन आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है और पारदर्शी व जवाबदेह व्यवस्था को प्राथमिकता दे रहा है।

## परिवादों के निष्पादन की करें नियमित समीक्षा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।

## हत्या मामले में पिता दोषी करार, साक्ष्य के अभाव में पुत्र दोषमुक्त

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने सलैया थाना में दर्ज एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एक अभियुक्त को हत्या के जुर्म में दोषी करार दिया है। लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि रफीगंज थाना क्षेत्र के जाखिम अंतर्गत सलेमपुर टोले, पांचू बिगहा के प्राथमिक अभियुक्त सुरेन्द्र मेहता को भादंवि धारा -302/34 में दोषी ठहराया है जबकि एक अन्य अभियुक्त सुर्यकांत महतो को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया है। सज़ा की बिंदु पर सुनवाई की तिथि 17 सितंबर को निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता ने बताया कि मदनपुर थाना क्षेत्र के भगवान बिगहा निवासी प्राथमिकी सूचक महेन्द्र महतो ने 7 नवंबर 2009 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि ज़मीन विवाद में उनके मामा राजाराम महतो की हत्या सुरेन्द्र मेहता और उसके पुत्र सूर्यकांत मेहता तथा पत्नी श्रीकांति देवी ने मिलकर की है। उनके मामा के जमीन को सुरेन्द्र ने जबरदस्ती अपनी पत्नी के नाम से लिखवा दिया और फिर मामा को गायब कर अपने रिश्तेदार छेदी महतो के यहां रखा जहां उनकी शव शीशम के बागीचा से बरामद किया गया। इसके बाद सलैया थाना को सूचना दी गई। तत्पश्चात पोस्टमार्टम कराकर अभियुक्तों के खिलाफ उचित कार्रवाई हेतु आवेदन दिया।

# बिहार ग्रामीण बैंक ने निकाला जागरूकता रथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आमजन को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा जागरूकता रथ निकाला गया। जागरूकता रथ को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने कहा कि लोक अदालत आमजन को त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि बैंक ऋण, बकाया राशि एवं अन्य योग्य बैंक संबंधी मामलों में संबंधित पक्षकार लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से समाधान प्राप्त कर सकते हैं। बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा जागरूकता रथ निकाला जाना इस दिशा में एक सराहनीय पहल है जिससे विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बैंक उपभोक्ताओं को लोक अदालत के लाभों की जानकारी प्राप्त होगी। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ सचिव जगनारायण सिंह एवं बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक रवि रंजन सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।




# जमीन अधिग्रहण के लंबित मामलों का करें शीघ्र निष्पादन : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में विभिन्न महत्वपूर्ण विकासात्मक परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में संबंधित अंचल अधिकारियों एवं विभागीय पदाधिकारियों द्वारा परियोजनावार भूमि अधिग्रहण, मुआवजा भुगतान, लंबित मामलों तथा अद्यतन प्रगति की जानकारी जिला पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान राष्ट्रीय उच्च पथ-139 के दाउदनगर बाईपास, भारतमाला परियोजना अंतर्गत वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे, एसएच-101 अंबा-देव-मदनपुर पथ, सोननगर बाईपास रेलवे लाइन, सोननगर से पतरातू खंड में तीसरी रेलवे लाइन, डीएफसीसीआईएल के संरक्षण में समपार फाटक के स्थान पर रोड अंडर ब्रिज, अनुग्रह नारायण से औरंगाबाद टर्मिनल, देव रिंग रोड, रफीगंज बाईपास, गया-औरंगाबाद मार्ग के चौड़ीकरण तथा एनकेसीडी परियोजना से संबंधित भूमि अधिग्रहण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। राष्ट्रीय उच्च पथ सं.-139 में दाउदनगर बाईपास निर्माण परियोजना, जिसकी कुल लंबाई 8.265 कि.मी. है, के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। परियोजना के अंतर्गत कुल 08 मौजा यथा महावर, सिपहा, पिलछी, अकोढ़ा, तरार, अमीना, तरारी एवं नीमा में कुल 29.58213 हेक्टेयर भूमि निहित है। परियोजना से संबंधित एलएपी -3ए का प्रकाशन 13 अगस्त 2026 को किया जा चुका है। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने जेएमएस प्रतिवेदन शीघ्र प्राप्त करने तथा भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित प्रक्रियाओं का नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समीक्षा के क्रम में लंबित मुआवजा भुगतान, रैयतों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने, नोटिस निर्गत करने, न्यायालय एवं मध्यस्थता से संबंधित मामलों तथा भूमि हस्तांतरण की प्रक्रियाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को परियोजनावार लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि विकासात्मक एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलों में रैयतों को देय मुआवजा राशि के भुगतान तथा लंबित प्रक्रियाओं का नियमानुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269